CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 18 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई 22 सितम्बर को
पेज 2



महिला वनडे विश्वकप: पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि
खेल टाइम्स



जल प्रलय के संदेश
सम्पादकीय



कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत
पेज़ 12

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही

## गांव के गांव बर्बाद, 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

काबुल, वार्ता

**पूर्वी अफगानिस्तान** में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है। 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा।



### मोदी ने जान-माल के नुकसान पर शोक किया व्यक्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

### भारत ने अफगानिस्तान में एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुंचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। डा. जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार को अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत ने आज काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाए हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार (आज) से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है।

## 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने बताया कि हमारे परिवार के घनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इन्कार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ अभय चौटाला के फॉर्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं।

## सकल GST राजस्व अगस्त में 6.5 % की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सकल वसूली अगस्त 2025 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल अगस्त में सकल जीएसटी प्राप्ति 1,74,962 करोड़ रुपये थी। रिफंड के बाद जीएसटी से शुद्ध प्राप्ति अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी की सकल वसूली 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,36,962 करोड़ रुपये रही। इसमें केंद्रीय जीएसटी का योगदान 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और आईजीएसटी का योगदान 48,639 करोड़ रुपये रहा।

## MBBS, BDS में दाखिला संबंधी तेलंगाना के नियम पर सुप्रीम मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौवीं से 12वीं कक्षा तक तेलंगाना में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले से संबंधित राज्य सरकार के मूल निवास संबंधी आरक्षण का लाभ देने वाले राज्य सरकार के नियम को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को तेलंगाना सरकार की अपील स्वीकार कर ली। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल इस नियम को मनमाना करार दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि मूल निवास संबंधी नियम कुछ वर्षों के लिए राज्य से बाहर गए स्थायी निवासियों के बच्चों को दाखिले से वंचित कर देगा।

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा पांच सितम्बर तक स्थगित

## हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान
- शिमला में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में रविवार शाम को सड़क पर विशाल पेड़ गिर गया। वहां कई लोग और गाड़ियां खड़ी थीं। हालांकि, किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। उत्तराखंड में सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद वाहन फंसे हुए हैं। एसडीआरएफ टीम राहत कार्य में जुटी है।

# SCO ने की आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी घोषणा

## भारत की पहल पर एससीओ देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**तियांजिन / नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल लोगों, इसकी साजिश करने वालों और इसका प्रायोजन करने वालों को कानून के हवाले किए जाने पर बल दिया है।

एससीओ की तियांजिन में आयोजित 25वीं शिखर बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों में आतंकवाद को लेकर एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। एससीओ के सदस्यों ने आतंकवाद की, उसके हर रूप और हर तरीके की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इस विषय में भारत की पहल को स्वीकार करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया है, जिसमें सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान भी शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में कहा था कि आतंकवाद कहीं भी हो, किसी भी रूप में हो, उसका कड़ाई से मुकाबला -**शेष पृष्ठ दो पर**



### पुतिन ने यूक्रेन संकट समाधान में भारत के प्रयासों को सराहा

**तियांजिन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संकट में मध्यस्थता के लिए भारत और चीन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी पहल ने चल रही शांति वार्ताओं को और मूल्यवान बनाया है। श्री पुतिन ने यह बात कही।

### आतंकवाद साझा चुनौती, इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं : मोदी

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को विकास की राह में बड़ी बाधा करार देते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों को इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड छोड़कर मानवता के खिलाफ इस साझा चुनौती का एकजुट होकर विरोध करने के अपने दायित्व को निभाना होगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार होते हैं लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां हैं।

# एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम ला रहे, मोदी जी मुंह नहीं दिखा सकेंगे: राहुल

पटना, वार्ता

**राहुल गांधी** ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की।

हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डाटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। बिहार के युवाओं को मैं कहना चाहता हूं, वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडानी- अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए।




# अल्पसंख्यक स्कूलों को RTE छूट वाले फैसले पर SC संशय में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2014 के प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले के उस फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिसमें कहा गया था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने वाले कानून (आरटीई एक्ट, 2009) से छूट है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस आगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि उन्हें इस फैसले की सही होने पर संदेह है और उन्होंने यह मुद्दा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के पास भेज दिया है। आरटीई एक्ट के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कानून में प्रावधान है कि निजी स्कूलों को 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्गों और वंचित तबकों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखनी होंगी। लेकिन 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति केस में यह कहा था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को इस प्रावधान से छूट दी जाएगी। मौजूदा पीठ ने सवाल उठाया कि क्या यह छूट सही है और क्या इसे दोबारा विचार की जरूरत है। पीठ ने कहा कि अगर आरटीई एक्ट अल्पसंख्यकों के अधिकारों (अनुच्छेद 30) का उल्लंघन करता है, तो प्रमाटी फैसले में यह विचार करना चाहिए था कि धारा 12(1)(ब) को उस समुदाय के कमजोर तबके के बच्चों तक सीमित कर पढ़ा जा सकता था। अदालत ने कहा कि पूरी तरह छूट देना सही नहीं था।



- सीजेआई के पास भेजा मामला

## इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल विवाद: सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना इथेनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प दिए 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री को उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता अक्षय मल्होत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत की गुहार ठुकरा दी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता फरासत ने नीति आयोग की 2021 की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उस रिपोर्ट में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल मानकों का पालन न करने वाले पुराने वाहनों के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। अधिवक्ता मल्होत्रा की इस याचिका में दावा किया गया था कि यह उन लाखों वाहन मालिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, जिनके वाहन इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने केवल प्रसिद्धि पाने के लिए इस मामले में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस याचिका के पीछे एक बड़ा गुट काम रहा है।

# सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के लिए बढ़ाई समयसीमा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद सम्भल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुकदमे में हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की ओर से दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

# एसडीएम के बैठक में न पहुंचने पर किसान नाराज

## समस्याओं का समाधान न होने पर चार सितंबर से आंदोलन की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं की एक पूर्व नियोजित बैठक आज एसडीएम की अनुपस्थिति में संपन्न न होने पर किसान आक्रोशित हो गए और उन्होंने 4 सितंबर तक सभी समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 22 अगस्त को बाजवा फार्म हाउस बैंकट हॉल बढ़ापुर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें उपजिलाधिकारी ने उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में भाकियू कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम नगीना को एक मांग पत्र दिया गया, किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। उपजिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। साथ ही उन्होंने भाकियू कार्यकर्ताओं को 1 सितंबर को वार्ता हेतु अपने कार्यालय में आमंत्रित किया। एसडीएम द्वारा दी गई तिथि पर आज भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील नगीना पहुंचे। परंतु उपजिलाधिकारी वहां मौजूद नहीं थे। एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा किसानों से वार्ता के लिए पहुंचे लेकिन उन्हें एसडीएम और किसानों के बीच पूर्व में हुई वार्ता के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। एसडीएम के न मिलने व सम्पर्क न हो पाने के कारण भाकियू कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और उन्होंने चार सितंबर तक सभी समस्याओं का समाधान न होने पर 5 सितंबर को अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने की घोषणा की। एसडीएम की अनुपस्थिति में भाकियू कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा को दिया। इस मौके पर भाकियू अरा. जनीतिक के कार्यकर्ताओं में ओम प्रकाश काकरान ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली, तहसील अध्यक्ष नारमेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह, वरिष्ठ किसान नेता चौधरी समर पाल सिंह, बढ़ापुर ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, काजी मसरूर, अनुज, वसीम मालिक सहित कई दर्जन किसान मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. आशीष अहलावत, डॉ. माज शमसी, वन विभाग से धर्मेंद्र कुमार चौधरी, ब्लॉक से एडीओ आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चोरी करने आए चोरों ने महिला पर किया हमला

## पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे चोरों ने आहट होने पर जागी महिला को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

बीती रात्रि लगभग सवा नौ बजे का समय था कि नांगल थानांतर्गत ग्राम चंदोक उर्फ छिंदोक में वीर सिंह के घर में दो चोर दरवाजे के रास्ते से घुस गये। वीर सिंह का पुत्र मोहित उस समय गांव में कहीं गया हुआ था। इसलिए दरवाजा बंद नहीं किया गया था, केवल भिड़ा हुआ था। मोहित की पत्नी नीतिका (24 वर्ष) अपने कमरे में आराम कर रही थी। अचानक उसे पास के कमरे से कुछ आवाज आई। आहट सुनकर वह वहां पहुंची, तो उसने देखा कि दो चोर संदूक खोल रहे थे। अचानक महिला के आ जाने पर चोर बौखला गये और उन्होंने महिला को पकड़कर उसका मुंह दबा लिया। पीड़ित महिला ने बताया कि एक चोर ने उसके ऊपर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उसके सिर, पैर तथा कमर पर रॉड मारी गई। उसकी चीख – पुकार सुनकर घर के दूसरे हिस्से में मौजूद उसके ससुर जब तक आये, चोर दरवाजे से निकलकर भाग गये। पीड़िता ने बताया कि चोरों में एक पुरुष था और एक महिला थी। दोनों ने नकाब लगा रखे थे। उनके पास एक बैग भी था। महिला के गले पर किसी धारदार वस्तु के हमले के निशान लगे हैं। साथ ही गंभीर गुम चोटें आई हैं। महिला को चंदक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पीआरवी तथा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि उन्हें मारपीट की सूचना मिली थी। चोरी के प्रयास की घटना संदिग्ध नजर आ रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### गमजदा परिवार को बंधाया ढाढस



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम नंगली पथवारी निवासी सपा के विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरिसी की पोती अलीना परवीन की तेज बुखार की वजह से मौत हो गई थी। मौत की खबर सुनकर अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पहुंचे इमरान भैया ने परिवार वालों से मुलाकात कर दुख जाहिर कर उनके दुख दर्द में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अलीना की बुखार की वजह से मौत हुई। इस बात का बड़ा दुख हुआ है। इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ में खड़ा हूं। इमरान भैया ने कहा कि ऊपर वाले को यही मंजूर था। बस ऊपर वाला परिवार को सब्र दे। उन्होंने ग्राम वालों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। ग्राम वालों ने उनकी निधी से हुए विकास कार्यों की तारीफ की। अगली बार भी जिला पंचायत सदस्य बनाने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर मौहम्मद उस्मान विधानसभा अध्यक्ष, नसीम अहमद इदरिसी, जाहिद मलिक, शहबाज मलिक, शाहवेज अहमद, वीर सिंह प्रधान, नाजिम अहमद, हुजैफा फारूकी, अनीस अहमद सिद्दीकी आदि लोग मौजूद थे।

### 'राधा अष्टमी' का पर्व मनाया



**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर के पास गणेश महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं द्वारा 'राधा अष्टमी' का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान गणेश व श्रीजी की पूजा अर्चना एवं आरती उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं और बच्चों ने भगवान राधा – कृष्ण व अन्य देवी – देवताओं की बहुत ही सुंदर एवं मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की। जिसमें श्रद्धालुओं ने नाचते गाते भगवान गणेश व राधा कृष्ण के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मनीत सिंह, वंश छाबड़ा, हिमांशु पाल, आदि जैन, कोमल उर्फ पाठा, शिवा पाल, गौरव पाल, हर्षी पाल, रुद्राक्ष गौड़, नितिन पाल, अजीत सिंह, मयंक, शुभ पाल, देव तोमर, वासु आदि रहे।

### उत्तम सत्य धर्म पर प्रकाश डाला



**नहटौर।** जैन समाज के तत्वाधान में दशलक्षण पर्व के चलते पांचवे दिन बहन आर्यिका निसर्ग माता जी ने उत्तम सत्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। क्रोध, लोभ, भय और हँसी-मजाक आदि के कारण ही झूठ बोला जाता है। जहाँ न झूठ बोला जाता है, न ही झूठा व्यवहार किया जाता है वही लोकहित का साधक सत्यधर्म होता है। हमें कठोर, कर्कश, मर्मभेदी वचनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जब भी बोलें हित मित प्रिय वचनों का प्रयोग अपने व्यवहार में लाना चाहिए तथा कहा भी गया है- ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय। औरन को शीतल करे, आपहुँ शीतल होय। कठोर वचन सत्य की श्रेणी में नहीं आते। सत्य का संबंध तो अहिंसा से है। नीतिकारों ने कहा है कि सत्य गले का आभूषण है, सत्य से वाणी पवित्र होती है जैसे स्नान करने से शरीर निर्मल हो जाता है। प्रबंधक राजीव जैन, जैन महासंघ अध्यक्ष ऋषभ जैन, सत्य जैन, नितिन जैन, अजय जैन, शब्द जैन, शरद जैन, विनय कुमार जैन, पुनीत जैन, विवेक जैन, हर्ष जैन, निकुंज जैन, अभिषेक जैन, दीपा जैन, गुंजन जैन, हिमानी जैन, रीता जैन, अलका जैन, प्रिया जैन, कामनी जैन, नेहा जैन, रिया जैन आदि ने भाग लिया।

### चामुंडा देवी के प्राचीन स्थल पर यज्ञ

**शेरकोट।** गांव उमरपुर आशा में चामुंडा देवी के प्राचीन स्थल पर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति चढ़ाकर गांव और क्षेत्र की कुशलता की कामना की। यज्ञ में आलोक कुमार, भूपेंद्र सिंह, उज्जवल कुमार, उमेश कुमार, सौरभ कुमार, ओम दत्त और रचित कुमार मुख्य यजमान रहे। आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक,पंडित शिवम कौशिक और पंडित भास्कर कौशिक ने विधिवत पूजन कर यज्ञ सम्पन्न कराया। इस मौके पर अध्यक्ष राकेश कुमार चौहान, सुखबीर सिंह, विनोद कुमार, सुरेश कुमार, दिग्विजय सिंह, उदल सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। यज्ञ के बाद हलवे का प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता श्री चामुंडा देवी जी की कृपा की कामना की।

# हरचंदपुर की ताइक्वांडो टीम ने लहराया परचम



**नांगल सोती।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर की ताइक्वांडो टीम ने जेएमएस कप 38 वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 4 गोल्ड, 8 सिल्वर और 5 कांस्य पदक के साथ अपना परचम लहराया। चैंपियनशिप जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देहरादून द्वारा आयोजित कि गयी। प्रतियोगिता में स्कूल से 4 गोल्ड मैडल क्रमश: अक्षिता, कनिष्का, यश चौधरी और मसूद रहे। 08 सिल्वर मैडल में क्रमश: सुहैल, कैफ, अभय प्रताप, लक्ष्य, युगान्त, मितुल, अबुजर, और वैष्णवी रहे। 5 ब्रोंज मैडल में गुंजन, शाश्वत, ऋषभ, अंश और देव पाल रहे। स्कूल एम.डी. डालचंद पाल और ताइक्वांडो कोच बृजेश कुमार कि देखरेख में सभी बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। सभी विजेता खिलाड़ियों को जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल देहरादून द्वारा ट्रॉफी और मैडल देकर सम्मानित किया। वहां पर उपस्थित सभी के द्वारा स्कूल और सभी खिलाड़ियों को बहुत सराहा गया।

# बारिश में भरभरा कर गिरा मकान

## दब गया घर का सारा सामान भारी नुकसान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नगीना के मौहल्ला साहूवान में एक दर्दनाक हादसा हो गया। भारी बारिश के चलते एक मकान भर भराकर गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घर में रखा सारा सामान मलबे के नीचे दब गया। जिससे परिवार को काफी नुकसान हुआ है।

नगीना के मौहल्ला साहूवान में जैन मंदिर के पास पुराना मकान था, जिसकी हालत बड़ी दयनीय थी। मकान स्वामी की माली हालत सही नहीं थी। जिसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में भी नाम दिया था, जो कि अभी तक नहीं आ पाया। पैसा न होने के कारण वह उसको बनवा भी नहीं पा रहे थे। इस वर्ष भी भारी बारिश के कारण वह मकान गिर गया। जिससे मकान मालिक को भारी नुकसान हुआ।

गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन घर में रखा सामान मलबे के नीचे दब गया। परिवार को इस हादसे से काफी नुकसान हुआ है और अब उनके सामने रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय प्रशासन को ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और प्रभावित परिवार की मदद करनी चाहिए। प्रशासन को मकान की मरम्मत या पुनर्निर्माण में मदद करनी चाहिए और परिवार को राहत प्रदान करनी चाहिए। इस हादसे से यह स्पष्ट होता है कि भारी बारिश के दौरान जर्जर मकानों का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय प्रशासन और लोगों को ऐसे मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए और जर्जर मकानों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित बनाने के प्रयास करने चाहिए।

# दबंगों ने बाग में खड़ी सैकड़ों पेड़ों की बेलें काटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** बढ़ापुर क्षेत्र में दबंगई और गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। कस्बा बढ़ापुर के मोहल्ला झोझियान निवासी सुहाना पत्नी जाकिर ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात करीब 10 बजे मौहल्ले के दबंगों ने उनके बाग में घुसकर बेलें काट डालीं।



पीड़िता का कहना है कि आरा. पी शकिल लुट्टू पुत्र इमामुद्दीन, जोजी पुत्र जाहिद और अन्य लोगों ने मिलकर उनके 1500 से अधिक असोक और कटहल के पेड़ों की बेलें काट दीं, जिससे लगभग 3 लाख रुपये से अधिक का भारी नुकसान हुआ है।

प्रार्थना पत्र में महिला ने आरोप लगाया है कि उक्त लोग आए दिन उनके बाग में घुसकर गालियां देने और मारपीट की धमकी देते रहते हैं। महिला ने थाना पुलिस से गुहार लगाई है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी सजा दी जाए। पीड़िता ने पुलिस पर प्रार्थना पत्र नहीं लेने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे दबंगों पर लगाम न लगाई गई तो क्षेत्र में माहौल बिगड़ सकता है।

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हनुमान मंदिर से चमरौला तक सड़क निर्माण कार्य शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** नांगल चंदक मार्ग से जुड़े हनुमान मंदिर से चमरौला तक मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मार्ग बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में अब तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

मायापुरी हनुमान मंदिर से चमरौला तक लगभग दो किलोमीटर मार्ग से मायापुरी, ढोला, पुरी, चमरोला गांव जुड़े हैं, यह मार्ग जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होकर बड़े-बड़े गढ़ों में तब्दील हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। मार्ग पर नुकीले पत्थर होने से हादसे की आशंका बनी रहती थी। पहले यह मार्ग गन्ना विभाग द्वारा बनाया गया था। पिछले डेढ़ वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर हुआ था। प्रस्ताव भेजने के बाद पीडब्ल्यूडी को मार्ग निर्माण के लिए शासन से स्वकृति मिली थी। रविवार से लोनिवि द्वारा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जेई नीरज कुमार ने बताया की मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।

# उल्टी-दस्त और वायरल फीवर का प्रकोप, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

**बिजनौर।** झालू नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में अचानक उल्टी-दस्त और वायरल फीवर के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। मौसमी बीमारियों की शुरुआत के साथ ही स्थानीय चिकित्सकों के क्लीनिक और अस्पतालों पर मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में आ रही लगातार नमी और खानपान में लापरवाही की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, बाहर का दूषित भोजन न खाने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।



# सोना 1.04 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 2,105 रुपए बढ़कर 1,04,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 5,228 रुपए बढ़कर 1,22,800 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,200 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,8800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही।

# परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अब सुनवाई 22 को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई की तारीख 22 सितंबर को नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश मामले में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध विशेष अपीलों पर दिया है। बीती 24 जुलाई को उच्च न्यायालय ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई स्पष्ट अनियमितताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरक. रार रखने का आदेश दिया था।

## चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताना गलत : कांग्रेस

# पीएम का बयान चीन के सामने झुकने वाला

## जीडीपी के आंकड़े मजबूत होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी



■ भारत लंबे समय से चीन पर आतंक के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की दर का आंकड़ा भले ही मजबूत हो, लेकिन विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों में वृद्धि घट रही है जिससे साफ है कि मजबूत जीडीपी के बावजूद आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को जीडीपी के आंकड़ों पर कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ों को लेकर उत्साह अतार्किक है। जीडीपी के अप्रैल-जून के आंकड़ों में कुछ स्पष्ट विरोधाभास भी हैं, जिन पर एक जाने माने बैंक की रिपोर्ट ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शहरी खपत अब भी काफी कमजोर बनी हुई है, जबकि ग्रामीण खपत संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रही है। जीडीपी की मामूली वृद्धि दर अब भी धीमी है और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में स्पष्ट रूप से कम है। लाभ वृद्धि के विपरीत, विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री की वृद्धि लगातार धीमी हो रही है। सामान्यत: उपभोग, निवेश और व्यापार जीडीपी वृद्धि के मुख्य निर्धारक हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, तिमाही वृद्धि दर का पूरा 1.8 प्रतिशत अंक इन तीनों निर्धारकों से नहीं समझाया जा सकता।

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि चीन ने हमेशा पाक के आतंकवादियों का समर्थन किया है और इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताने वाला बयान अनुचित है।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी ने रविवार को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताया है, यह एक तरह से चीन के सामने झुकने वाला बयान है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंक के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दो. हरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा है कि भारत और चीन, दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने इसे चीन के सामने झुकना बताया और कहा कि अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है।

इससे भी ज्यादा राष्ट्र-विरा. धी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके बयान को बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### एससीओ ने की...

किया जाना चाहिए। एससीओ के देशों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल लोगों के परिजनों के प्रति गहन संवेदना और शोक व्यक्त किया है। एससीओ की तियानजिन घोषणा में कहा गया है कि संगठन के सदस्य देश पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 के आतंकवादी हमले की कठोर भर्त्सना करते हैं। इसमें आगे कहा गया है कि ऐसे हमले करने वालों, इसकी साजिश रचने वालों और इसके प्रायोजकों को निश्चित रूप से कानून के हवाले किया जाना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता को दोहराया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि आतंकवादियों, पृथकतावादियों और अतिवादियों के गिरोहों को भाड़े के टट्टू की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एससीओ ने कहा है कि आतंकवादी और अतिवादी तत्वों के खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में देशों की सरकारों और उनकी एजेंसियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता दी है। संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर सबका साथ आना और उसकी निंदा करना भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी वजह यह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महीने पहले एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने के कारण उन्होंने इस पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया था, लेकिन अब इस संगठन ने भारत के रुख को स्वीकार कर लिया है। यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की बड़ी जीत है। पाकिस्तान और चीन के रहते आतंकवाद को संयुक्त घोषणा पत्र में जिक्र होना और सभी देशों का साथ आना भारत की कूटनीतिक जीत को दिखाता है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलिज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लगातार हो रही बारिश से मांग रहे तौबा

## मूसलाधार बारिश से एक बार फिर खतरा, जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पिछले चौबीस घंटों से जनपद में हो रही मूसलाधार बारिश से नागरिक खौफजदा दिखाई दे रहे है। वह बारिश से तौबा करते हुए इसके रूकने की दुआएं मांग रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वैसे तो जनपद में पिछले तीन दिनों से अलग-अलग जगह बारिश हो रही थी। लेकिन पिछले चौबीस घंटों से जनपद में रूक-रूक कर मूसलाधार बारिश हो रही है। जिससे खेतों में लबालब पानी भर गया है और निचले इलाके के खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। इस बारिश से फसलों को फायदा पहुंचने की जगह उल्टा नुकसान हो रहा है। खेतों से निकल कर पानी बहने लगा है। किसान भी अपने खेतों में से पानी निकाल रहे है।





मूसलाधार बारिश की वजह से नगरों व कस्बों की हालत भी खराब हो गई है। गली-मौहल्लों में पानी भरने लगा है। पूर्व में जब भारी बारिश हुई थी, तो धामपुर एवं नजीबाबाद सहित कई नगरों में पानी घरों व दुकानों में भर गया था। कई दिनों तक नागरिक अपने घरों में कैद रहने को मजबूर हो गए थे। धामपुर-नहटौर, धामपुर-नूरपुर, बिजनौर-मेरठ एवं बिजनौर-कोतवाली देहात मार्ग पर पानी आ जाने की वजह से इन्हें यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। बैराज को तो खराबी आ जाने की वजह से 22 दिनों तक बंद रखा गया। अभी भी बैराज को ट्रकों एवं बसों के लिए नहीं खोला गया है। मालन एवं गागन का तटबंध टूट जाने की वजह से भारी नुकसान हुआ था। इस नुकसान को याद कर नागरिक सहम जाते है। वह डरे हुए है कि कहीं फिर एक बार वैसे ही हालात न बन जाए।

बारिश की वजह से पुरानी एवं जर्जर बिल्डिंगों व भवनों के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। धामपुर में खारी कुआं के पास स्थित एक पुराने मकान की कुछ ईंटें सड़क पर गिर गई, वो तो सौभाग्य से वहां से कोई गुजर नहीं रहा था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। नगीना के मौहल्ला साहुवान में भी एक घर गिर गया। जनपद मुख्यालय पर भी कई पुराने मकान गिरने की कगार पर है।

लगातार बारिश की वजह से छतों से पानी नीचे टपकने लगा है। गरीबों के चूल्हे ठंडे पड़ गए है। मजदूरी न मिलने की वजह से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। बारिश से परेशान नागरिक अब इसके रूकने की दुआएं मांग रहे है। पूर्व के सालों में इतनी बारिश नहीं होती थी। खासतौर पर सितंबर माह की जिस तरह से मूसलाधार बारिश से शुरूआत हुई है और मौसम विभाग भारी बारिश की संभावना जता रहा है, उससे सभी डरे हुए है।

## पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण के लिए चल रहा धरना समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** सरदारपुर छायली मार्ग स्थित पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत चक उदयचंद व सरदारपुर छायली के ग्रामीणों का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना को छठवें दिन भाजपा जिला उपाध्यक्ष के आश्वासन पर समाप्त हो गया है।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली संपर्क मार्ग पर पुल निर्माण की मांग को लेकर सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, बहेड़ी और काशीवाला के ग्रामीणों का पिछले छह दिनों से अनिश्चितकालीन धरने चल रहा था। सोमवार की शाम भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर उनको आश्वासन दिया कि इस बरसात तो आप लोग ऐसी स्थिति से ही गुजरेंगे लेकिन अगली बरसात में आपकों पानी के बीच से नहीं निकलना होगा। धरना स्थल पर बैठे सभी ग्रामीण उनकी बात से सहमत हो गए और धरना समाप्त कर दिया है।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहन, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जयवीर पांचाल, सुरेश चौहान, ठाकुर रामपाल सिंह, डॉ. राजपाल सैनी, चंद्रपाल सिंह, राहुल कश्यप, नितिन प्रजापति, ग्राम नवनीत सैनी, उदयराज सिंह, शाहवेज, पूर्व फतेह सिंह, मूलचंद आदि मौजूद रहे।

# कुरान हिफ्ज करने पर दस्तारबंदी

### दीनी व दुनियावी तालीम पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला लोहारी सराय स्थित हजरत शाह वाली मस्जिद में एक सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चों द्वारा हिफ्ज कुरआन मुकम्मल करने पर सम्मानित किया गया। समारोह का नेतृत्व मुफ्ती मौ. आसिफ इमाम मस्जिद हजरत शाह ने किया। प्रोग्राम की सदारत मुफ्ती उवैस अकरम इमाम व खतीब जामा मस्जिद नगीना ने की और संचालन मुफ्ती सुफियान ने किया।



देवबंद से आए मुफ्ती रिफाकत ने अपने खिताब में कहा कि हमें अपने बच्चों को दुनिया की तालीम और दीनी तालीम इस तरह देनी चाहिए कि वो एक अच्छे शहरी बनें। साथ ही देश की तरक्की के लिए काम कर सकें। अपने दीन पर चलते हुए देश और कौम की तरक्की के लिए काम कर सकें। उन्होंने अपने खिताब में कहा कि जब एक बच्चा हिफ्ज कुरान मुकम्मल करता है तो वह अल्लाह की नजरों में बहुत बड़ा मुकाम पाता है। वह ऐसे 10 लोगों की सिफारिश करने वाला हो जाता है, जिन पर दोजख वाजिब हो जाती है और जब कयामत के दिन वह अल्लाह से उन लोगों की सिफारिश करेंगे जिन लोगों पर दोजख वाजिब हो चुकी थी। अल्लाह ताला उससे खुश होकर उसकी सिफारिश पर उन्हें जन्नत में दाखिल करेंगे। इस मौके पर मुफ्ती उवैस साहब ने कहा कि हमें बच्चों को बढ़िया से बढ़िया तालीम देकर उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

कुरआन हिफ्ज करने वाले बच्चों में मौहम्मद फैज अहमद, रिहान, मौहम्मद सोहेल, मौहम्मद अब्दुल्ला, मोहम्मद हम्माद, मौहम्मद हुजैफा, मौहम्मद सईद, मौहम्मद हमजा, मौहम्मद अयाज, मौहम्मद उमर, मौहम्मद हमजा, मौहम्मद अकरम, मौहम्मद रिहान रहे। इस मौके पर दारुल उलूम देव. बंद वक्फ के उस्ताद मुफ्ती रफाकत साहब और शहर के तमाम ही उलेमाओं ने मिलकर इन बच्चों की दस्तारबंदी की उनको एक शील्ड और एक लिफाफा देकर इनामों से नवाजा। इस प्रोग्राम में जिन बच्चों ने इस साल हिफ्ज ए कुरान मुकम्मल किया उनकी दस्तारबंदी की गई और उनको इनाम और शील्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में 10 उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया जिनके द्वारा गत वर्ष हिफ्ज ए कुरान मदरसा दावत उल कुरान में मुकम्मल किया गया था। इस मौके पर मुफ्ती इलियास, मुफ्ती फुजैल, हाजी तंजील आलम, मुफ्ती उस्मान, मुफ्ती आसिफ, मौलाना मुनीर, मौलाना वारिस, मुफ्ती मुशाहिद, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती फहीम, सिद्दीक मुल्तानी, सखावत मुल्तानी, मौहम्मद नासिर, नफीस अहमद, नसीम अहमद के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### सिख समुदाय में रोष व्याप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा सिख समाज के विरुद्ध टिप्पणी कर भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने को लेकर सिख समुदाय के लोगों ने रोष व्याप्त करते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की।



प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के सिख समुदाय भारी संख्या में लोगों ने थाना पहुंच कर थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी को दी तहरीर में बताया कि हम सभी सिख समाज के लोग है। विदित हो कि इस समय भारी बारिश के कारण भारत के कई राज्यों व इलाकों में भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। इसी तरह से पंजाब राज्य के लगभग 14-15 जिलों में भी भारी बारिश के कारण जान-माल का काफी नुकसान हुआ है और हो रहा है। इस भीषण आपदा में जान-माल, खेत खलियान, घर आदि तबाह और बर्बाद हो गये हैं। काफी संख्या में लोग घर से बेघर हो गये है। हम सिख समाज के लोग हर संभव, सहयोग व मदद हेतु अनाज राशन व अन्य आवश्यक सामग्री आदि पहुंचाने का कार्य कर रहे है, लेकिन इसके विपरीत प्रदीप कुमार पुत्र रामफल सिंह निवासी ग्राम तुरतपुर ने मोबाइल पर हमारे सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंच. ाने व सभ्य समाज में वैमनसय फैलाने के उद्देश्य से एक वीडियो मोबाइल नम्बर 6397349969 से सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। जिससे सिख समाज में भारी रोष व्याप्त है। शन्ति व्यवस्था के मद्देनजर उक्त प्रकरण की गहनता से जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। इस अवसर पर धनजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, अजमेर सिंह, सतनाम सिंह, परविंदर सिंह, अजविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, महेंद्र सिंह, जोगन सिंह, जसपाल सिंह, गुरमुख सिंह, गुरबीर सिंह, मलकीत सिंह, बलविंदर सिंह आदि सिख समाज के लोग मौजूद थे।

## दुष्यंत कुमार को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कोतवाली देहात।** गजलकार दुष्यंत कुमार के जन्मदिवस पर ग्राम शादीपुर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ग्राम शादीपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद ने कहा कि दुष्यंत कुमार ने अपनी कविताओं के माध्यम से आम जनमानस की आवाज को उठाया। दुष्यंत कुमार ने अपनी लेखनी को हथियार बनाया और तत्कालीन व्यवस्था पर जमकर कटाक्ष किए। विशिष्ट अतिथि जिला औषधि निरीक्षक उमेश भारती ने दुष्यंत कुमार को दबे कुचले लोगों की आवाज बताया। मुख्य वक्ता डॉ. पंकज भारद्वाज ने दुष्यंत कुमार के जीवन परिचय और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दुष्यंत कुमार की गजलो, कविताओं तथा उपन्यासों के बारे में विस्तार से बताया। साहित्यकार सुमन चौधरी ने दुष्यंत कुमार की कविताओं का काव्य पाठ किया और उन्होंने दुष्यंत कुमार से जुड़ी कविता मजदूर को सुनाया। कार्यक्रम में दुष्यंत कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नितिन मौर्य तथा संचालन गुलशन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में नायब तहस. ीलदार नजीबाबाद अमित कुमार, थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, डॉ. पंकज राठी, मोनिका कुमारी, अशोक प्रधान, आलोक शर्मा, चेतन गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में साहित्यकार सुशील कुमार त्यागी को दुष्यंत साहित्य सम्मान 11000 रुपए धनराशि, तेजपाल सिंह को दुष्यंत समाजसेवी सम्मान 5100 रुपए धनराशि, करुणा सिंह को दुष्यंत शिक्षक सम्मान धनराशि 5100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। अभिनेता अक्षय चौधरी तथा इतिहासकार इंजीनियर हेमंत कुमार को भी मंच से सम्मानित किया गया।

# सपा में बढ़ती जा रही टिकट के दावेदारों की गिनती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जैसे-जैसे प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे है, ठीस वैसे-वैसे सपा में टिकट के दावेदारों की गिनती बढ़ती जा रही है। हालत यह है कि सपा का टिकट हासिल करने के लिए एक-एक विधानसभा क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार मौजूद है।

मालूम हो कि प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर चल रही है। भले ही योगी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने एवं विकास व रोजगार के मामले में नाकाम रहने की वजह से पुराने धार्मिक एजेंडे को ही धार देने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश में बदलाव की आहट महसूस की जा रही है। सत्ता की राजनीति करने वाले नेता एवं सत्ता का फायदा उठाने वाले अधिकारी भी इस आहट को महसूस कर रहे है। माना जा रहा है पिछड़ा व दलित समाज सपा के साथ जुड़ रहा है। बसपा की कमजोरी एवं सम्मान व सरकारी नौकरियां न मिल पाने की वजह से पिछड़ा व दलित समाज सपा की तरफ जा रहा है। भाजपा सरकार का यह दूसरा कार्यकाल चल रहा है। धार्मिक घुट्टी पिलाने के सिवाए कोई दूसरा काम नहीं हुआ है। शिक्षित युवाओं को न तो सरकारी नौकरियां मिल पाई है और न ही इस समाज के अधिकारियों को अच्छे पदों पर तैनात किया गया। भाजपा सरकार की इन्हीं नाकामियों को उजागर करते हुए पीडीए को पार्टी से जोड़ने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो मुहिम चलाई थी, उसका असर भी साफ-साफ होता दिखाई दे रहा है। पार्टी कुछ



जनप्रतिनिधियों को छोड़ कर सभी नेता व कार्यकर्ता पूरी मेहनत कर रहे है। ऐसे जनप्रतिनिधि जिसका समाज भाजपा व रालोद के साथ जुड़ा हुआ है और ऐसे जनप्रतिनिधि जो यह समझते है कि उनका टिकट नहीं कटेगा व उनका सौ साल का पट्टा लिखा हुआ है, वो ही फील्ड में मेहनत नहीं कर रहे है। बल्कि

### प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की आहट की जा रही महसूस

इन्होंने दूसरी पार्टियों के नेताओं से भी संपर्क बना रखा है। कोई अपने कपड़ों के रंग का हवाला देते हुए भाजपा से नजदीकियां बढ़ा रही है और कोई खुद का पुराना बसपाई बताते हुए मायावती के करीबी नेताओं से दोस्ती निभा रहा है। टिकट कटने की संभावना देखते हुए यह नेता भले ही पार्टी बदल लें, लेकिन एक गया और दस आए वाली कहावत सपा में होती दिख रही है। टिकट के दावेदार सपा की तरफ रूख कर रहे है। इनका मानना है कि प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ सपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनका मानना है कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तरह भाजपा के विरोध में माहौल बना हुआ है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, वैसे-वैसे भाजपा का विरोध तेज होता चला जाएगा। बेरोजगार युवक-युवतियों सहित किसान व मजदूर तबका भी सड़कों पर उतर कर भाजपा का विरोध करेगा।

जनपद में वैसे भी पूर्व से सपा मजबूत स्थिति में रही है और ताजा हालात ने ज्यादा मजबूती दे दी है। मगर इससे ज्यादा उत्साहित न होकर भाजपा की काट के लिए लगातार सक्रिय रहने की जरूरत है। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व भी सपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल था। लेकिन टिकटों का सही वितरण न होने एवं समीकरणों को ध्यान में न रखने की वजह से सपा कई जीतने वाली सीटों पर भी मामूली अंतर से हार गई थी। बूथों पर मेहनत नहीं की गई थी और न ही वोट कटने पर नजर रखी गई थी। इस बार तो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'वोट चोरी' को लेकर जोर-शोर से अभियान चल रहा है। जिसकी वजह से मतदाता भी जागरूक हो गए है और वह आसानी से अपने वोट नहीं कटने देंगे। वोट चोरी का मुद्दा गर्म रखने में भी सपा गठबंधन को फायदा होगा। सपा के नेता भी मान रहे है कि प्रदेश में पार्टी की स्थिति काफी ज्यादा मजबूत हो रही है और इस बार उन्हें स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है।

## एक नजर

### नजीबाबाद में 15 वाहन नीलाम

**बिजनौर।** न्यायालय के आदेश पर नजीबाबाद थाने में आज उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में 15 वाहनों की नीलामी की गई। इन वाहनों की नीलामी के लिए अनुमानित मूल्य 98 हजार रुपए निर्धारित किया गया था। मगर धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी सलीम पुत्र महबूब आलम ने सर्वाधिक बोली 1,18,00 रुपए लगाई। जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस मौके पर नौ बोलीदाता व प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मौजूद थे।

### मंडावली में नितिन गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस ने घर में घुसकर गुण्डागर्दी करते हुए छेड़खानी करने के आरोप में नितिन पुत्र महेश निवासी ग्राम औरंगपुर बसंता उर्फ काठपुर निवासी नितिन पुत्र महेश को गिरफ्तार किया है।

### चांदपुर में अरविंद अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने युवती के अपहरण के मामले में नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दबखेड़ी निवासी अरविंद पुत्र ननवा को गिरफ्तार किया है।

### बिजनौर में रवींद्र अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने आदर्श नगर निवासी रवींद्र पुत्र इंद्रपाल को हथियार के साथ गिरफ्तार करने वाली टीम में छह पुलिसकर्मी शामिल थे।

### चांदपुर में वाहनों की नीलामी

**बिजनौर।** न्यायालय के आदेश पर आज थाना चांदपुर में 11 वाहनों की नीलामी की गई। उपजिलाधिकारी नितिन कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक की मौजूदगी में चांदपुर थाने में आयोजित नीलामी बोली में कुल 21 बोली दाताओं ने हिस्सा लिया। सभी 11 वाहनों का अनुमानित मूल्य 68,600 रुपए निर्धारित था। लेकिन धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर के निवासी शावेज अहमद पुत्र मौहम्मद असलम ने अनुमानित मूल्य से 12,900 रुपए अधिक में नीलामी को अपने नाम करा लिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार ओमकार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार आदि भी मौजूद थे।

### मंडावली में शमीम गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस ने ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव निवासी शमीम पुत्र शरीफ को गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किया है। वादी ने शमीम सहित आठ अभियुक्तों के खिलाफ उसके चाचा व अन्य के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### मंडावर में अफजाल अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में स्थानीय मौहल्ला शाह विलायत निवासी चांद पुत्र बसीउर्ररहमान ने 29 अगस्त को तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा उसकी दुकान से सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने धारा 305 (ए) एवं 331 (4) में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस के द्वारा जब अभियोग की विवेचना की गई, तो अभियुक्त के तौर पर अफजाल कुरैशी पुत्री अशरफ निवासी मौहल्ला मंगल बाजार का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने चोरी किए गए बाइकों के सामान सहित अफजाल कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया है।

### गणेश महोत्सव का शुभारंभ



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हादकपुर में गत वर्षो की भांति भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पुण्य बेला में श्री राधा अष्टमी के दिन भगवान श्री गणेश जी को पंडाल सजाकर विधिवत पूजन के साथ स्थापित कराया गया। श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ विधिवत पूजन कर आरती के बाद प्रसाद वितरित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम के शुभारंभ पर पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने पूजन कराया। सहयोगी पंडित भास्कर कौशिक रहे। मुख्य यजमान की भूमिका में विशाल कुमार त्यागी सपत्नीक रुचि त्यागी, करतार सिंह त्यागी, ऋतिक कुमार त्यागी, यश त्यागी, सतेंद्र रहे। इनके साथ रामनारायण सिंह, बेविस त्यागी, राजीव त्यागी, सिट्टू चौहान, कार्तिक त्यागी सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### खुलेआम चल रहा अवैध खनन

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर कला में अवैध रूप से जेसीबी चलाकर डंपर और ट्रैक्टर ट्रालियों की मदद से मिट्टी का उठान किया जा रहा है। दर्जनों की संख्या में चल रहे ट्रैक्टर ट्रालियों और डंपरों से इस अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट

## बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक राहत पहुंचाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। साथ ही बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए आंकलन करने का निर्देश दिया गया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम उनके आवास स्थित कैंप कार्यालय पर जिले में बाढ़ की स्थिति एवं बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक राहत पहुंचाने के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान-उड़द आदि बीमित फसलों के नुकसान का आंकलन करते हुए उसकी क्षतिपूर्ति के लिए इंश्योरेंस कंपनियों को क्लेम का आवेदन कर कृषकों को क्षतिपूर्ति की धनराशि उपलब्ध कराना सुरक्षित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि बाढ़ से गन्ने की फसलों को हुए नुकसान का आंकलन सुनिश्चित करते हुए कृषकों को इसकी क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में खतरे से ऊपर बहने वाली नदियों का विवरण तथा सभी तटबंधों की अद्यतन स्थिति का विवरण उपलब्ध कराते रहें ताकि उसके अनुसार तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ के कारण जिले के जो भी मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं उनका विवरण प्रस्तुत करें तथा प्राथमिकता के आधार पर क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराएं। उन्होंने बताया कि जिला बिजनौर के सभी तहसील क्षेत्रों में 2450 राशन किटों का वितरण किया जा चुका है। जिनकी संबंधित पोर्टल पर फीडिंग का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मानव व पशुओं की जान हानि, घरों के नुकसान का विवरण भी संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वर्तमान में बाढ़ प्रभावित ग्रामों का विवरण तथा बाढ़ प्रभावित फसलों के सर्वे का विवरण एवं कृषि अनुदान की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया कि जिले के लगभग 200 ग्रामों में फसलें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं, जिनका सर्वे कराया जा रहा है और बाढ़ प्रभावित कृषकों को नियम अनुसार भुगतान की राशि वितरित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि फसल क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, उप निदेशक कृषि तथा जिला कृषि अधिकारी को संयुक्त रूप से फसल क्षतिपूर्ति के आंकलन तथा तद्अनुसार धनराशि भुगतान के वितरण के लिए नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत कार्य के संबंध में और जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 11 मेडिकल कैंप लगातार संचालित हो रहे हैं तथा सभी पीएचसी एवं सीएचसी में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीमार पशुओं के समुचित उपचार/ चिकित्सा के लिए 15 शिविर लगातार रूप से संचालित हैं और जिला प्रशासन द्वारा पशुओं को चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कार्य किया जा रहे हैं ताकि कोई भी पशु चारे से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि बाढ़ एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए एंटी लारवा, फॉगिंग, सैनिटेशन सहित सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए नगर निकाय क्षेत्रों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विनय कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलके अग्रवाल, पूर्ति, वन, स्वास्थ्य कृषि विभाग, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# बागड़पुर में सुनील प्रधान का स्वागत



## संगठन को मजबूत करने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं की बैठक में किसानों की समस्याओं के समाधान कराने एवं संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान का ग्राम बागड़पुर पहुंचने पर फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

स्वागत सम्मान के पश्चात यूनियन अध्यक्ष ने सर्वप्रथम ग्राम बागड़पुर में स्थित बाबा टिकैत की प्रतिमा स्थल पहुंचकर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात ग्राम शेखपुरा मीना में आयोजित बैठक में शामिल हुए। यूनियन के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारी यूनियन समस्त किसान भाइयों के साथ है और साथ रहेगी। हमारी यूनियन समस्त किसानों की अनेक समस्याओं के समाधान के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि हम अपने किसान भाइयों की हर समस्या में समाधान के लिए हर समय खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन एक मजबूत संगठन है।

उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि हम अपने संगठन को मजबूत करने का काम करें।

बैठक मे प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह, मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी, तहसील महासचिव रोहताश प्रधान, आनंद प्रधान, योगेंद्र सिंह, सुधांशु चौधरी, जसवीर सिंह, सक्रिय कार्यकर्त्ता मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि संगठन के लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### निहारी ढाबे का उद्घाटन

**अफजलगढ़।** जसपुर मार्ग स्थित सैफी मार्केट में अल गनी निहारी ढ़ाबा का उद्घाटन हुआ। ढाबा स्वामी नगीना निवासी मौहम्मद अनस व मौहम्मद जुनैद ने बताया कि उनके अल गनी निहारी ढ़ाबा पर नानवेज खाना खाने के शौकीन लोगों को बेहतरीन क्वालिटी व वाजिब दाम पर ग्राहकों को खाना परोसा जाएगा तथा ग्राहकों को तुरंत सर्विस व पाकीजा माहौल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका नगीना में भी अल गनी नहारी ढ़ाबा नाम से होटल है, यह उसी की ब्रांच है। उन्होंने वहां मौजूद सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक



**नजीबाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी जनपद बिजनौर की जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के आदेश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ग्राम तातपुर लालू धनौरा में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव भानु प्रकाश रवि के कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत, सभी कांग्रेसी नगर-नगर, ग्राम-ग्राम व गली-गली में जाकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का कार्य करेंगे तथा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त भी बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मामले में किए गए खुलासे पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वसीम अख्तर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने भारत का संविधान बनाकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है। बाबा साहब द्वारा बनाये गये भारत के संविधान को सत्ता में बैठे लोग कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे देश की संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक भी सिपाही सत्ता में बैठी सरकार के इस कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी कांग्रेसी राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह की अध्यक्षता एवं जसविंदर सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में अभिनव अग्रवाल एड., वसीम अख्तर, भानु प्रकाश रवि, रामकुमार सिंह, सतीश कुमार, प्रशांत कुमार, सलमान, मौहम्मद फैज एड., शारिब अंसारी, मौहम्मद सलीम, रिहान अंसारी, शारिक, रवि सिंह, सोनू, सूरज आदि रहे।

### स्योहारा में अमन कमेटी की बैठक



**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी और ईद उल मिलादुन्नबी पर्व को लेकर कस्बे के थाना प्रांगण में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार ने की। इस मौके पर सीओ अभय कुमार ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों ही त्यौहार परंपरागत ढंग से और आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाएं। उन्होंने गणेश चतुर्थी के जुलूस का निर्धारित मार्ग बताते हुए स्पष्ट किया कि जुलूस को आपसी भाईचारे में प्रेम के साथ निकाला जाए। वही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने भी सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि कस्बे की गंगा-जमुनी तहजीब ही यहां की पहचान है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है कि त्यौहारों पर कोई अप्रिय घटना न हो और इसके लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे विवादों को भी आपसी समझदारी और संवाद से सुलझाया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है।

### बच्चे को माता-पिता से मिलवाया

**नजीबाबाद।** बाल कल्याण समिति बिजनौर द्वारा जिगर नाम का बच्चा आर्य सुगंध संस्थान में भेजा गया। जो अपने परिवार का कोई पता नहीं बता पा रहा था। बच्चे ने बताया कि वह अनाथ है। वह जब चार साल का था, तब से मुझे अपने माता-पिता का कोई नाम याद नहीं है। काफी प्रयासों के बाद उसका परिवार मिला। पिता दीपक शर्मा और माता दीपिका शर्मा गुरु नानक पार्क नियर मॉडर्न टाउन, पठानकोट पंजाब से है और उन्हें संस्थान में बुलाकर उनका बच्चा जिगर जिसकी उम्र 12 वर्ष है, सौंप दिया गया। मां अपने बच्चे को देखकर बहुत रोई और संस्थान का बहुत-बहुत धन्यवाद किया कि मेरा बच्चा सुरक्षित और प्यार से रखा। बच्चा माता-पिता के साथ जाने के लिए तैयार नहीं था। बच्चे का कहना था मैं यही रहना चाहता हूं। मेरी मां तो कमलेश आर्या है। मुझे यहीं अच्छा लगता है। प्रबंधिका ने बच्चे को प्यार से समझा कर फिर से माता पिता के साथ मिलने आने को कहकर भेजा। बालकल्याण समिति की मौजूदगी में बच्चा परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# धामपुर में बारिश से कई इलाकों में पानी-पानी, फसल पर संकट



## गड्ढों में पानी भरने से यातायात बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर क्षेत्र में सोमवार को लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। रविवार रात से शुरू हुई बारिश सुबह से शाम तक रुक-रुक कर जारी रही।

नेजा सराय समेत कई इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो गई। नेजा सराय की सड़क पर करीब एक फिट पानी भर गया, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। मोहल्लेवासियों ने बताया कि बरसात में हर बार जल निकासी की दिक्कत सामने आती है। वहीं शेरकोट स्टेट हाइवे पर ग्राम सुहागपुर के पास सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरने से यातायात बाधित रहा। इसके अलावा मौहल्ला बाड़वान में इकड़ा नदी किनारे खेत पानी से लबालब हो गए। किसानों को आशंका है कि सब्जियों की फसल खराब हो जाएगी।

बारिश से नगर की सड़कों और मोहल्लों में जलभराव होने से आमजन दिनभर परेशान रहे। देर शाम तक बारिश रुक-रुक कर जारी रही।

# कवियों-शायरों ने देर रात तक समां बांधा

## नुमाइश में हुआ जिला स्तरीय कवि सम्मेलन-मुशायरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** इंदिरा बाल भवन में रविवार को जिला कृषि एवं औद्योगिक, सांस्कृतिक प्रदर्शनी के तहत आयोजित जिला स्तरीय कवि सम्मेलन और मुशायरे ने साहित्य प्रेमियों के दिलों को जीत लिया। रात भर चली इस महफिल में कविताओं और शायरी की बयार ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चीफ डिफेंस काउंसिल, जिला न्यायालय, बिजनौर, प्रवीण सिंह देशवाल (एड.), विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अजय जनमेजय, पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह और वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. वीरबल सिंह ने फीता काटकर किया।

मशहूर शायर फारूक बिजनौरी ने शमा रोशन करते हुए अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया, जिसे खूब सराहना मिली। मुशायरे में शनावर किरतपुरी, डॉ. आफताब नौमानी, नगमी किरतपुरी, आसिफ मिर्जा, नवाज बिजनौरी, शफक बिजनौरी, ऐजाज धामपुरी, आरिफ गांधी, नजाकत अमीन, शादाब जफर और बहार शम्सी ने अपनी शायरी से समां बांधा।

वहीं, कवि सम्मेलन में हुक्का बिजनौरी, डॉ. अनिल चौधरी, संजीव एकल, नरेंद्र शिखर, प्रदीप डेजी, रमेश राजहंस, सुमन चौधरी, दीप अंजुम, नरेंद्र जीत अनाम और प्रमोद शर्मा प्रेम ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर गय्यूर आसिफ ने किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष तुफैल अहमद, बबीता देवी (पत्नी उदेश चौधरी, ठेकेदार), उनके पुत्र हिमांशु, सह-संयोजक रमेश राजहंस और संयोजक डॉ. अनिल चौधरी के योगदान ने इस आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर डॉ. अशोक चौधरी, अशोक आर्य, सभासद आदिल एड. और शहजाद अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल साहित्यिक रंगों से सराबोर रहा, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश भी दे गया।

# शांति बनाए रखने का आह्वान

## शरारती तत्वों से रहे सावधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर के सीओ देश दीपक सिंह ने त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी को पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नई परम्परा की शुरूआत नहीं की जानी चाहिए। अपराधियों और शरारती तत्वों की सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए।



इस मौके पर मौजूद नगर के सम्मानित व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं ने भी अपने विचार रखते हुए पुलिस प्रशासन को पूरी तरह से सहयोग करने का वादा किया। बैठक में बड़ी संख्या में नगर के जिम्मेदार लोग मौजूद थे।

# कोतवाली देहात में फायरिंग का आरोपी सूर्यकांत अरेस्ट

## वारदात में इस्तेमाल हथियार व बाइक भी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने नितिन चौधरी की हत्या के इरादे से उस पर फायरिंग करने के आरोपी सूरज उर्फ सूर्यकांत को गिरफ्तार किया है।

30 अगस्त को ग्राम इस्लामनगर उर्फ बेगावाला निवासी सचिन पुत्र बलवीर ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर दी थी कि ग्राम गनौरा निवासी अभियुक्त सूरज उर्फ सूर्यकांत पुत्र ऋषिपाल ने जान से मारने की नियत से उसके भाई नितिन चौधरी को तमंचे से गोली मार दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 187/2025 धारा 101 (1) बीएनएस में पंजीकृत किया था। पुलिस ने सूरज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा एवं बाइक संख्या यूपी 20 एआर 8801 भी बरामद की गई है। सूर्यकांत ने बताया कि सन् 2022 में उसकी नितिन चौधरी से कहासुनी व मारपीट हो गई थी। जिसके बाद ग्राम के सभ्रांत लोगों ने उनका फैसला भी करवा दिया था। लेकिन नितिन चौधरी फिर भी ताने मारता था, जिससे वह परेशान था।

# वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने एक सेक्टर 8 नर्सरी के गेट से लगभग 15 कदम की दूरी पर चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान अनुज शर्मा निवासी बुलंदशहर हुई। पूछताछ की गई तो नाबालिग को पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर कुल 18 वाहन बरामद किए गए। इसमें 15 बाइक , 3 स्कूटी, ऑटो थ्री व्हीलर है। ये सभी नोएडा दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों से चोरी किए गए है। अनुज पर 21 और नाबालिग पर 11 मुकदमे दर्ज है।



एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि नाबालिग के साथ मिलकर ये अपना गैंग चला रहा था। दिल्ली एनसीआर में कालोनियों , कंपनियों के बाहर खड़ी बाइक और वाहनों की रैकी करते। इसके बाद लॉक तोड़कर उनको चोरी कर ले जाते है। चोरी किए गए वाहनों को कही भी गली मोहल्ला में खड़ा कर चले जाते है। कुछ दिन बाद सभी चोरी के वाहनों को एक स्थान पर एकत्रित करते है। ये लोग सेक्टर-8 में एफ ब्लाक में खाली स्थान पर गाड़ी को छिपाए थे। ये लोग स्थान को बदलते रहते थे। ताकि किसी को शक न हो।

**एनसीआर के शहर थे टारगेट:** एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि ये दोनों लोग शातिर किस्म है। गुडगांव के अलावा नोएडा , दिल्ली में इन लोगों ने 100 से ज्यादा वाहन चोरी किए है। ये लोग विगत दो से तीन सालों से चोरी कर घटना कर रहे थे। इसमें नाबालिग भी एक शातिर किस्म का अपराधी है। इनके द्वारा चोरी किए गए वाहनों की ट्रैक किया जा रहा है।

**गांव में बेचते थे टू व्हीलर:** वाहन चोरी करने के बाद ये एक स्थान पर वाहनों को रखते थे। इसके बाद छोटे दुकानदार , गांव में लोगों को बताते थे कि बाइक लेनी है तो बता दे। 5 से 10 हजार में बाइक बेच देते थे। इसके अलावा पार्टस निक. ालकर भी बेचते थे। इसी से अपना जीवन यापन करते है।

## तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी एक की मौत, चार घायल

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर फतेहपुर गांव में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में बैनेट यूनिवर्सिटी की एक छात्रा की मौत हो गई जबकि अन्य चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार में कार सामने चल रहे ट्रक से जा घुसी। हादसे के दौरान कार में 5 छात्र-छात्राएं सवार थे। सभी बैनेट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहे है। दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि आज कार में सवार होकर यूनिवर्सिटी के 5 बच्चे दादरी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में रामपुर फतेहपुर गांव के पास हाईवे पर छात्रों की कार चलते ट्रक में पीछे से टकरा गई। कार में कुल पांच छात्र सवार थे, जो बुरी तरह घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया वहां एक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में छात्रा इशिका की मौत हुई है। उसके साथी अन्वी, युगराज सिंह, हर्ष और यश घायल है। सभी की हालत गंभीर है। उनका उपचार चल रहा है। सभी छात्र कार में सवार होकर निजी काम से दादरी की तरफ जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) बिजनौर**

ओएम संख्या 513/94

**राहुल त्यागी आदि बनाम शकील आदि**

7/1 मुशर्रत बानो पत्नी मुजफ्फर नईम, 7/2 आशिया बानो, 7/3 मौ. तैय्यब, 7/4 मौ. इमाद पुत्री एवं पुत्रगण मुजफ्फर नईम निवासीगण मौहल्ला कटकुई, कस्बा, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

हरगाह वादी के आपके नाम एक नालिश बाबत निषेधाज्ञा के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 03.09.2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो, जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख माह सन ई. जारी किया गया।

नियत दिनांक: 03.09.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

ओएम वाद संख्या 149/2025

अनुज शर्मा पुत्र स्व. अशोक कुमार शर्मा

निवासी मौहल्ला बाड़वान, कस्बा व परगना, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-प्रार्थी**

**बनाम**

निल

दरख्वास्त मुसम्मा अनुज शर्मा वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय याफतानी मुसम्मा अनुज शर्मा मुसबफा अपने मूजिब एक्ट के 7 सन् 1978 ई. वक्त हरगा मुसम्मा अनुज शर्मा ने हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हुसूल है ई. 03 तारीख 09 माह 2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वत दरखवास्त के उज्र हो या असालतन या अकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना मुकाम में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। इर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरखवास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 03.09.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज सी.डि. नगीना**

वाद संख्या 4/2025

गुरदेव सिंह पुत्र सूरज सिंह निवासी ग्राम तुरतपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-वादी**

**बनाम**

रजविन्दर कौर पुत्री सूरत सिंह निवासी ग्राम तुरतपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-प्रतिवादनी**

दरखवास्त मुसम्मा गुरदेव सिंह बनाम रजविन्दर कौर वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय याफ्तानी मुसम्मा मुंसफा अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1978 ई. एकट Succession हरगाह मुसम्मा ने दरखवास्त हुसूलसार्टी गुजरानी हुसूल है ई. 11 तारीख 09 माह 2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरखवास्त गुजरानी के मुकर्रर हुयी है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निरस्त दरखवास्त के उज्र हो या असालत या अकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत मुकाम में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरखवास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 11.09.2025

**न्यायालय अपर**
**सिविल जज सिनियर**
**डिविजन नगीना ( बिजनौर )**

# एसडीएम ने लिया टूटी पुलिया का जायजा

## मरम्मत का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम प्रधान द्वारा टूटी हुई नाले की पुलिया की शिकायत करने के मात्र चार घंटे बाद ही एसडीएम धामपुर ने मौके पर पहुंचकर जायजा लेकर पुलिया की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।

नगर को ग्रामीण क्षेत्र मेघपुर, हीरापुर गोकुल उर्फ गढ़वावाला, गोवर्धनपुर उर्फ नाबका व पर्वतपुर ग्राम पंचायत को जोड़ने वाले पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित संपर्क मार्ग पर नाबका की ओर नाले की पुलिया भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जो कि भारी व चार पहिया वाहनों के लिए बड़ा खतरा बन गया था। आज ग्राम प्रधान फरजाना खातून पत्नी मौहम्मद रिजवान द्वारा एसडीएम धामपुर को प्रात: 10:00 बजे उनके कार्यालय में मुलाकात कर एक प्रार्थना पत्र देकर जन समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग द्वारा शीघ्र ही पुलिया की मरम्मत करने की मांग की थी।

उपजिलाधिकारी स्मृति तिवारी द्वारा तत्काल कार्रवाई अमल में लाते हुए मात्र चार घंटे बाद ही अपराह्न 2:00 बजे स्वयं मौके पर पहुंचकर नाले की पुलिया का जायजा लिया। उन्होंने हल्का लेखपाल अनिरुद्ध कुमार को बेरीकेटिंग करा कर भारी-वाहनो के लिए बंद करने का आदेश दिया तथा प्रधान पति मौहम्मद रिजवान को शीघ्र ही संबंधित विभाग द्वारा पुलिया की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान पति तथा ग्रामीणों द्वारा एसडीएम धामपुर स्मृति तिवारी द्वारा तत्काल सुनवाई करने को लेकर उनकी प्रशंसा की।

गौरतलब है कि बीते 25 जुलाई को उक्त क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग के संबंध में दैनिक शाह टाइम्स में एक समाचार भी प्रकाशित हुआ था।

## महिला पर लोगों को ठगने का आरोप

**नजीबाबाद।** नेशनल सिक्योरिटी एण्ड एन्टी करप्शन क्राइम प्रिवेन्टिव ब्रिगेड की राष्ट्रीय सचिव सुशीला गुप्ता ने समाजसेवा के नाम पर लोगों को ठगने वाली महिला के खिलाफ आंदोलन की बात कही है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि आदर्शनगर की एक गली निवासी महिला ने उत्तराखण्डी समाज को पिछले करीब दस साल से काफी त्रस्त कर रखा है। इस महिला की अति अब बर्दाश्त से बाहर होने पर पीड़ित काफी लोगों ने उनके पास आकर अपनी पीड़ा बताई। आरोप है कि उक्त महिला ने पहले अपने घर में श्रंगार केंद्र खोल. कर, दरबार सजा कर, कुंभ में खाने की थालियां भेजने के नाम पर फाउंडेशन से मोटी रकम लेकर बेतहाशा धन कमाया। अब उक्त महिला किसी पर भी अपना रौब गालिब कर उसकी इज्जत खराब करने पर उतारू हो जाती है। उन्होंने इस महिला की ठगी बंद न होने पर इसका बहिष्कार करने व उत्तराखंड वासियों के आंदोलन के लिए मजबूर होने की बात कही है।

# अखिलेश यादव का पीडीए अभियान नई ऊर्जा और जागरूकता का प्रतीक: नजीबुल हसन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा शुरू किया गया पीडीए अभियान आज प्रदेश में नई ऊर्जा और जागरूकता का प्रतीक बन गया है।

इस अभियान का मकसद न केवल शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़कर एक बेहतर भविष्य की राह दिखाना भी है। सपा नेताओं का मानना है कि यह पहल उत्तर प्रदेश की राजनीति और विकास दोनों को नई दिशा दे रही है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन के भतीजे युवा सपा नेता नजीबुल हसन ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही प्रदेश की वह पार्टी है। जिसने हमेशा हर वर्ग का सम्मान किया और विकास की गाड़ी को तेज रफ्तार दी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को ऐसी-ऐसी योजनाएं मिलीं। जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा। नजीबुल हसन ने याद दिलाया कि अखिलेश यादव की सरकार में लैपटॉप वितरण, किसान हितैषी नीतियां, महिला सुरक्षा योजनाएं, रोजगार सृजन, 108 व 102 एंबुलेंस सेवा, कन्या विद्या धन व समाजवादी पेंशन जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू हुईं। इन योजनाओं से यह साबित हुआ कि समाजवादी सरकार ही असली मायने में जनता के सपनों को पूरा करने वाली सरकार थी। उन्होंने कहा कि आज भी जब प्रदेश की जनता विकास और बराबरी की बात करती है, तो सबसे पहले समा. जवादी पार्टी का नाम उनके दिल में आता है। अखिलेश यादव की साफ-सुथरी राजनीति और प्रगतिशील सोच ने उत्तर प्रदेश को देशभर में अलग पहचान दिलाई।

नजीबुल हसन ने कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे पीडीए अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और यह साबित करें कि समाजवादी पार्टी ही जनता की सच्ची आवाज और असली विकल्प है। नजीबुल हसन ने सभी प्रदेश की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि हमें समाजवादी को मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव प्रदेश की जनता एकता दिखाते हुए अपने लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मजबूती से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं ताकि फिर से बिना किसी भेदभाव के प्रदेश की जनता का विकास हो।

## सत्य ही सभी सद्गुणों का आधार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुजरातियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में चल रहे पर्वाधिराज पर्यूषण दसलक्षण पर्व की पांचवें दिन पूजा की गई। सुबह मंदिर जी में श्री जी का अभिषेक तत्पश्चात पूजा की गई।

उत्तम सत्य धर्म का अर्थ है परम सत्य को अपनाना और जीवन में उसके अनुसार आचरण करना, जिसके लिए सत्य वचन बोलना, सत्य को समझना और सत्य के मार्ग पर चलना आवश्यक है। यह जैन धर्म के दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन मनाया जाने वाला पर्व है। उत्तम सत्य धर्म व्यक्ति को सभी प्रकार के झूठ, कपट, भय और लोभ से मुक्त करता है। जिससे उसे मानसिक शांति और आनंद प्राप्त होता है। यह सत्य ही सभी सद्गुणों का आधार है और जीवन को गौरवशाली बनाता है।

पूजन में प्रवीण जैन, अभिषेक जैन, स्पर्श जैन, संजीव जैन, अमन जैन, अरूण जैन, नमन जैन, ऋषभ जैन, मनोज जैन, संयम जैन, तरुण जैन, वंदित जैन, सुगम जैन, दिवाकर जैन, सुधाकर जैन, माधव जैन, गर्वित जैन, अनुज जैन, अरुण जैन, विशाल जैन, अतिशय जैन, शुभम जैन, निखिल जैन, पूनम जैन, चंचल जैन, रेखा जैन, सीमा जैन, मितलेश जैन, चारू जैन, अर्चना जैन, प्रिया जैन, ममता जैन, प्रगति जैन, साक्षी जैन, पारुल जैन, अनिता जैन, अपूर्वा जैन, आशा जैन, प्रिया जैन आदि ने भाग लिया।

# कृष्णा कॉलेज में पोषण सप्ताह का शुभारंभ

## 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज में आज पोषण सप्ताह का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।

गृह विज्ञान विभाग की सभी छात्राओं ने पोस्टर' प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने इस वर्ष की थीम 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' और विभागीय थीम सभी के लिए पोषणयुक्त आहार बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक के विषय पर छात्राओं ने अलग-अलग प्रकार के पोस्टर बनाए और समाज को पोषण के प्रति जागरूक किया।

छात्रों ने बताया कि वही बच्चे सफल हो पाएगें जो पौष्टिक भोजन खाएगें। फल, सब्जी, अनाज का सेवन बढ़ाएं, जंक फूड को अपनी प्लेट से दूर रखना चाहिए। हमें अपने आहार में मोटे अनाजों को सम्मिलित करना चाहिए जैसे गेंहू, बाजरा, ज्वार, रागी, काला चना आदि जिनसे हमें अधिक मात्र में फाइबर मिल सके। फाइबर युक्त आहार को अपने भोजन में सम्मिलित करना चाहिए, जिससे हृदय सम्बन्धी बीमारी, मधुमेह, मोटापे को नियंत्रित किया जा सके।

पोस्टर प्रतियोगिता का निर्णयांक प्रतिमा शिक्षा विभाग से और प्रियंका अग्रवाल वाण्जिय विभाग से किया। इस प्रतियोगिता में बी.एस.सी. (होम साइंस) प्रथम वर्ष की छात्रा काकुल ने प्रथम, तृतीय वर्ष की छात्रा रचना ने द्वितीय और द्वितीय वर्ष की छात्रा अरीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के सफलतापूर्वक सम्पादन में गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान, शिवानी का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### भगवान नरसिंह के मेले का उद्घाटन



**नहटौर।** ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने ग्राम मजहरपुर में आयोजित भगवान नरसिंह के प्राचीन मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। मेले हमारे बुजुर्गो की याद ताजा करते हैं। उन्होंने प्रशासन से कहा कि वह मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखें और मेले में आने वाली महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति मौ.कामिल, पंचायत सचिव काकेन्दर सिंह, राजेश सिंह, धर्मवीर सिंह, विपिन कुमार, अबरार अहमद, योगेंद्र त्यागी, प्रिंस कुमार आदि सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### ब्रजपाल सिंह प्रजापति का स्वागत



**नहटौर।** ग्राम शादीपुर में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रदेश प्रभारी पंकज कुमार दक्ष के आवास पर पहली बार पहुंचे नव मनोनीत जिला संगठन मंत्री ब्रजपाल सिंह प्रजापति का समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्वागत से गदगद ब्रजपाल सिंह ने कहा कि बेटियों को भी बेटों के समान शिक्षित बनाना चाहिए। क्योंकि बेटियां परिवार और समाज की असली लाज होती हैं। उन्होंने शिक्षा को समाज की उन्नति का मूल आधार बताया। बता दें कि ब्रजपाल सिंह विश्व हिंदू राष्ट्र सेना बिजनौर के जिला प्रभारी भी हैं और समाज सेवा में निरंतर अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके स्वागत में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रदेश प्रभारी पंकज कुमार दक्ष, इंद्रेश दक्ष, अखिलेश कुमार दक्ष, कुमारी चारु दक्ष, धर्मदेव दक्ष, राजबाला दक्ष, गुड्डी देवी आदि मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी पर शोभायात्रा निकाली



**हल्दौर।** श्री गणेश सेवा समिति के सौजन्य से नगर स्थित शहीद स्मारक से गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयघोष लगाए। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बैराज गंगा घाट पहुंची। जहां विधिविधानपूर्वक भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार एवं उनकी धर्मपत्नी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रवीण रस्तोगी, धर्मेंद्र रस्तोगी, शाश्वत रस्तोगी, देवेंद्र रस्तोगी, शिवम वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष अमर सिंह उर्फ पम्मी, कपिल वालियान, चंद्रपाल सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रामलीला सेवा समिति की बैठक



**नांगल सोती।** मुख्य बाजार वाले शिव मंदिर के कीर्तन भवन में श्री रामलीला सेवा समिति रजिस्टर्ड की एक बैठक रामलीला मंचन की तैयारियों के लिए आयोजित की गई। बैठक रामलीला समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, मंत्री सुनील सैनी, कोषाध्यक्ष सुशील शुक्ला, मुकेश शर्मा, गोपाल शर्मा, योगेश शुक्ला, धनीराम जोशी, राजवीर काकरान, गार्विन चौधरी, सिंधुराज सिंह, विजय चौधरी, दिनेश भूईयार, नवीन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रामबहादुर कर्णवाल, अतुल अग्रवाल, अश्वनी शुक्ला,आदि ने बताया कि इस वर्ष भी विगत वर्षो ग्रामीण कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन बाजार वाली धर्मशाला में किया जायेगा। पंचमी और दशहरा पर विशाल जुलूस निकाले जाएंगे और दशहरा पर रामलीला मैदान पुतला दहन के साथ विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। बैठक के साथ ही रामलीला मंचन की तैयारी शुरू कर दी गई।

# एसएनएसएम में ताइक्वांडो प्रतियोगिता

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आठ खिलाड़ियों का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एसएनएसएम इंटर कॉलेज नहटौर में क्षेत्र स्तरीय माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच तथा नेशनल रेफरी चमन सैनी की देखरेख में किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रतियोगिता का शुभारंभ एसएनएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार ने फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में हल्दौर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से 25 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें एसएनएसएम इंटर कॉलेज से 06 खिलाड़ी तथा बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से 02 खिलाड़ियों सहित कुल 08 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया।

मिशू कुमारी, सुनैना, जाह्नवी सैनी, ईशु शर्मा, रितिक, अनस, वेदांश शर्मा तथा लवकुश कुमार प्रथम स्थान पर रहे। ताइक्वांडो कोच चमन सैनी ने बताया कि जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता कल (आज) एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद में कराई जाएगी।

एसएनएसएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक दर्पण त्यागी, प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार त्यागी, वासु त्यागी, बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा तथा जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू राजपूत ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बिपिन प्रजापति राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हल्दौर स्थित राधे कृष्ण फार्म हाउस में राष्ट्रीय प्रजा. पति महासंघ का चुनाव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें धामपुर क्षेत्र के युवा बिपिन कुमार प्रजापति को सर्वाधिक मत प्राप्त होने पर राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का युवा जिलाध्यक्ष (बिजनौर) नियुक्त किया गया।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान जिलेभर से पहुंचे प्रजापति समाज के लोगों ने मतदान कर पदाधिकारियों का चयन किया। नवनिर्वाचित टीम में शिवकुमार को महासचिव, सुभाष प्रजापति को उपाध्यक्ष, लोकेश कुमार प्रजापति को कोषाध्यक्ष तथा गौतम कुमार प्रजापति को सचिव नियुक्त किया गया। बिपिन प्रजापति को समाजजनों ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर पूरे जनपद में ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया गया। बधाई देने वालों में राजीव कुमार प्रजापति, रिंकू प्रजापति, नवीन कुमार प्रजापति, सुरेश कुमार प्रजापति, दीपांशु प्रजापति, दीपक प्रजापति, महेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर बिपिन प्रजापति ने कहा कि वे समाज के हर सदस्य के सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे और किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए अरदास

**धामपुर।** नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के दीवान हाल में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। यह दरबार धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास, भाई सती दास एवं भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित रहा। कार्यक्रम का आयोजन गुरमुख परिवार (स्व. माता पुष्पा देवी की स्मृति में) द्वारा किया गया, जिसमें दिनेश दुआ, जगदीश दुआ, योगेश दुआ एवं सतीश दुआ ने विशेष भूमिका निभाई। समागम में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। इस अवसर पर दुआ परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर एवं ठंडे दूध का वितरण किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति अध्यक्ष स. अमरजीत सिंह, सचिव स. गुरचरन सिंह चावला, सुरेंद्र सिंह हुड्डा एवं ग्रंथी साहिब ने कार्यक्रम में शामिल होकर दुआ परिवार को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विशेष कीर्तन दरबार के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सहायता के लिए अरदास की गई। संगत से अपील की गई कि वे आर्थिक सहयोग कर पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आएं। कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से सभी सेवादारों, पदाधिकारियों और उपस्थित संगत का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जिला स्तरीय व्यापारी चुनाव सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें प्रमुख व्यापारियों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि मुकुल अग्रवाल ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। विनीत राजपूत को जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि अंकुर जैन को जिला महामंत्री बनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम नगर के धामपुर रोड स्थित एक निजी रिजॉर्ट के सभागार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में जिला स्तरीय व्यापारी चुनाव सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि व नगरपालिका अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील व व्यापारी नेता मुकुल अग्रवाल ने किया। सम्मेलन में नगर के प्रमुख व्यापारियों के साथ-साथ बिजनौर सहित आसपास के अन्य जिलों से आए गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील बतौर मुख्य अतिथि व सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी बतौर मुख्य वक्ता आमंत्रित किए गए। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल व संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने मंच से व्यापारी एकता और संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन को मजबूत और सक्रिय रहना आवश्यक है। इस दौरान जिला स्तरीय संगठन के चयनित पदाधिकारियों की घोषणा की गई।



विनीत राजपूत जिलाध्यक्ष और अंकुर जैन जिला महामंत्री बने

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर अपना संबोधन करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा अपने व्यापार में व्यस्त रहता है। व्यापारियों को एकजुट करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने मजबूती के साथ दावा किया कि व्यापारी वर्ग केवल अपने व्यापार पर ध्यान दें, सुरक्षा की जिम्मेदारी वह और उनकी पुलिस पूरी तरह निभाने के लिए तत्पर है। मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि उन्होंने हमेशा सभी वर्गों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग का भी पूरा ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा से हर समस्या के समाधान में सबसे आगे खड़ा रहता है। व्यापारियों की किसी भी समस्या के लिए उनके घर के दरवा. जे हमेशा खुले हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि उनका संगठन पूरी तरह से गैर राजनीतिक संगठन है, जिसमें सभी विभिन्न पार्टियों में विश्वास रखने वाले व्यापारियों को बराबर सम्मान दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि गलत काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को संगठन में स्थान नहीं दिया जाता है। इस दौरान बिजनौर जिला स्तरीय चुनाव के परिणामों की घोषणा की गई। जिसमें विनीत राजपूत को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं शेरकोट निवासी अंकुर जैन को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनके अलावा सत्यकाम विश्नोई को जिला प्रभारी, नजीबाबाद निवासी तस्लीम अहमद सिद्दीकी को जिला कोषाध्यक्ष, नूरपुर निवासी संदीप जोशी को जिला प्रभारी युवा, नगीना के पवन यादव को जिला अध्यक्ष युवा, वासु अग्रवाल को जिला महामंत्री, नहटौर निवासी डॉ. उर्मिला पाल को युवा जिलाध्यक्ष महिला, रूपा शर्मा को जिला महामंत्री महिला, बाबर अली उस्मानी व दीपक मल्हौत्रा और सरफराज अंसारी को जिला उपाध्यक्ष, अब्दुल कय्यूम राईन को नगर अध्यक्ष नगीना, पंडित सचिन शर्मा को नगर महामंत्री नगीना की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इस मौके पर सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जावेद रहमान शम्सी, तसलीम अहमद इदरीसी, अमित गुप्ता, राजन टंडन गोल्डी, प्रशांत गुप्ता मोनू, अरविंद विश्नोई, मोनिका रूस्तम यादव, आलिशा हुसैन सिद्दीकी, नितिन सर्राफ, अभिषेक गर्ग, शोभित मित्तल, आयशा सिद्दीकी, महेश अग्रवाल, विनीत शर्मा, रामकुमार सेठी, तिलक राज, अरशद प्रिंस, अफजाल कुरैशी, शेख जमशेद, जुबैर जैदी, विशाखा मित्तल, रामकुमार यादव, गोपाल शर्मा, विकास गुप्ता, मकसूद उस्मानी, बदर मुनीम, मनोज टंडन आदि मौजूद रहे। मुकुल अग्रवाल ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से व्यापारियों की आवाज को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाना प्राथमिकता होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनीत राजपूत ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय किया जाएगा और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया और संगठन की एकजुटता का संदेश दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

# भीषण बारिश से शहर हुआ पानी-पानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। रात्रि के तीसरे पहर शुरू हुइ बारिश ने धीरे-धीरे भयंकर रूप ले लिया। रात और दिन बरसे बादलों से पूरा शहर पानी-पानी हो गया। कई मुख्य मार्ग जल मग्न होने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिला अस्पताल परिसर पूरी तरह से तालाब बना रहा। रोगियों और उनके तीमारदारों को गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ा। रविवार/सोमवार की रात्रि के तीसरे पहर से लगातार हो रही तेज बारिश ने शहर को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। रात करीब तीन बजे से शुरू हुई बरसात थमने का नाम ही नहीं ले रही, जिससे शहर की सड़कें और मुख्य सड़कें तालाब जैसे हालात बन गए। पूरे शहर में पानी ही पानी नजर आने लगा। लगातार बारिश के चलते नालियां और नाले उफान पर हैं। सबसे अधिक परेशानी जिला अस्पताल में रही। बारिश का पानी ने अस्पताल परिसर को तालाब बना दिया। अस्पताल आने वाले रोगी और उनके तीमारदारों को गंदे पानी में होकर आवागमन करने को मजबूर होना पड़ा। जबकि रोडवेज बस अड्डा भी जलभराव से प्रभावित रहा। यहां यात्रियों को घंटों तक गंदे पानी में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ा। कई बसें पानी भरे प्लेटफार्म तक नहीं पहुंच पाईं, जिससे यात्रियों को सड़क पर चढ़ना-उतरना पड़ा। बारिश का असर मोहल्लों में भी देखा गया। कहीं तंग गलियों में रहने वाले लोग घरों में कैद होकर रह गए। भारी बारिश ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। शहरवासी लंबे समय से जलनिकासी की दयनीय व्यवस्था को लेकर शिकायत करते आए हैं। इसी के साथ लगातार हो रही बारिश से तापमान में भी भारी गिरावट आयी। तापमान में गिरावट से मौसम भले ही सुहावना हो गया हो, लेकिन जलभराव ने लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के चलते बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हुई। जबकि काफी अभिभावकों ने बच्चों को घर पर ही रोक लिया।

○ जिला अस्पताल परिसर ने लिया तालाब का रूप



सम्भल- भयंकर बारिश में छाता लगाकर गुजरते राहगीर।

# जिले में चार उपनिरीक्षकों को मिला थाने का चार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी ने निरीक्षकों तथा उपनिरीक्षकों के कार्य में बदलाव किया है। जबकि पांच निरीक्षकों का गैर जनपद तबादला हुआ है। इसके साथ चार उपनिरीक्षकों को थाने का चार्ज सौंपा गया है। जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने 12 निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। इनमें से पांच का गैर जनपद तबादला हुआ है। परिवार परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति महिला प्रकोष्ठ व महिला पुलिस चौकी प्रभारी निरीक्षक पूनम कुमारी व जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक पूनम राठी एवं कुढ़फतेहगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राज सिंह व डीसीआरबी, अपराध कार्य प्रणाली प्रभारी अखिलेश गंगवार का गैर जनपद के लिए स्थानांतरण किया गया। कैला देवी थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह को जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया। नखासा से प्रभारी निरीक्षक रजनीश कुमार को यूपी 112 प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव को डीसीआरबी अपराध कार्यप्रणाली, एंचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी निरीक्षक से संजीव कुमार बालियान को नखासा थाने का प्रभारी निरीक्षक तथा निरीक्षक मेघपाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक बनियाठेर से जुनावई थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाकर भेजा गया। जुनावई थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह को कुढ़फतेहगढ थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया है। यूपी 112 प्रभारी निरीक्षक रेनू देवी को महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक का दायित्व दिया गया है। जबकि पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक सौरभ त्यागी को थाना अध्यक्ष कैला देवी, उप निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा को पीआरओ एसपी व सोशल मीडिया सेल से थाना अध्यक्ष बनियाठेर बनाकर भेजा गया है। उपनिरीक्षक मोहित कुमार काजला को वरिष्ठ उपनिरीक्षक एंचोड़ा कंबोह से एंचोड़ा कंबोह का ही थाना अध्यक्ष का पदभार दिया गया। उप निरीक्षक रुकमपाल पाल सिंह को अपराध शाखा, थाना अध्यक्ष महिला पुलिस चौकी परामर्श केंद्र चंदौसी का प्रभारी बनाया, उप निरीक्षक राजाराम को मॉनिटरिंग सेल से प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक लवनीश कुमार को पुलिस लाइन से एसपी पीआरओ व मीडिया सेल प्रभारी बनाया गया है।

○ पांच निरीक्षकों का गैर जिले के लिए स्थानान्तरण

# बारिश से उफनाए नाले में गिरकर मासूम की मौत

○ नाले के ऊपर बने स्लैब से पांव फिसलने से दो सौ मीटर तक बही मासूम
○ आधा घंटे बाद मासूम को बाहर निकाला
○ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। माता के थान पर माता पिता के साथ जात लगाने आयी चार साल की मासूम भयंकर बारिश से उफने नाले के स्लैब पर पैर फिसलने से उसमें गिर गई। करीब दो सौ मीटर दूर तक बही मासूम की पानी में डूबने से मौत हो गई। करीब आधा घंटे के प्रयासों के बाद पानी से बच्ची को बाहर निकाला गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को थाना रायसत्ती बढ़ई वाली बस्ती निवासी जूली व उसका पति राधेश अपनी चार साला मासूम अर्चना को साथ लेकर थाना रायसत्ती के निकट रायसत्ती मंदिर माता के थान पर जात लगाने पहुंचे थे। जात लगाकर मासूम को लेकर माता-पिता बाहर निकल रहे थे। देर रात्रि से हो रही भयंकर बारिश में उफनाये नाले के ऊपर बने स्लैब से अचानक पांव फिसल गया और मासूम नाले के अंदर गिर गई। तेज बहाव से मासूम करीब 200 मीटर दूर तक बह गई। करीब आधा घंटे के बाद मासूम बच्ची को बाहर निकाला गया और परिजन उसे इलाज के लिए, जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और अस्पताल में बच्चों का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता राजेश ने बताया कि वह अपनी 4 साल की बेटी को लेकर पत्नी के साथ जात लगाने के लिए, रायसत्ती मंदिर आया था। स्लिप के ऊपर बच्ची का पर फिसलने से नाले में गिर गई, उसे काफी तलाश किया लेकिन आधा घंटे के बाद डेढ़ सौ 200 मीटर दूर जाकर बच्ची मिली। अस्पताल लेकर आए तो चिकित्सक उसे मृत बताया। मृतका तीन बहने ईशा, मोहिनी, जबकि दो भाई रमेश और प्रीत हैं। रायसत्ती थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि बच्ची की मौत हुई है।उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# गुन्नौर बार के पदों पर आज होगा मतदान

○ 23 सितम्बर तक यथास्थिति बनाए रखने के दिए आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य संचालन समिति कनिष्ठ खंड के 6 पदों पर 7 अधिवक्तागण मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतदान करेंगे। सोमवार को सहायक चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार को गुन्नौर बार के अधिवक्ता गण सुबह 8 बजे से 4 बजे तक मतदान करेंगे और 4:30बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र यादव, राशिद उल्ला ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूदेव सिंह,रामाशंकर यादव, महासचिव पद पर सुरेश चंद,राधा कृष्ण और कोषाध्यक्ष पद पर चंद्रभान सिंह पाल,राहुल सक्सेना चुनाव मैदान में हैं। वहीं संचालन समिति के 6 पदों पर 7 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी धनेश चंद गौड ने बताया कि 8 अधिवक्ताओं को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। जिनमें उपाध्यक्ष जुगेंद्र सिंह, अजय यादव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष शीलेन्द्र यादव, ;पिपाल सिंह,संयुक्त सचिव प्रशासनिक राहुल पाल, लाइब्रेरियन धर्मपाल,ऑडिटर राम अवतार एवं संचालन समिति वरिष्ठ खंड पन सिंह हैन्त्रिनिर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके हैं इस दौरान सहायक चुनाव अधिकारी श्रीकृष्ण भारद्वाज उपस्थित रहे।

## कल्किधाम में मासिक सत्संग का आयोजन

शाह टाइम्स,संवाददाता

असमोली। परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन बेला में सर्वप्रथम श्री कल्कि धाम निर्माण यज्ञ हुआ यज्ञ में पूर्णाहुति श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने श्री कल्कि भक्तों के साथ दी, इस अवसर पर संजय खन्ना, चारू त्यागी, महामंडलेश्वर स्वामी हरमनोजदास जी, महामंडलेश्वर स्वामी कल्याण देव जी, आचार्य दुष्यंत शास्त्री, खिलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। यज्ञ के पश्चात आयोजित मासिक सत्संग में प्रवचन करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने कहा कि सम्भल में हिंदुओं की घटती जनसंख्या अत्यंत चिंता का विषय है, सम्भल सहित देश के अनेकों भागों में बिगड़ता हुआ जनसांख्यिकीय संतुलन देश को एक और बंटवारे की तरफ ले जाएगा, यह अत्यंत चिंताजनक है, सरकारों को इस तरफ सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए। आज हमारे देश में अनेकों ऐसे स्थान बन चुके हैं जहां हिंदू अल्पसंख्यक बन चुका है, भारत की एकता और अखंडता के लिए यही भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती नजर आ रही है।

# जाट समाज के त्याग व बलिदान का स्मारक है चाहल चौथ

○ हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने स्मारक स्थल पर पहुंचकर किए दर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। संत जोगा सिंह चाहल के समाधि स्थल पर पहुंच कर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने स्मारक स्थल पर उनकी भव्य प्रतिमा एवं समाधि के दर्शन किए। हसनपुर रोड पर स्थित रिठाली ग्राम के पास गुरुद्वारे में भजन कीर्तन किया गया। चाहल चौथ के प्रबंधक चौधरी खिलेंद्र सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के सेनापति के रूप में संत जोगा सिंह चाहल की विशेष और अमिट पहचान है। उन्होंने संत जोगसिंह की वीरता, सत्य, साहस, त्याग और समर्पण के अनेक मार्मिक प्रसंग सुनाकर उनकी स्मृति को जीवंत किया। चाहल चौथ को जाट समाज के त्याग और बलिदान का स्मारक स्थल बताया। आचार्य दुष्यंत शास्त्री ने चाहल चौथ की व्यवस्था, दिव्यता, भव्यता, प्रचार प्रसार एवं जाट समाज के आदर्श रूप में स्थापित करने का श्रेय चौधरी खिलेंद्र सिंह को दिया। सामाजिक कार्यकर्ता त्यागी अशोक कृष्णम ने चाहल चौथ को संपूर्ण हिंदू समाज का प्रेरणा स्थल बताते हुए संत जोगा सिंह के अदम्य साहस, शौर्य, और हिंदू समाज की रक्षार्थ जीवन का त्याग करने के लिए सेल्यूट किया। हिंदू जागृति मंच के उमेश सैनी, कपिल गुप्ता, अरुण अग्रवाल, हर्षित शर्मा ने चाहल चौथ के प्रबंधक चौधरी खिलेंद्र सिंह तथा आचार्य दुष्यंत शास्त्री को संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ अभिनंदन किया और उनके द्वारा समाज को अर्पित की गई सेवाओं को नमन किया। गंगा रस्तोगी, बबीता भारद्वाज, अंशिका सैनी, सुमन लता शर्मा, रूपाली गुप्ता, शोभा गर्ग, गंगा रस्तोगी, हंसमुखी, मीनू रस्तोगी, अंकुर रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, आशा गुप्ता सहित हिंदू जागृति मंच एवं हिन्दू जागृति महिला मंच के अनेक सदस्यों ने चाहल चौथ को ना केवल जाट समाज वरन संपूर्ण हिंदू समाज से जोड़ने का आह्वान करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी खिलेंद्र सिंह ने की तथा संचालन आचार्य दुष्यंत शास्त्री ने किया।



सम्भल- संत जोगा सिंह चाहल की समाधि स्थल पर दर्शन करते हिजांम कार्यकर्ता।

# रुखसते जुलूस के साथ शिया समुदाय का सोग हुआ समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। अय्यामे अज़ा का आखिरी मातमी जुलूस रुखसते अज़ा शहर के मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमामबाड़ा नम्बरदारान से बरामद किया गया सुबह छह बजे इमामबाड़ा मे मजलिस बरपा की गयी। जिसमें मरसिया रहबर हुसैन सलीम मेहदी शाने अब्बास शाहिद सुहैल अब्बास ने पढा मजलिस को हसन मोहम्मद ने खिताब करते हुए कहा कि आज के दिन मदीना मे एक आवाज बुलन्द हुई थी कि मदीने वालो मदीना रहने के काबिल नही रहा हुसैन कर्बला मे कत्ल कर दिए गए। कैदे सितम से रिहा होकर इमाम जैनुलआबेदीन के साथ कर्बला मे शहीद हुये शहीदो के परिवार वालों मदीना आये थे। इसी याद मे मातमी जुलूस बरामद किया जाता है। उन्होंने कहा कि दो महीने आठ दिनो तक अज़ादारी के दौरान हुई मजलिसो से जो पैग़ाम हासिल किया है उस पर अमल करे और अपने को बुराईयो से दूर रखें। इमाम हुसैन का पैग़ाम ए शहादत दुनिया को बताये बाद मजलिस के मातमी जुलूस का सिलसिला भारी वर्षा के बीच शुरू किया गया। मातमी जुलूस इमामबाडा नम्बरदारान से शुरू होकर अपने तयशुदा रास्तो से होकर हुसैन चौक मे पहुँचा जहां मातम व नोहा पेश किये गये इमाम बाड़ा सगीर हसन मे जा कर मातमी जुलूस रुखसते अज़ा समाप्त किया गया। मातमी जुलूस की समाप्ति के बाद दो महीने आठ दिन के बाद कर्बला के बहत्तर शहीदो का शोक समाप्त कर दिया गया। इमाम बारगाहो मे लगाये गये काले अलम उतार लिया गए। अज़ादारो ने काले लिबास भी उतार कर रंग बिरंगी लिबास धारण किये। महिलाओं ने मेहंदी लगा कर शोक समाप्त किया। शिया समाज के लोगो मे दो महीने आठ दिन के बाद अब ख़ुशी के कार्यक्रमों का आयोजन भी शुरू हो जायेगा कल मंगलवार को ईदे ज़हरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-पर्वों पर कानून व शांति व्यवस्था को पीस कमेटी की बैठक लेते डीएम-एसपी।

## त्योहारों पर नहीं डालें कोई नई परम्परा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। आगामी पर्वों को लेकर पीस कमेटी की बैठक में धर्मगुरुओं के साथ संवाद किया गया। बैठक में कोई नई परम्परा नहीं डालने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने पर ज़ोर दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा.राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्दशी व बारावफात को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में बेहतर समन्वय के साथ सकुशल सम्पन्न कराने प्रमुख धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न किए जाने, त्यौहार पर किसी नई परंपरा के नहीं डाले जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की जानकारी दी गई। जबकि पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज कुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर, दीपक कुमार, क्षेत्राधिकारी, यातायात मनोज कुमार सिंह तथा प्रशासन व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूलों की जमीनी हकीकत जानेंगे 'आप' नेता

सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा सम्भल, असमोली, और चंदौसी के प्रभारी आतिर हुसैन ने बताया कि उनको सम्भल, असमोली, चंदौसी में मौजूद प्राथमिक विद्यालयों के पास रहने वाले लोगों से संवाद कर विद्यालयों की स्थिति जानने की जिम्मेदार उन्हें पार्टी ने दी है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में सम्भल नगर अध्यक्ष आजम आज प्रा.वि. भड़वाड़ा, प्रा.वि. गुलालपुर, प्रा.वि. चंदावली, प्रा.वि. भदरौला की मदैयां, प्रा.वि. कल्याणपुर के आस-पास मौजूद लोगों से बातचीत कर यह जानकारी ली कि विद्यालय नियमित रूप से चलते हैं या बंद पड़े हैं। आतिर हुसैन ने बताया कि 12 सितंबर को सम्भल जिले के आप कार्यकर्ताओं की बैठक चंदौसी में आयोजित होगी। इसके बाद 13 सितंबर से वे स्वयं प्राथमिक विद्यालयों के पास रहने वाले लोगों से संवाद करके विद्यालयों की वास्तविक स्थिति जानेंगे।जैसे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या, उपलब्ध सुविधाएँ और मिड-डे मील का संचालन।

## दो माह पूर्व मामले में वांछित महिला गिरफ्तार

सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )। थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने दो माह पूर्व पंजीकृत मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्राम अढ़ौला निवासी वीरपाल पुत्र संतर सिंह की तहरीर पर 25 जून 25 को आरोपियों द्वारा उसके पुत्र के साथ मारपीट कर घायल करने व जान से मारनेकी धमकी देने के सम्बंध में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक मौ. शाह फैसल ने वांछित भगवती पत्नी संजीव कुमार निवासी ग्राम अढ़ौला को गिरफ्तार किया है।

## विद्याकुंज में हुई गणेश जी की आरती

बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल बबराला में चल रहे दस दिवसीय गणपति पूजा की संध्या आरती में श्रद्धालुओं की उमड़ रही है।संध्या आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु महाआरती का आनंद लेते रहे। 'जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा की भक्तिभाव आरती पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो झूमते रहे।

# गुन्नौर नेहरू चौराहे पर अतिक्रमण पर चला बुलडोज़र



शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। गुन्नौर नेहरू चौराहे पर प्रशासन ने एक बार फिर बुलडोजर एक्शन चलाकर अवैध कब्जेदारों पर कड़ा प्रहार किया है। सोमवार को सुबह एसडीएम गुन्नौर डा.. वंदना मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हाईवे पर बुलडोजर चलाया गया। पहले अवैध फल मंडी को हटाया गया, उसके बाद होटल, ढाबों और दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को भी जमींदोज कर दिया गया। प्रशासन की संयुक्त टीम ने आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुन्नौर के नेहरू चौक पर अभियान चलाकर चार दर्जन से ज्यादा अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और पूरे क्षेत्र में कार्यवाही की चर्चा रही। गुन्नौर नेहरू चौक पर कई वर्षों से फल दुकानों का संचालन हो रहा है। अतिक्रमण से हाईवे पर यातायात प्रभावित होने लगा। इससे प्रतिदिन नेहरू चौक पर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा नेहरू चौक पर स्थित होटल, ढाबों और दुकानों ने भी फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर रखा है। इस कारण पैदल राहगीरों और वाहनों की आवाजाही में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही थी।इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया। एसडीएम डा.. वंदना मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई लंबे समय से चली आ रही अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अगर कोई दोबारा कब्जा करने की कोशिश करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अलविदाई जुलूस किया बरामद



सिरसी-कर्बला के शहीदों की याद में अलविदाई जुलूस में शामिल सोगपवारने हुसैनी।

शाह टाइम्स,संवाददाता

सिरसी। अहलेबैत रिसालत की कैद से रिहाइ और मदीना वतन वापसी की याद में अलविदाई जुलूस बरामद किया गया। इसी के साथ कर्बला के शहीदों की याद में की जा रही अजादारी और 60 दिन का सोग भी अगले साल तक के लिए खत्म हो गया। मौहल्ला चौधरियान में शाहिद हुसैन मरहूम के अजाखाने में बरपा की गई मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कब्रला में हज़रत इमाम हुसैन, उनके रिश्तेदारों व अन्सारों की शहादत और यजीद की कैद से अहलेबैत के वतन वापसी का जिक्र किया। मौलाना ने कहा कि जालिम व क्रूर शासक यजीद ने हजरत इमाम हुसैन के कर्बला के बाद जिंदा रहीं औरतों, बच्चों व एकमात्र बचे बेटे इमाम सज्जाद को कैदी बनाकर कर्बला से शाम, शाम से कूफा बिना चादर ऊंटों पर सवार करके ले जाया गया। अली की शेरदिल बेटी जनाबे जैनब ने यजीद के दरबार में तकरीर कर यजीद के चेहरे पर पड़ी नकाब उतार दी। मौलाना ने कहा कि वाक्या ए कर्बला के बाइ यह काफिला कर्बला से ग्यारह मोहर्रम को रवाना होकर दो माह यजीद की कैद में रहकर आठ रबीउलअव्वल को मदीना पहुंचा। इसी याद में हर साल जुलजुनाह व ऊंटों पर सजी अमारियों का जुलूस बरामद किया जाता है। जुलजुनाह अमारियों के आगे अहलेहरम की वतनवापसी उनपर किए गए जुल्म बयान किए जा रहे थे। जिन्हें सुनकर हाय हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगीं। अब छुटके कैदे शाम से जाता है काफिला बिन भाई के चली है यह हमशीर अलविदा।

# मातृ शक्ति ने हर्षोल्लास से मनाई राधा अष्टमी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति टीम ने राधा अष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनायी। हयात नगर स्थित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राधा अष्टमी महोत्सव की रूपरेखा पुष्पा आर्य के द्वारा की गई। जबकि सुधा ममता माधवी रितिका कल्पना उषा संतोष सारिका शशि नीरू आदि महिलाओं ने सहयोग दिया। दीपा वाष्णेय राधा रानी के रूप में और लक्ष्मी वाष्णेय कृष्ण वेश में रहीं। मनोहारी कार्यक्रम में राधा कृष्ण ने गानों पर डांस किया और केक काटकर जगत की अधिष्ठात्री देवी राधा रानी का जन्मदिन मनाया। कन्हैया जी ने राधा रानी को बहुत सारे जन्मदिन के उपहार दिए। अंत में सारी सखियों ने मिलकर रास रचाया राधा रानी को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। दीपा वाष्णेय ने बताया कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा अष्टमी मनाई जाती है। यह दिन श्रीकृष्ण की अनंत प्रेमिका और भक्ति की मूर्ति श्री राधारानी का जन्मोत्सव माना जाता है। श्रीमद्भागवत और पुराणों में वर्णन है कि बरसाना धाम में माता कीर्ति की गोद में राधारानी का अवतरण हुआ।



सम्भल-राधा अष्टमी पर भजन करती महिला श्रद्धालु।

# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

○ सड़क सुरक्षा जन रक्षा के तहत डीएम ने जारी किए आदेश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। यातायात नियमों के उल्लंघन पर जिला प्रशासन सख्त है।जन सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के मद्देनजर बिन हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिल सकेगा। जिलाधिकारी ने सभी फ्यूल पम्प संचालकों/स्वामियों को आदेश जारी किये हैं। उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुपालन में बिन हेल्मेट तेल नहीं का एक विशेष अभियान 01 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक संचालित किया जाना है। पूर्व में किए गए इस प्रयोग के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन से इसके सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। इसलिए उक्त अभियान जन सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा-129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन हेतु हेलमेट अनिवार्य है। तथा धारा-194-डी इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति 1/4एससीसीओआरएस1/2 द्वारा भी हेलमेट का अनुपालन को प्राथमिकता देने के लिए, राज्यों को निर्देशित किया गया है। इसलिए, नो हेल्मेट नो फ्यूल विधिसम्मत जन हितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गंभीर चोटों को घटाने के उद्देश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है। इसी उद्देश्य को लेकर जिले के सभी फ्यूल पम्प संचालक एवं स्वामी बिना हेल्मेट किसी भी ऐसे दो पहियां चालकों को पेट्रोल का विक्रय नही करेंगें जिसके चालक एवं पिलियन में हेलमेट नही पहना है। सभी फ्यूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगें की उनके प्रतिष्ठान में सी.सी.टी.वी कैमरे सदैव सक्रिय रहें ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी.सी.टी.वी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सकें।

## स्वास्थ्य शिविर में रोगियों को दवाई का वितरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। ग्राम लदनपुर में आरबीएस के टीम ए द्वारा डा. फहीम के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया कैंप का उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि हार्वेस द्वारा मरीज को दवाई वितरित करके किया गया। कैंप में कुल 170 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई वितरित की गई

# महानगर में जोरदार बारिश से जगह-जगह हुआ जलभराव

## ● लोगों को झेलनी पड़ी दुश्वारियां, नगर निगम की सफाई व्यवस्था की खुली पोल







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में सोमवार को हुई जोरदार बारिश ने एक और जहां लोगों को गर्मी से निजात प्रदान की है तो वही सुबह तड़के से शुरू हुई जोरदार बारिश के चलते जल भराव के कारण लोगों को दुश्वारियां का भी सामना करना पड़ा। हालांकि बरसात से मौसम तो सुहावना हो गया मगर जल भराव ने लोगों के सामने परेशानियां खड़ी कर दी। हर साल नगर निगम बरसात से पूर्व नालें और नालियों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कराने के दावे करता है, मगर बरसात के बाद इन दावो की पोल खुली नजर आती है। ऐसा ही इस बार भी देखने को मिला महानगर में सोमवार सुबह तड़के से हो रही बारिश ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। महानगर में हो रही जोरदार बारिश से शहर के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को दुश्वारियां का सामना करना पड़ा। आलम यह था कि शहर के कई इलाकों में लोगों के घरों में तक पानी घुस गया, वहीं बाजारों में भी कई दुक.ानों में पानी घुसने से दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के चलते मुरादाबाद में रामगंगा और गागन नदी का भी जल स्तर बढ़ गया है। तो वहीं सोमवार सुबह तड़के से महानगर में हो रही जोरदार बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। सड़कों पर वाहनों के पहिए थम गए तो वही रेलवे ट्रैक पर भी पानी भरने से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। महानगर के कांठ रोड रामगंगा विहार, आशियाना, जीएमडी रोड, सिविल लाइन क्षेत्र जेल रोड, ताड़ीखाना, बुध बाजार, सुपर बाजार,अशोक नगर,झब्बू का नाला, दीवान का बाजार, करूला, मिया कॉलोनी, लाइन पार सूर्य नगर आदि इलाकों में जल भराव होने के चलते लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा। भले ही नगर निगम ने शहर को स्मार्ट बनाने की दिशा में अने.कों काम किये हों, मगर जब बरसात होती है तो नगर निगम के सफाई व्यवस्था के दावों की पोल खुल जाती है। शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या बन जाती है। ऐसा ही सोमवार को भी देखने को मिला, शहर के कई इलाकों में जल भराव नजर आया। ताड़ी खाना पर जानवरों के अस्पताल में भी पानी भर गया, वहीं शहर के दिल्ली रोड स्थित सम्राट अशोक नगर में भी जलभराव के चलते लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा। महानगर में सोमवार सुबह तड़के से शुरू हुआ बारिश का सिल.सिला देर रात तक चलता रहा, जिसके चलते शहर के कई इलाकों में हुए जल भराव के चलते लोगों को तमाम परेशानियों से जूझना पड़ा तो वही शहर के कई लाखों में लोगों के घरों में भी जल भरा होने से उन्हें तमाम दिक्कतें झेलनी पड़ी






# मुख्यमंत्री करेंगे विक्रम राव की पुस्तकों का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शीघ्र ही इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. के.विक्रम राव की पुस्तकों का विमोचन करेंगे। यह आवश्वासन उन्होंने स्वर्गीय राव की पत्नी रेलवे के उत्तर मध्य क्षेत्रा की पूर्व प्रमुख चिकित्सा निदेशक डॉ. के. सुधाराव को शिष्टाचार भेंट में दिया। डॉ. सुधा राव ने मुख्यमंत्री को डॉ. के. विक्रम राव द्वारा रचित पुस्तकें भेंट की। उनके साथ डॉ. राव के पुत्र पत्रकार के. विश्वदेव राव भी थे। स्वर्गीय राव ने अपने निधन से तीन दिन पूर्व मुख्यमंत्री से भेंट कर पुस्तकों के विमोचन के लिए समय मांगा था, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया था।

डॉ. सुधा राव से शिष्टाचार भेंट में मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. राव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। उक्त जानकारी इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय कन्वीनर मोहम्मद जान तुर्की ने दी।



# टिमिट में इंटरैक्शन सेशनः फॉर ए न्यू स्टार्टअप का आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट (तीर्थंकर महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी) में एक ऑनलाइन "इंटरैक्शन सेशनः फॉर ए न्यू स्टार्टअप" का आयोजन किया गया। इस सत्र में श्री हरदीप सिंह पुरी (निद.ेशक, मेक इंटर्न, भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु) ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप की अवधारणा से परिचित कराना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा उद्यमिता के क्षेत्र में अवसरों और चुनौतियों के बारे में जानकारी देना था। श्री पुरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज के समय में स्टार्टअप न केवल आर्थिक विकास को गति देते हैं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का भी एक प्रभावी साधन हैं। टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सत्र छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक जीवन का अनुभव कराते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप आने वाले समय की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और टिमिट अपने विद्यार्थियों को हमेशा नये विच.ारों, नवाचार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करता रहेगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने करियर निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया




# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शीर्षक पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना.ेवेशन काउंसिल (आईआईसी), आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन और स्कूल ऑफ इंजी.नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में "इंटर/इंट्रा इंस्टीट्यूशनल स्टार्ट-अप प्रतियोगिता एण्ड रिवार्ड बेस्ट स्टार्ट-अप" शीर्षक पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया में चल रही विभिन्न स्टार्ट-अप योजनाओं के प्रति विद्यार्थियों की जागरूकता बढ़ती है तथा इससे प्रेरित होकर वे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक कुशल और प्रेरित टीम स्टार्ट-अप की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि वह अपने विचारों को वास्तविकता में बदल सकने के साथ-साथ चुनौतियों का भी सामना कर सके। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने भी 'स्टार्ट-अप प्रतियोगिता एण्ड बेस्ट स्टार्ट-अप' विषय पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि एक सर्वश्रेष्ठ स्टार्ट-अप एक ऐसी समस्या की पहचान करता है जो व्यापक हो और जिसका कोई प्रभावी समाधान न हो, और फिर एक अनूठा और अभिनव समाधान प्रस्तुत करता है। इसी कड़ी में उन्होंने यह भी बताया कि नया उत्पाद, सेवा या प्रक्रियाएं लाता है जो मौजूदा बाजार में कुछ नया प्रदान करते हैं और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ देते हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व.विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें यूनीक आइडिया व नोबिलिटी के आधार पर एम.टेक, मैकेनिकल, द्वितीय वर्ष की छात्रा जूबी खान को प्रथम, बी.टेक, मैकेनिकल, अन्तिम वर्ष के छात्र रितिक को द्वितीय एवं बी.बी.ए., द्वितीय वर्ष के छात्र बहादुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम के समन्वयक व यांत्रिकी विभाग के डॉ. विनीत सिंह एवं आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग ने किया।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना-05-TELE-CardRepMB-2025-26 दि० 29.08.2025

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं। सं०: 1 निविदा संख्या और कार्य का विवरण: 05-TELE-CardRepMB-2025-26 रिपेयरिंग ऑफ फौल्टी कार्ड्स ऑफ कम्युनिकेशन इक्विपमेंट (STM, MUX, Router, Modem, 48V charger etc.) over Moradabad Division. लगभग लागत रुपये: 4509783.00 अग्रिम धन रुपये: 90200 निविदा फॉर्म की लागत रु: 0 निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय: 25/09/2025 15:00 बजे।

नोट: -निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 2638/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र अर्जुन चौहान गलत संगत एवं नशे आदि का सेवन करने लगा है। अतः मैं अपने पुत्र अर्जुन चौहान के गलत आचरण के चलते सभी संबंध विच्छेद करती हूँ। मेरी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से उसे बेदखल किया जाता है। उसके किसी भी प्रकार के कृत्य, कर्ज या अवैध कार्य के लिए मैं स्वयं तथा मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। भविष्य में अर्जुन के किसी भी लेन-देन, तथा आचरण का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुधा रानी पत्नी स्व. दिनेश कुमार निवासी लक्ष्मी नगर निकट एनसीसी ऑफिस धामपुर जिला बिजनौर।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 01.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़ विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 13.09.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 13.09.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शराफत के घर से मैन रोड तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा टाईल्स आदि। | 120 मी0 | 528663/- | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


# ट्यूबवेल से सामान चोरी करने वाले दो चोरों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने ट्यूबवेल से सामान चोरी करने वाले दो चोरों को पकड़ लिया। उनके पास चोरी का सामान भी बरामद हुआ। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की जांच के दौरान दो आरोपियों के नाम सामने आए। बिलारी के गांव अबू सैदपुर निवासी राजेश पुत्र रामकुवंर सिंह के दो ट्यूबवेल से चोर 31 अगस्त को काफी सामान चोरी करके ले गए थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद पुलिस ने नौसेना गांव के गजेंद्र पुत्र बांदू सिंह, महावीर पुत्र नन्हे को गिरफ्तार किया। उनके पास ट्यूबवेल से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ। आरोपियों पर चोरी का मुकदमा दर्ज करके उन्हें पुलिस ने जेल भेज दिया।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र करम जीत सिंह को गलत आचरण एवं बुरी संगत में पड़ जाने एवं मेरे तथा मेरे बाकी परिवार वालों के कहने व सुनने में न रहने के कारण सभी प्रकार के आपसी संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में करम जीत सिंह के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुक.दमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**परमजीत कौर पत्नी स्व. बलविन्दर सिंह निवासी ग्राम बाबली ( लड्डू वाला ) परगना/थाना अफजलगढ़, तह. धामपुर जिला बिजनौर।**



**खोया-पाया सूचना**

मेरा मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 905, पृष्ठ संख्या 124 /125 तथा क्रमांक 2240 है दिनांक 22-11-1956 को उप निबंधक कार्यालय में पंजीकृत है, जिसे कुंवर सरदार सिंह पुत्र कुंवर ललतू सिंह ने मोहनलाल पुत्र शोभा राम निवासी कजरी सराय मुरादाबाद को क्रय किया था, वास्तव में खो गया है काफी ढूंढने पर नहीं मिला। चंद्रकला पत्नी प्रकाश सैनी निवासी भारत प्रोविजन स्टोर के सामने, सराय कोठीवालान मुरादाबाद में श्रृण हेतु आवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति कृपया 7 दिन के अंदर इस पते पर संपर्क करें। एडवोकेट कुलभूषण सक्सेना कक्ष संख्या बी-10 अधिवक्ता भवन, न्यायालय परिसर, मुरादाबाद। मोबाईल- 989737417



**कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्त्यारपुर नवादा**
**विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)**

पत्रांक: परावि/ पंचायत सहायक / 2025-26 दिनांक: 01.09.2025

**-: विज्ञापनः -**

पंचायतीराज उ०प्र० के पत्र सं० 6/ 2222 / 2018-6/208-11 / 2024-25 दिनांक 17-12-2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

कुल पद-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 अगस्त, से 29 अगस्त, 2025 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 16 सितम्बर, 2025 से 20 सितम्बर, 2025 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची ( मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 21 सितम्बर, 2025 से 27 सितम्बर, 2025 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | 28 सितम्बर, 2025 से 03 अक्टूबर, 2025 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 05 अक्टूबर, 2025 से 08 अक्टूबर 2025 तक |

आवेदन की प्रक्रिया: निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं निदेशक, पंचायती राज, उ०प्र० के पत्र संख्या 6/2222/2018-6/208-11/2024-25 दिनांक 17-12-2024 के अनुरूप संचालित होंगे।

नोट:- पंचायत सहायक का पद अनारक्षित रहेगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- मुख्त्यारपुर नवादा**
**विकास खण्ड छजलैट ( मुरादाबाद )**



**कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रीपुर**
**विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)**

पत्रांक: परावि/ पंचायत सहायक / 2025-26 दिनांक: 01.09.2025

**-: विज्ञापनः -**

पंचायतीराज उ०प्र० के पत्र सं० 6/ 2222 / 2018-6/208-11 / 2024-25 दिनांक 17-12-2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

कुल पद-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 अगस्त, से 29 अगस्त, 2025 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 16 सितम्बर, 2025 से 20 सितम्बर, 2025 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची ( मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 21 सितम्बर, 2025 से 27 सितम्बर, 2025 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | 28 सितम्बर, 2025 से 03 अक्टूबर, 2025 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 05 अक्टूबर, 2025 से 08 अक्टूबर 2025 तक |

आवेदन की प्रक्रिया: निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं निदेशक, पंचायती राज, उ०प्र० के पत्र संख्या 6/2222/2018-6/208-11/2024-25 दिनांक 17-12-2024 के अनुरूप संचालित होंगे।

नोट:- पंचायत सहायक का पद अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित रहेगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- मिश्रीपुर**
**विकास खण्ड छजलैट ( मुरादाबाद )**

# दिनभर की बरसात से शहर में हुआ जलभराव

## फुव्वारा चौक से स्टेशन तक जलभराव, पानी में बंद हुए दुपहिया वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार को दिनभर हुई झमाझम बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार हुई बरसात के चलते पूरा शहर जलमग्न हो गया। प्रमुख मार्गों और बाजारों में जलभराव से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जगह-जगह दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए, जिससे वाहन चालकों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। पैदल चलने वाले लोगों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ा, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश का सबसे ज्यादा असर फुब्बारा चौक से लेकर स्टेशन, संभल गेट और गौशाला रोड पर





देखने को मिला। यहां सड़कें पूरी तरह से तालाब जैसी नजर आईं। दुकानों और घरों में पानी घुस जाने से लोग परेशान होते रहे। नगरवा. सियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह समस्या कोई नई नहीं है। हर साल बारिश में यही हालात बनते हैं, आज तो पूरे दिन बारिश हुई है अन्यथा मात्र 10 मिनट की बारिश से ही जलभराव होना आम बात है। नगरपालिका जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं कर पाती।

## घर में घुसकर मारपीट करने में दो पर एफआईआर

**कांठ।** घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है घटना थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा कुई की है वहां के शिवराम का कहना है कि 30 अगस्त की रात 9:00 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में बैठा हुआ था तभी गांव के जयप्रकाश व नीटू पुत्रगण खचेडू शराब पीकर घर में आ गए और गाली गलौज करने लगे समझाने पर नहीं माने तो डायल 112 को फोन किया फिर कुछ गांव के लोगों ने समझा कर आपस में समझौता करा दिया। लेकिन अगले दिन सुबह 8:00 बजे दोनों भाई हाथों में धारदार हथियार, सरिया आदि लेकर घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से उसके पिता वीर सिंह के सिर पर प्रहार कर दिया इस मारपीट में उसकी मां के भी काफी चोटे आई पीड़ित दोनों को लेकर थाने पहुंचा और तहरीर दी।

पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं।

## कुत्ते के काटने की शिकायत की तो मारपीट कर किया घायल, मामला दर्ज

**कांठ।** कुत्ता काटने की शिकायत लेकर गए पड़ोसी को मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने महिलाओं सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है थाना क्षेत्र के गांव ढाकी निवासी हरपाल सिंह पुत्र महर सिंह का आरोप है कि उसके पड़ोसी विक्की पुत्र खचेडा का कुत्ता कटखना हो चुका है उसने कई बार उससे कुत्ता बांधने को कहा लेकिन उसने इस पर ध्यान नहीं दिया 30 अगस्त को कुत्ते ने हरपाल को काट लिया इसकी शिकायत लेकर वह विक्की के घर गया तो विक्की प्रिंस प्रीति और रिंकी ने उसे गालियां देनी शुरू कर दी और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचा तो आसपास के लोग आ गए इसके बावजूद भी उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने महिलाओं सहित चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। बतादे की बंदर और कुत्तों के आतंक से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी समय से परेशान हैं इन्हें पकड़वाए जाने की मांग उठी तो कुत्ते प्रेमियों ने विरोध कर दिया इससे पहले शासन के कुत्तों का रजिस्ट्रेशन कराए जाने के निर्देश पर भी कोई अमल नहीं हुआ और अब इसी का परिणाम ग्रामीण हरपाल को भुगतना पड़ा है गांव के लोगों ने इस तरह के लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है।

## नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल माला पहनकर किया सम्मानित

**बिलारी।** तहसील बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी के चुनाव के लिए एल्डर कमेटी के अध्यक्ष कमाल अकबर एडवोकेट, सचिव रामकुवंर सिंह यादव ने पूरी रणनीति तैयार की। जिसके चलते बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के बायलाज के मुताबिक पदों पर चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए चौधरी विनय कुमार सिंह के भारी तादाद में अधिवक्ताओं का हूजूम नामांकन के लिए पहुंचा। अकेला नाम अध्यक्ष पद पर पहुंचा। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हलीम जावेद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद पाशा,वसीम अकरम प्रथम, विनय कुमार यादव, महासचिव पद के लिए सुनील कुमार सिंह,संयुक्त सचिव पद के लिए मोहम्मद कामिल एडवोकेट, वसीम अकरम द्वितीय, मनोहर सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए जबर सिंह का नाम पहुंचा। सभी पदों पर अन्य कोई और दावेदार नहीं पहुंचा। लिहाजा सभी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। सदस्य कनिष्ठ कार्यकारणी के लिए अंकित सिंह , इंतखाब आलम, संजीव कुमार श्रीवास्तव, शाने आलम, सुभान अली, सदस्य वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए सरताज उल हसन, उपेंद्र सिंह यादव, रईस अहमद अंसारी, नफीसुल हसन फौजी के नाम सामने आए सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। पूर्व बार के अध्यक्ष आफाक हुसैन एडवोकेट ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल माला पहनकर सम्मानित किया। भारी तादाद में अधिवक्ता नई कार्यकारिणी के स्वागत के लिए जुटे। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष कमाल अकबर एडवोकेट व सचिव रामकुवंर सिंह यादव ने कहा कि पूरा चुनाव बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के नियम के मुताबिक हुआ है। उम्र के अलावा अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन और प्रैक्टिस को भी ध्यान में रखा गया था। अध्यक्ष सचिव सचिव सहित सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन पहुंचे। लिहाजा सभी निर्विरोध निर्वाचित हो गए सभी को बहुत बहुत बधाई।

## पीस कमेटी की बैठक में त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं जाने का आह्वान




**कांठ।** आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन थाने में किया गया जिसमें आए एसपी देहात कुबर आकाश और तहसीलदार राजकुमार सिंह ने लोगों से पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने का आह्वान किया। बताया गया की ईद उल मिलादुन्नबी और गणपति मूर्ति विसर्जन को लेकर सभी को शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार संपन्न कराने हैं। उन्होंने इस दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में भी लोगों से जानकारी की नगर के लोगों ने हर पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने का प्रशासन को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानावाला के पास रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उत्तरखंड के थाना कुण्डा के ग्राम जगतपुर पट्टी निवासी मृतक की पत्नी वर्षा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर के बताया कि उसका पति अमित कुमार (42 वर्ष) पुत्र मुन्नू सिंह रविवार को अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम मानावाला रिश्तेदारी में आए हुए थे। दोपहर लगभग एक बजे जब वह मानावाला से अपने घर लौट रहे थे तभी मानावाला मंदिर के पास सुरजननगर की ओर से आ रहे एक ट्रक अशोक लीलैंड के चालक ने तेज गति व लापरवाही से सामने से टक्कर मार दी। हादसे में अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कूड़े के ढेर पर पड़े मिले पुष्टाहार के खाली पैकेट, आलाधिकारी अनजान

**सुरजननगर।** सुरजन नगर में स्योहारा रोड पर डिग्री कालेज के निकट कूड़े के ढेर पर पुष्टाहार के खाली पैकेट फेंक दिए। सरकार द्वारा संचालित योजना का बना दिया मजाक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती, धात्री, किशो. रियों और बच्चों को पुष्टाहार का वितरण किया जाता है, जिससे यह लोग इसका उपभोग कर सही से पोषण पा सकें। इनको बाकायदा प्रतिमाह विभाग के माध्यम से पैकेटों में पुष्टाहार दिया जाता है, लेकिन बीते दिन की सोमवार को गाँव के सुरजन. नगर में कूड़े के ढेर में एक इतनी बड़ी संख्या में एक ही स्थान पर 500 से ऊपर की संख्या में आगनबाडी द्वारा गर्ववती महिलाओं का पुष्टाहार आहार के खाली पैकेट में कूड़े के ढेर पर पड़े होना पुष्टाहार के दुपर्योग की तरफ इशारा करता है। गोदाम से एक सप्ताहपूर्व पुष्टाहार का आंगन बाड़ी कार्यकत्रियों को आंवटन का वितरण किया गया है। कार्यकत्रियों को लाभार्थियों को प्रति पैकेट के हिसाब से वितरण करना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आगनबाडी द्वारा गर्ववती महिलाओं का पुष्टाहार का वितरण नहीं करती है। इस तरह हर माह सरकारी पुष्टाहार गर्ववती,धात्री महिला व बच्चों की जगह पशु खा रहे हैं। सीडीपीओ अनीता के अनुसार उनके संज्ञान में नहीं है। कार्यकत्रियों से जानकारी की जाएगी।

# 'हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम में पंच प्रणों का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई प्राथमिक संवर्ग द्वारा ब्लॉक ठाकुरद्वारा में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। महासंघ द्वारा पंच प्रणों का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण कराई गई।महासंघ द्वारा बताया गया कि शिक्षक का दायित्व मात्र विद्यार्थियों को पढ़ाना और पाठ्यक्रम पूर्ण करना नहीं है बल्कि एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए,एक सशक्त समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। इसी भाव से प्रेरित होकर हम शिक्षक अपने विद्यालयों में अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं।हमें अपने शिक्षक होने पर गर्व है और हमारा विद्यालय जहां हम देश की भावी पीढ़ी तैयार करते हैं हमारा स्वाभिमान है। विद्यालयों के प्रति यही भाव हमे अपने विद्यार्थियों में भी जगाना है तथा समुदाय, समाज और शासन को भी यही संदेश देना है। पंच प्रण को यदि शिक्षकों के साथ विद्यार्थी और विद्यार्थियों के माध्यम से समुदाय और



समाज भी आत्मसात कर ले तो भारत में यह शिक्षा, विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा की दशा व दिशा बदलने में, बेहतर नागरिक तैयार करने में, सशक्त समाज निर्माण में, समृद्ध राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इस वृहद उद्देश्य के निमित्त तथा वर्तमान परिदृश्य में गुरु पद की प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना, विद्यालयों को अग्रणी बनाने के उद्देश्य तथा छात्रों के सामाजिक और चारित्रिक विकास के संकल्प के साथ कार्यक्रम विद्यालयों करने की योजना रचना है। साथियों, शैक्षिक संगठन केवल विरोध के लिए नही होता, बल्कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज में शिक्षा और शिक्षक के प्रति सकारात्मक भाव जागृत कराने के लिए भी होता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ प्र समस्याओं के समाधान के साथ साथ अपने रचनात्मक कार्यों के लिए भी जाना जाता है। गत वर्षों में कर्तव्यबोध दिवस, गुरुवंदन तथा स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाए जाने के हम सब साक्षी रहे हैं। आज भी महासंघ द्वारा छात्रहित, शिक्षाहित और शिक्षकहित में हमारा विद्यालय -हमारा स्वभिमान कार्यक्रम का आयोजन कराकर विद्यालय,विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रति समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है।ब्लॉक अध्यक्ष आशीष सिंह द्वारा बताया गया कि लगभग 88 विद्यालयों द्वारा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम को भव्य ढंग से अपने विद्यालयों में आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों के समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों ,अनुदेशकों व बच्चों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार भारती (महामंत्री), सत्येंद्र कुमार (वरिष्ठ उपाध्यक्ष),रवि यादव (संगठन मंत्री), मनोज कुमार (संयुक्त मंत्री),महताब सिंह (कोषाध्यक्ष) आदि शामिल रहे।

# समाज में एकता का संदेश देने पर आकिब अल्वी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/बरेली।** समाज में आपसी एकता और भाईचारे का संदेश फैलाने उद्देश्य से भारत चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बरेली में भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें युवा वक्ता आकिब अल्वी पुत्र रईस अल्वी ने प्रभावशाली उद्बोधन देकर सबका दिल जीत लिया। उनकी प्रेरणादायक स्पीच पर उन्हें बेस्ट परफॉर्मेंस का प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्ला तरीक के आह्वान पर हुआ, जिनका उद्देश्य समाज में हिंदू-मुस्लिम एकता, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में आकिब अल्वी ने कहा कि भारत की असली ताकत इसकी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी मोहब्बत में छिपी है। अगर हर व्यक्ति एक-दूसरे के धर्म, संस्कृति और विचारों का सम्मान करे तो देश में स्थायी शांति कायम हो सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नफरत से ऊपर उठकर मोहब्बत और इंसानियत को प्राथमिकता दें और




सोशल मीडिया व अपने दैनिक जीवन में एकता का संदेश फैलाएँ। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवाओं की समाज को हमेशा जरूरत है, जो विचारों और कर्मों से लोगों को जोड़ने का काम करें।

## बारिश का कहर: दीवार ढही, दबकर क्षतिग्रस्त हुई दो कारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार रात से शुरू हुई झमाझम बारिश सोमवार को भी दिनभर जारी रही। मूसलाधार बरसात ने जहां शहर को पानी-पानी कर दिया, वहीं कई जगहों पर दीवार गिरने की घटनाएं भी सामने आईं। लगातार बारिश से नगर की सड़कों पर जलभराव हो गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। गणेश मेला में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी अपनी कारें रोटरी नेत्र चिकित्सालय से पहले चमेली गिरि मंदिर के सामने दीवार के किनारे खड़ी कर जाते हैं।

सोमवार को तेज बारिश के कारण यह दीवार अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में दो कारें आ गईं। इसमें कार संख्या यूपी 14 सीवी 2890 और डीएल 12 सीसी 9711 क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार हो रही बारिश से दीवार पहले से ही कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि उस समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## मारपीट और धमकी मामले में महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना हजरतनगर गढ़ी पर वादी वीरपाल पुत्र संतरसिंह कुमार नि. ग्राम अढोला थाना हजरत नगर गढ़ी जनपद संभल की तहरीर सूचना कि अभियुक्तों द्वारा वादी के पुत्र के साथ मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना हजरतनगर गढ़ी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। सोमवार को पुलिस द्वारा जीव कुमार निवासी ग्राम अढोला थाना हजरतनगर गढ़ी जिल संभल को ग्राम अढोला माफी से गिरफ्तार किया गया।

# सामूहिक दुष्कर्म व तेजाब डालने की धमकी पर चार नामदर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम कमालपुरी निवासी एक युवती ने चार नामजद व दो अज्ञात लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म, तेजाब डालने का प्रयास और जान से मारने की धमकी लगाने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कर बताया कि अदनान पुत्र मुस्तकीम, अजमत पुत्र आकिल, महबूब आलम पुत्र शरीफ और मुमताज पुत्र शरीफ सहित दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि अदनान ने उसका हाथ पकड़कर तमंचा सीने पर तान दिया और जबरन साथियों के साथ अमरूद की बगिया में ले गया। वहां महबूब, मुमताज और अजमत ने उसके कपड़े फाड़कर छेड़छाड़ की और फिर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान अदनान ने वीडियो भी बनाई और धमकी दी कि मुकदमा वापिस न लेने पर वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद अदनान ने अजमत से तेजाब मंगवाकर उस पर डालने की कोशिश की, लेकिन व बाल-बाल बच गई। आरोपियों ने उसे गालियां दीं, सोने के कुण्डल और बैग लूट लिया तथा जान से मारने की धमकी देकर 8 दिन में मुकदमा वापिस लेने का दबाव बनाया। जब पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने जाने लगी तो रास्ते में भी आरोपी हथियार लेकर आ गए और उन्हें घेर लिया। भयभीत परिवार 112 नंबर पर कॉल करने की कोशिश करता रहा, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद पीड़िता अपने पिता के साथ उच्चाधिकारियों से शिकायत करने मुरादाबाद गई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बारह वफात के जुलूस को लेकर आयोजकों व संभ्रांत लोगों के साथ शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को कोतवाली परिसर में पुलिस प्रशासन ने आगामी बारह वफात के जुलूस के संबंध में आयोजकों और नगर व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ एक समन्वय बैठक का आयोजन किया। बैठक में इस वर्ष भी पिछले वर्षों की तरह ही जुलूस को शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से निकालने पर जोर दिया गया। प्रशासन ने आयोजकों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या या जानकारी देनी हो, तो वे समय रहते पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। साथ ही, आयोजक समिति को निर्देश दिया गया कि वे जुलूस की अनुमति हेतु उप जिलाधिकारी कार्यालय, ठाकुरद्वारा में आवश्यक प्रार्थना पत्र देकर औपचारिक अनुमति प्राप्त करें। बैठक में आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्देश यह भी जारी किया गया कि जुलूस के दौरान केवल धार्मिक नारे ही लगाए जाएं। किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति विशेष के खिलाफ अनावश्यक टिप्पणी न की जाए। आयोजक समिति के जिम्मेदारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी लोग प्यार और सौहार्द के साथ मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। इस बैठक में प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह सहित अन्य उप निरीक्षक, बीट प्रभारी तथा हाजी मुख्तार सैफी, सादिक सिद्दीकी, एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, व अन्य प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फाल आर्मीवर्म जैसे विदेशी किट से अभी नहीं है यहां पर गन्ने को खतरा

**कांठ।** गन्ने की खेती को सुरक्षित और उत्पादक बनाए रखने के लिए समाज कल्याण एवं गन्ना विभाग ने मुरादाबाद परिक्षेत्र में गहन निगरानी अभियान शुरू कर दिया है। 564 विभागीय टीमें 179 जोन में विभाजित होकर खेतों का निरीक्षण कर रही हैं और किसानों को तकनीकी सुझाव दे रही हैं।उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने बताया कि शासन के निर्देश पर गन्ना शोध केंद्र शाहजहांपुर और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के साथ विभागीय अधिकारियों ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया है। निरीक्षण में पाया गया कि केवल को-0238 किस्म और देर से बोई गई फसल में लाल सड़न (रेड राट) तथा कहीं-कहीं पोक्का बोइंग रोग के शुरुआती लक्षण दिखे हैं। प्रभावित खेतों में किसानों को तत्काल रोगग्रस्त क्लैम्प उखाड़कर रोगिंग करने और बरसात के बाद कॉपर आक्सीक्लोराइड का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फाल आर्मीवर्म जैसे विदेशी कीट का खतरा तथ्यहीन और भ्रामक है। मुरादाबाद परिक्षेत्र की गन्ना फसल में ऐसा कोई असर नहीं मिला है। फसल बचाव के लिए चीनी मिलों की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। किसान सहायता के लिए 0591-4012324 या टोल फ्री नंबर 1800-121-3203 पर संपर्क कर सकते हैं।

### चमन ऋषि आश्रम की दो तेंदुए करते हैं रात को निगरानी, अभी तक नहीं किया किसी पर हमला



**कांठ।** मुख्तियारपुर नवादा गांव के पास नहर किनारे स्थित स्वामी चमन ऋषि महाराज के आश्रम की निगरानी दो तेंदुए काफी समय से करते चले आ रहे हैं इन तेंदुओं ने अभी तक किसी भी व्यक्ति पर हमला नहीं किया है। हालांकि तेंदुए को बेखोफ वहां घूमते देख आसपास के किसानों में डर का माहौल जरूर है। बतादे की कुछ साल पहले चमन ऋषि आश्रम पर स्वामी जी की गैर मौजूदगी में किसी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था इसके बाद उन्होंने आश्रम के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए लेकिन फिर उन्होंने देखा की रात को दो तेंदुए उनके आश्रम के पास टहलते रहते हैं। स्वामी जी के मुताबिक कभी दो तो कभी तीन तेंदुए काफी समय से आश्रम के पास देखे जा रहे हैं और उनकी गैर मौजूदगी में तो तेंदुए आश्रम के परिसर और वहां खड़े पेड़ों पर भी अक्सर दिखाई देते हैं। तेंदुए की आवक होने के बाद किसी चोर की हिम्मत वहां से कोई सामान उठाने की नही हुई है रात को वहां से गुजर रहे कुछ कार सवार लोगों ने वहां तेंदुओं को टहलते देखा एक छोटा तेंदुआ पेड़ पर अठखेलियाँ करता दिखा तो बड़ा तेंदुआ आश्रम के परिसर में बैठा हुआ मिला। कार सवारो ने हॉर्न बजाया तो दोनों तेंदुए पास में गन्ने के खेत में चले गए बताया गया कि इन तेंदुओं को काफी समय से वहां पर देखा जा रहा है और इनकी आवक से स्वामी चमन ऋषि भी आश्वस्त रहते हैं। लेकिन आसपास के लोग जरूर इन तेंदुए के बेखोफ घूमने से डरे हुए हैं मगर इन्होंने अभी किसी व्यक्ति पर हमला नहीं किया है।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान में दिलाया पंच प्रण संकल्प



**कांठ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक छजलैट प्राथमिक संवर्ग द्वारा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमे पंच प्रणों का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण कराई गई। बताया गया कि शिक्षक का दायित्व मात्र विद्यार्थियों को पढ़ाना और पाठ्यक्रम पूर्ण करना नहीं है। बल्कि एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए,एक सशक्त समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है।इसी भाव से प्रेरित होकर हम शिक्षक अपने विद्यालयों में अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं।हमें अपने शिक्षक होने पर गर्व है।

जहां हम देश की भावी पीढ़ी तैयार करते हैं हमारा स्वाभिमान है। विद्यालयों के प्रति यही भाव हमे अपने विद्यार्थियों में भी जगाना है तथा समुदाय, समाज और शासन को भी यही संदेश देना है।पंच प्रण को यदि शिक्षकों के साथ विद्यार्थी और विद्यार्थियों के माध्यम से समुदाय और समाज भी आत्मसात कर ले तो भारत में यह शिक्षा, विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा की दशा व दिशा बदलने में, बेहतर नागरिक तैयार करने में, सशक्त समाज निर्माण में, समृद्ध राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इस वृहद उद्देश्य के निमित्त तथा वर्तमान परिदृश्य में गुरु पद की प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना, विद्यालयों को अग्रणी बनाने के उद्देश्य तथा छात्रों के सामाजिक और चारित्रिक विकास के संकल्प के साथ कार्यक्रम विद्यालयों करने की योजना रचना है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ प्र समस्याओं के समाधान के साथ साथ अपने रचनात्मक कार्यों के लिए भी जाना जाता है। गत वर्षों में कर्तव्यबोध दिवस, गुरुवंदन तथा स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाए जाने के हम सब साक्षी रहे हैं। आज भी महासंघ द्वारा छात्रहित, शिक्षाहित और शिक्षकहित में ष्हमारा विद्यालय -हमारा स्वभिमान कार्यक्रम का आयोजन कराकर विद्यालय,विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रति समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है।ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव द्वारा बताया गया कि 91 विद्यालयों द्वारा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम को भव्य ढंग से अपने विद्यालयों में आयोजित कराया गया।कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों के समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों ,अनुदेशकों व बच्चों द्वारा भाग लिया गया।

### शारदीय नवरात्र में इस बार 10 दिन होगी माता शक्ति की पूजा

**कांठ।** शारदीय नवरात्र इस बार 10 दिन के होंगे। चतुर्थी तिथि में बढ़ोतरी होने के कारण नौ के बजाय 10 दिनों तक शक्ति की आराधना भक्त करेंगे। नवरात्र की शुरुआत 22 सितंबर से हो रही है। अष्टमी का व्रत 30 सितंबर को और महानवमी एक अक्तूबर को मनाई जाएगी। दो अक्तूबर को माता को विदाई दी जाएगी।ज्योतिषाचार्य पीके कौशिक के मुताबिक शारदीय नवरात्र इस बार 10 दिनों का होगा और 11वें दिन विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। प्रतिपदा की शुरुआत भोर में 1:25 बजे होगी और अगले दिन मध्यरात्रि के बाद 2:57 बजे तक रहेगी। चतुर्थी तिथि 25 और 26 सितंबर को रहेगी। दो दिन चतुर्थी तिथि का मान रहेगा और मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांड का पूजन होगा। इस बार माता का आगमन गज पर होगा और प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर होगा। इस बार नवरात्र का योग देश और दुनिया के लिए सुखदायक है। देश की संप्रभुता एवं प्रभाव बढ़ेगा। नवरात्र में तिथि की बढ़ोतरी अच्छी मानी जाती है। देश का व्यापार बढ़ेगा, पड़ोसियों से संबंध सुधरेंगे और यह शुभ फलदायक है। ये संकेत है कि आने वाला समय सुख, समृद्धि से परिपूर्ण होगा।

### लगातार हो रही बारिश से मौसम ने बदली करवट, ठंड का हुआ एहसास

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार का दिन मौसम सुहाना रहा। तड़के सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा जम गया। हल्की-हल्की फुहारों के साथ बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हुआ, जो दिनभर रुक-रुककर चलता रहा। पूरे दिन सूरज की झलक तक नहीं मिली। लगातार बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया और लोगों को गर्मी व उमस से बड़ी राहत मिली। गर्मी से बेहाल लोग सोमवार को राहत की सांस लेते दिखाई दिए। सुबह काम पर निकलने वाले लोग बूंदाबांदी का आनंद लेते नजर आए। बाजारों में सन्नाटा-सा पसरा रहा, वहीं मोहल्लों और गलियों में बच्चे बारिश में भीगकर मस्ती करते नजर आए। युवाओं ने भी फुहारों का खूब आनंद उठाया। लगातार हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे भी खिला दिए हैं। खरीफ की फसलों, विशेषकर धान, मक्का और सोयाबीन के लिए यह बारिश संजीवनी साबित हो रही है।

सोमवार को हुई बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने लोगों को हल्की ठंडक का एहसास कराया। सुबह से ही मौसम का मिजाज इतना सुहावना रहा कि लोग घरों की छतों और आंगनों में बैठकर ठंडी हवाओं का आनंद लेते रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उ.मुबंई में होगा सांसद खेल महोत्सव

**मुम्बई, वार्ता।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी खेलों से खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए कांदिवली पश्चिम स्थित एमसीए क्लब में सोमवार को उत्तर मुंबई में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। गोयल ने मुम्बई स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर के बीच व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम खेल को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य लगभग एक लाख खिलाड़ियों को जोड़ने और भारत में खेले जाने वाले सभी खेलों जैसे हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी आदि को प्रोत्साहन देने का है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम हमारे खिलाड़ियों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जिससे वो देश के साथ-साथ विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकें।

### एस20 की नीलामी में एंडरसन और शाकिब उपलब्ध

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन नौ सितंबर को होने वाले एसए 20 2026 की नीलामी के लिए उपलब्ध 541 खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी के लिए एंडरसन सहित इंग्लैंड के कुल 97 खिलाड़ी उपलब्ध हैं जिसमें मोईन अली, एलेक्स हेल्स और एसए20 2025 फाइनल के प्लेयर ऑफ़ द मैच टॉम एबेल शामिल हैं। एंडरसरन ने टी-20 ब्लास्ट में लैंकशायर के लिए खेलते हुए टी-20 क्रिकेट में 11 वर्षों बाद वापसी की थी, वहीं उन्होंने द हंड्रेड में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के लिए आठ में से तीन मैच खेले। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान नीलामी के लिए उपलब्ध बांग्लादेश के 14 खिलाड़ियों में शामिल हैं। डी'आर्की शॉर्ट और पीटर हत्योग्लू नीलामी सूची में शामिल केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं क्योंकि बीबीएल और एसस20 एक साथ होने वाले हैं। नीलामी में 28 वेस्टइंडीज और 24 श्रीलंकाई खिलाड़ी हैं, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी नीलामी सूची में शामिल एकमात्र नेपाली खिलाड़ी हैं। एडन मारक्रम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप द्वारा रिटेन न किए जाने का फैसला किया, सूची में दक्षिण अपीका के 300 खिलाड़ियों में प्रमुख हैं, उनके साथ टी-20 विश्व कप 2024 के उपविजेता खिलाड़ी अनरिख नॉर्खिए, क्विंटन डी कॉक, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और गेराल्ड कोएत्जी भी शामिल हैं।



# महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि

**वर्ष 2022 में पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर थी, जिसे बढ़ाकर 138.8 कर दी**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है।

आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमे. रिकी डॉलर (लगभग 30-80 करोड़ रुपये) थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है। विश्वकप विज. ेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13-2 लाख अमेरिकी डॉलर (11-62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19. 71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11-2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप-स्टेज में प्रत्येक जीत के लिए विजेताओं को 34,314 अमेरिकी डॉलर (30-2 लाख रुपये) मिलेंगे।

# जेमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



- **कहाः मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑराउंडर जेमी ओवरटन ने सोमवार को शारीरिक क्षमता का हवाला देते हुए टेस्ट क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की। जेमी ओवरटन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपनी पोस्ट में लिखा कि काफी सोच-विचार के बाद, मैंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि लाल गेंद वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है और अब तक मुझे खेल में मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है। यहीं से मैंने खेल सीखा और इसने मेरे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को बल दिया जो मुझे इतने लंबे समय तक प्रेरित करती रहीं। हालांकि, मेरे करियर के इस पड़ाव पर, 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की मांगों के साथ, अब हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना, शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से, संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर रहेगा और मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा। 2022 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले ओवरटन ने अब तक केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं, उनका आखिरी मैच हाल ही में समाप्त हुई घरेलू श्रृंखला में भारत के खिलाफ ओवल में था। इस ऑलराउंडर ने टेस्ट की दो पारियों में केवल दो विकेट लिए और नौ रन बनाए।

2012 में सरे के साथ शुरू हुआ उनका प्रथम श्रेणी करियर थोड़ा ज़्यादा शानदार रहा है, जहां 31 वर्षीय ओवरटन ने 21-51 की औसत से 2410 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में, उन्होंने 99 मैचों में 31-66 की औसत से 239 विकेट लिए हैं।

# चंद्रशेखर-प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर

- **चंद्रशेखर और विजय की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत ने यूएस ओपन 2025 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी की इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस साल के फ्रेंच ओपन की सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। आठवें गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने पहला सेट गंवा दिया, लेकिन दूसरे गेम के छठे गेम में अमेरिकी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की और निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने तीसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और शुरुआती गेम में इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की सर्विस तोड़कर मैच के बाकी समय तक अपनी सर्विस बचाए रखी। अंतिम क्षणों में वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने वाली भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ की जोड़ी के साथ मुकाबला करेगी। हालांकि, पुरुष युगल ड्रॉ में भारत की ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली और एन-श्रीराम बालाजी की जोड़ी अपने पहले दौर के मैच से आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय जोड़ी बार्ट स्टीवंस और वासिल किरकोव की डच-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 3-6, 7(10)-6(8), 6-4 से हार गई और साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गई।

# सबालेंक, नोवाक व अल्काराज क्वार्टरफाइनल में

- **एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की किस्ट्रीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। सबालेंका का अगले दौर में मुकाबला कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना और चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रा. ेसोवा के बीच होने वाले मैच के विज. ेता से होगा। आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात नोवाक जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की। एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच का अगला मुक. ाबला अमेरिकी नंबर 4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था। मैच के बाद साक्षात्कार में जोकोविच ने कहा कि अगर आप अच्छी सर्विस करते हैं तो यह निश्चित रूप से मददगार होता है। मुझे लगता है कि पिछले राउंड में और आज भी मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। शायद मुझे उतनी मेहनत करने की ज़रूरत नहीं है।

अपने करियर के ज़्यादातर समय मैं बेसलाइन से दौड़ता, फिसलता और घिसटता रहा हूं। लेकिन जब सही समय आता है, तो मैं आक्रामक होने का प्रयास करता हूं। रात भी ऐसा ही हुआ। इस जीत के साथ जोकोविच ने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया, जो दोनों 13-13 यूएस ओपन क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचे थे, और अब वह 14-14 के साथ अकेले खड़े हैं। ओपन एरा रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके हैं।



# आकर्शी कश्यप को मिला एनटीपीसी कोरबा का समर्थन

**रायपुर, वार्ता।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन स्टार आकर्शी कश्यप को एनटीपीसी कोरबा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत समर्थन दिया है। आकर्शी ने लागोस इंटरनेशनल क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। आकर्शी ने अपनी खुशी व्यद्र करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एनटीपीसी कोरबा और मेरे शुभचिंतकों के निरंतर समर्थन के बिना संभव नहीं थी। यहां का अनुभव मुझे और कड़ी मेहनत करने और बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। आकर्शी की अगली चुनौती वियतनाम इंटरनेशनल सीरीज़ है जो नौ से 14 सितंबर 2025 तक खेली जाएगी।

# सोनी बेकर द. अफ्रीका के खिलाफ करेंगे अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण

- **सोनी बेकर ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में 9 विकेट हासिल किए**



**हेडिंग्ले, वार्ता।** हैम्पशायर के तेज गेंदबाज सोनी बेकर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। 22 वर्षीय बेकर ने अब तक केवल 11 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन हंड्रेड के दौरान उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में नौ विकेट लिए। उन्होंने सर्दियों में लायंस के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इस साल की शुरुआत में उन्हें इंग्लैंड का अनुबंध मिला। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्से इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में उनके साथ शामिल होंगे। हैरी ब्रुक दूसरी श्रृंखला में एकादश की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जेमी स्मिथ और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाये रखा गया है। पहले एकदिवसीय मैच के लिए इंग्लैंड की एकादश इस प्रकार है:- जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और सन्नी बेकर।

# टेनिस प्रीमियर लीग का ऐतिहासिक सातवां सीजन अहमदाबाद में

**मुंबई, वार्ता।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्व. विद्यालय टेनिस स्टेडियम आयोजित होगा। महाराष्ट्र के बाहर पहली बार आयोजित होने वाले टीपीएल के सातवें सीजन में लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों द्वारा समर्थित आठ-फ्रैंचाइजी प्रतियोगिता में एटीपी रैंकिंग में 30 से 50 के बीच रैंकिंग वाले अंतर्राष्ट्रीय टेनिस सितारे, दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित भारत के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे। टीपीएल के सह-संस्थापक, कुणाल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि हमें टीपीएल को पहली बार गुजरात में लाकर खुशी हो रही है। शहर की ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और खेलों के प्रति जुनून इसे एक आदर्श मेजबान बनाते हैं। सातवां सीजन अहमदाबाद के प्रशंसकों के लिए विश्व स्तरीय टेनिस एक्शन प्रदान करते हुए एक विशेष संस्करण होने का वादा करता है। गुजरात टेनिस संघ के सचिव श्रीमल भट्ट ने कहा कि गुजरात के इतिहास में पहली बार, 30 से 50 वर्ष की आयु के शीर्ष एटीपी रैंकिंग वाले खिलाड़ी हमारे राज्य में आ रहे हैं। यह गुजरात में टेनिस के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा।

# दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को, मलेशिया ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बांग्लादेश को हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं मलेशिया की टीम ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से रौंदा। बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम, खेले गए क्वार्टर फाइनल के ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 के विशाल अंतर से परा. जित कर सुपर फोर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

मैच की शुरुआत से ही दक्षिण कोरियाई टीम ने अपनी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी डेन सोन ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया का दबदबा बना रखा 16वें मिनट में सिंगबू ली ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 22वें मिनट में सेयोंग ओह ने चौथा गोल दागकर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया। इसी दौरान 22वें मिनट में ही शोहानुर शोबुज ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बांग्लादेश की टीम के लिए गोल किया। मैच के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया ने उन्हें मिले पेनाल्टी स्ट्रोक को अनुभवी खिलाड़ी जिहुन यांग ने गोल दागकर 5-1 के स्कोर के साथ अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। वहीं एक अन्य मैच में मलेशिया ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से हराया।

# वेस्ट दिल्ली लायंस ने जीता डीपीएल का खिताब



- **नितीश राणा ने एक विकेट लेकर 79 रनों की पारी भी खेली, वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंटर दिल्ली किंग्स को हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नितीश राणा (एक विकेट/79रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 का खिताब अपने नाम किया।

अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 173 रनों का स्कोर खड़ा किया। युगल सैनी ने 48 गेंदों में 65 रन बनाये। प्रांशु विजयरन ने 25 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली। आर्यन राणा (21), सिद्धार्थ जून (10) और जोंटी सिद्धू ने 10 रनों का योगदान दिया। मैच की शुरुआत में ही किंग्स का शीर्ष क्रम दबाव में लड़खड़ा गया और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। एक समय तो वे 78/6 के स्कोर पर लड़खड़ा रहे थे और वेस्ट दिल्ली लायंस पूरी तरह से नियंत्रण में दिख रही थी। जब युगल सैनी और प्रांशु विजयरन क्रीज पर आए तो कहानी नाटकीय रूप से बदल गई। दोनों ने धैर्य, संयम और चतुराई भरे शॉट चयन का परिचय देते हुए सातवें विकेट के लिए 78 रनों की शानदार साझेदारी की। युगल ने 48 गेंदों पर 65 रनों की दृढ़ पारी खेलकर पारी को संभाला, जिसमें लगातार रन बनाने के साथ-साथ समय पर चौके भी शामिल थे। दूसरे छोर पर, प्रांशु ने शानदार आक्रामक खेल दिखाया और सिर्फ़ 24 गेंदों पर नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। अंतिम ओवरों में उनके निडर स्ट्रोक्स ने सुनिश्चित किया कि किंग्स न केवल वापसी करें, बल्कि लायंस के शुरुआती दबदबे को कम करते हुए शानदार लय भी बनाए रखें।वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए मनन भारद्वाज और शिवांक वशिष्ठ ने दो-दो विकेट लिये। नितीश राणा, शुभम दुबे, मयंक गुसाई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सेंट्रल दिल्ली किंग्स के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरुण पुंडीर ने लगातार दो विकेट झटके, जिससे पांचवें ओवर में ही 48/3 के स्कोर पर लायंस की स्थिति खराब हो गई। ऐसे संकट के समय कप्तान राणा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने मयंक गुसाईं के साथ मिलकर 42 रनों की साझेदारी करके टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। गुसाईं (11 गेंदों पर 15 रन) तेजस बरोका का शिकार बने, लेकिन तब तक कप्तान ने नियंत्रण हासिल कर लिया था। इसके बाद राणा को ऋतिक शौकीन के रूप में एक आदर्श साथी मिला और दोनों ने सुनिश्चित किया कि आगे कोई झटका न लगे।

# केरल पर्यटन मंत्री आज सीताथोर्ड कायकिंग उत्सव का करेंगे उद्घाटन

- **प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष-महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में होगा**

**पथनमथिट्टा, वार्ता।** केरल के पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास मंगलवार को सीताथोड़े में राज्य पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कोडियेरी बालकृष्णन मेमोरियल सीताथोड कयाकिंग महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

सुबह 9:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक केयू जनीश कुमार करेंगे जबकि उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार कोन्नी में सीताथोड़े अग्निशमन केंद्र के पास कक्कट्टार नदी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाएंगे। पर्यटन विभाग के अंतर्गत केरल एडवेंचर टूरिज्म प्रमोशन सोसाइटी (केएटीपीएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को तकनीकी रूप से केरल कयाकिंग सोसाइटी और कैनोइंग एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष, महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में किया जाएगा जो 15 वर्ष से अधिक आयु के कयाकरों के लिए खुली है। कुल 110 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है जिनमें पुरुष एकल में 40, महिला एकल में 14, पुरुष युगल में 34, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में 14 प्रतिभागी शामिल हैं। इस महोत्सव में केरल के बाहर चार राज्यों से 12 कयाकर तथा यूक्रेन और नेपाल से दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य है जबकि कयाक, जैकेट और पैडल केएटीपीएस द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एसपी ग्रामीण ने फरियादियों की सुनी शिकायतें, समाधान के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को एक और जहां दिन भर बारिश का सिलसिला जारी रहा तो वहीं पुलिस अधिकारियों ने अपने कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं गयीं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। एसपी ग्रामीण के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित।

शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करे

## शांति व सौहार्द बनाए रखने को कलेक्ट्रेट में हुई पीस कमेटी की बैठक

**चन्दौसी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्दशी व बारावफात को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में बेहतर समन्वय के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक महोदया (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, अपर जिलाधिकारी सम्भल, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज कुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू, क्षेत्राधिकारी महोदय गुन्नौर दीपक कुमार, क्षेत्राधिकारी महोदय यातायात मनोज कुमार सिंह तथा प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तालाब में नहाने गए दो किशोर डूबे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में सोमवार को मूसलाधार बारिश के बीच तालाब में नहाने गए दो किशोर डूब गए, घटना की जानकारी लगते ही किशोरों के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना लगते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में किशोरो की तलाश शुरू कर दी गई है। बता दें कि सोमवार को तेज बारिश के बीच बड़ा हादसा हो गया।जनपद के मझोला थाना क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर में तालाब में नहाते समय दो किशोर डूब गए।किशोर जितेंद्र और अंकुश अपने साथियों के साथ पेड़ से तालाब में छलांग लगा रहे थे,अचानक दोनों गहरे पानी में समा गए और लापता हो गए। दोनों किशोरों के तालाब में डूबने की सूचना अन्य बच्चों ने उनके परिवार को दी, घटना की जानकारी लगते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया और तत्काल थाना मझोला पुलिस को सूचना दी गई, सूचना पर पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरों के साथ तालाब में किशोरो की तलाश शुरू कर दी गई है। सोमवार सुबह तड़के से ही मुरादाबाद महानगर में जोरदार बारिश का जो सिलसिला शुरू हुआ वह शाम तक चलता रहा।ऐसे में तेज बारिश के बीच मझोला थाना क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर में दो किशोर तालाब में नहाने के लिए पहुंच गए और पेड़ से छलांग लगाकर तालाब में कूदने के दौरान दोनों किशोर गहरे पानी में समा गए, उनकी चीख सुन आसपास के बच्चों ने आनन-फानन में उनके परिवार को सूचना दी, किशोरों के तालाब में डूबने की जानकारी लगते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए, साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में दोनों किशोर की तलाश शुरू कर दी। तालाब में दो किशोरी के डूबने की इस घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा।

# शब्दोपासना से टीएमयू का रिद्धि-सिद्धि भवन सुगंधित

● तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन को दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का रिद्धि-सिद्धि भवन कवियों की शब्दोपासना से सुगंधित हो उठा। इस कवि सम्मेलन में कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अंबर, श्री सौरभ सुमन, श्री दमदार बनारसी, श्री विनोद पाल और श्रीमती शिखा श्रीवास्तव के आस्थामय गीतों और भजनों पर सैकड़ों श्रावक और श्राविकाएं बार-बार झूमते नजर आए। स्टुडेंट्स में अपने पसंदीदा कवियों की फोटो के संग-संग लाइव वीडियो भी लेने की होड़ लगी रही। वाह-वाही के संग तालियों की गड़गड़ाहट कवियों की हौसलाफजाई करती रही। डॉ. अनामिका जैन अंबर ने जैन शब्दोपासना के जरिए धर्म के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने नवकार महामन्त्र से अपना काव्य पाठ आरंभ किया। डॉ. अंबर बोलीं, तीरथ अपना मांग रहे हां अधिकार हमारा है...हमें जान से प्यारा है जो, वो गिरनार हमारा है...। जैन कवयित्री डॉ. अनामिका ने कहा, मेरे ईश्वर मेरे भगवन मेरा विश्वास न टूटे. जीवन की जो तुमसे है प्रभु कभी वो आस न टूटे...। कवयित्री शिखा श्रीवास्तव ने मां का भजन, जबकि श्री सौरभ सुमन ने हल्दीघाटी पर वीर रस का पाठ किया। श्री दमदार बनारसी और श्री विनोद पाल ने भी अपनी-अपनी विधा में मेहमानों और स्टुडेंट्स का दिल जीत लिया। कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अंबर ने नवकार महामन्त्र को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मंत्र बताते हुए कहा, जैन धर्म दुनिया की सबसे कम आबादी वाला धर्म है। सबसे शांत और सबसे अनुशासित लोग जैन धर्म में ही मिलते हैं। संचालन करते हुए श्री सौरभ सुमन बोले, गुजरात में स्थित गिरनार पर्वत जैन धर्म के लिए प्रमुख महातीर्थ है। यह 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की मोक्ष और ज्ञान स्थली है। श्री सुमन ललकारते हुए बोले, ऐसे में गिरनार पर्वत पर जैन धर्म का ही अधिकार है। इस मौके पर श्रीमती ऋचा जैन, ईडी श्री अक्षत जैन और वीसी प्रो. वीके जैन ने डॉ. अनामिका जैन अंबर को श्रीरामलला का स्मृति चिन्ह भेंट किया। कवि सम्मेलन में सैकड़ों श्रावक श्राविकाओं के अलावा कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कवि सम्मेलन में श्री मनोज जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री विपिन जैन, प्रो. एसके जैन, प्रो. रवि जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. रत्नेश जैन, प्रो प्रवीण कुमार जैन आदि की भी मौजूदगी रही।

उत्तम सत्य धर्म पर प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में देव शास्त्र गुरु पूजन, महावीर जिन पूजन विधि-विधान से हुए। प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का सौभाग्य तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन को मिला। भक्तांबर पाठ का वाचन अक्षित जैन और सौम्या जैन ने किया, जबकि तत्त्वार्थसूत्र के पंचम अध्याय के वाचन का पुण्य शीतल जैन ने कमाया। श्रीमती ऋचा जैन ने शीतल जैन को सम्मानित किया।

श्रीमती सुनीति जैन एवम् डॉ. नम्रता जैन ने अभिषेक और शांतिधारा करने वालों को सम्मानित किया। प्रथम स्वर्ण कलश से श्री प्रक्षाल जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से सम्यक जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से श्री हर्ष जैन, चतुर्थ स्वर्ण कलश से श्री अरिहंत जैन को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। द्वितीय रजत शांतिधारा का पुण्य चीफ वार्डन श्री विपिन जैन ने कमाया। भोपाल के सचिन जैन एंड पार्टी के भक्तिमय गीतों नमोकर नमोकर, आए हैं तुम्हारी शरण में, अब न करेंगे मनमानी अब से पढ़ेंगे जिनवाणी, चंदा सा मुखड़ा पाए, काली घटाएं फूल और खुशबू यह सब तो पुराने हैं काले काले प्रभु हमारे न्यारे हैं, एक दिन मिट जाएंगे माटी के मोल जग में रह जाएंगे तेरे बोल पर श्रावक श्राविकाएं भक्ति में झूम उठे।

## एक नजर

### पर्यूषण पर्व का पांचवां दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया



**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बिलारी में सर्वप्रथम जैन समाज के लोगों द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का शुद्ध जल से अभिषेक किया गया उसकी उपरांत शुद्ध जल से श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की गई आज सामूहिक पूजा में विशेष पूजा रही पंच बाल्याती भगवान श्रेयांश नाथ भगवान पुष्प दंत भगवान सौलह कारण दस लक्षण धर्म पंचमेरू विमल नाथ भगवान बाहुबली स्वामी निर्माण क्षेत्र आदि की उत्तम सत्य धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए सीनियर सिटीजन कौशल जैन ने बताया की सत्य सर्व धर्म का प्रधान धर्म है सत्य का जगत में सबसे ऊंचा स्थान है संसार रूपी समुद्र को पार करने के लिए सत्य ही दूसरे नंबर की नोका है सत्य को दूसरी नौका क्यों कहा क्योंकि भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा को पहला धर्म कहा तथा सत्य को दूसरे नंबर पर रखा है।

इसलिए सत्य को दूसरी नौका कहा है। इस अवसर पर मौजूद रहे राकेश जैन, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल (जैन), कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन शशांक जैन प्रतीक जैन समीर जैन राजीव जैन अभिषेक जैन तनिष्क जैन विपुल जैन रजत जैन यश जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन चारू जैन शगुन जैन मिशिता जैन कल्पना जैन गरिमा जैन पावनी जैन शशि जैन निधि जैन पूजा जैन आशा जैन अन्वी जैन रेनू जैन मानसी जैन लवी जैन सुरभी जैन नेहा जैन वर्णिका जैन खुशी जैन आर्याश जैन अक्षया जैन तनिष्क जैन आरभ जैन आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा का किया आयोजन



**बिलारी।** श्री गणेश सेवा समिति मंदिर श्री शंभू नाथ द्वारा बिलारी के पंजाबी धर्मशाला से भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में इस्कॉन मुरादाबाद के मार्गदर्शन में सचि नंदन दास,राधाकांत ,गिरधारी दास ,योगेश्वर दास, सुकुमार दास, हरी स्पर्श प्रभु द्वारा राधा कृष्ण महामंत्र का जाप किया गया औरष राधेश्याम रखयो मेरो ध्यानष्भक्ति गीत पर सभी श्रद्धालु भक्तों ने इस्कॉन टीम का स्वागत किया। शोभा यात्रा में इस्कॉन टीम द्वारा ष्राधे बरसाने में आ जाइओष्भजन पर श्रद्धालु महिलाओं ने खूब तालियां बजाई। भगवान श्री जगन्नाथ जी की शोभायात्रा पर फूल बरसा भी की गई और पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा को शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म अर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, श्री गणेश सेवा समिति के सुमित गुप्ता हलवाई ,सचिन गुप्ता, राहुल जैन अमित सिन्हा,शीलू गुप्ता, राजू गुप्ता एडवोकेट,उर्वशी सिन्हा, निशा सक्सेना, शिवानी गुप्ता, पल्लवी गुप्ता, मोनिका सक्सेना, चंद्रशेखर सक्सेना, मनोज सक्सेना, आरोही सक्सेना, वीरेंद्र गुप्ता, शोभा दिक्षित,क्षमा गुप्ता, शुभी गुप्ता, शामली गुप्ता, प्रिया गुप्ता, भावना गुप्ता, मेघा गुप्ता आदि भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने रथ यात्रा में सहयोग प्रदान किया।

### चना, मटर एवं मसूर बीज की नि:शुल्क मिनी किट के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितम्बर

**मुरादाबाद।** जिला कृषि अधिकारी डा0 राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित "राज्य सहायतित नि:शुल्क चना, मटर एवं मसूर बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रचार कार्यक्रम 2025-26 योजना के अंतर्गत" दलहनी फसल, जिसमें चना 16 किग्रा, मटर 20 किग्रा एवं मसूर 8 किग्रा मात्रा के बीज की मिनीकिट नि:शुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल हतपकंतींद. नच.हवअ.पद पर पंजीकृत कृषक 25 सितम्बर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को चना, मटर एवं मसूर बीज मिनी किट आवेदन अवधि में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगी। चयनित कृषकों को ई पॉस मशीन के माध्यम से संबंधित विकास खण्ड के राजकीय कृषि निवेश बीज भण्डार से चना, मटर एवं मसूर बीज की मिनी किट वितरित की जाएगी। इच्छुक कृषक नि:शुल्क चना, मटर एवं मसूर बीज मिनी किट प्राप्त करने के लिए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 25 सितम्बर 2025 तक कर सकते हैं।

# गणेश मेले में महक-परी को बुलाने का विरोध

**चन्दौसी।** नगर में चल रहे गणपति बाबा के प्रसिद्ध मेले में जहां एक ओर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अब मेले की शुचिता और गरिमा पर सवाल खड़े हो गए हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर में भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें धार्मिक झांकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला परंतु अब नगरवासियों में रोष व्याप्त है। खबरें हैं कि सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा, गाली-गलौज और अश्लील वीडियो बनाने के कारण विवादों में रहने वाली महक-परी को इस धार्मिक मेले में कार्यक्रम के लिए बुलाया जा रहा है। जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया व नगर में फैली, लोगों ने इसका जमकर विरोध किया। नगरवासियों का कहना है कि गणेश मेले का आयोजन भगवान गणेश को समर्पित है, जिसका उद्देश्य धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक सौहार्द का संदेश देना होता है। ऐसे में अश्लीलता फैलाने वाली कलाकार को बुलाना न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा, बल्कि युवाओं पर भी गलत असर डालेगा। बुजुर्गों व संभ्रांत व्यक्तियों का कहना है कि आज की पीढ़ी पहले से ही सोशल मीडिया पर बढ़ती अश्लीलता, अभद्र भाषा और गलत कंटेंट से प्रभावित हो रही है। ऐसे में जब धार्मिक मेले जैसे पवित्र मंच पर भी इस तरह की प्रवृत्ति को स्थान मिलेगा, तो इसका असर बच्चों और युवाओं की सोच पर पड़ेगा। समाज में गलत संदेश जाएगा कि प्रसिद्धि पाने के लिए अश्लील काम भी स्वीकार्य हैं। लोगों ने प्रशासन और मेला समिति से मांग की है कि गणेश मेले की पवित्रता को बनाये रखने हेतु ऐसे कलाकारों को मंच न दिया जाए जो समाज में गलत आदर्श प्रस्तुत करते हैं। मेले में केवल धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भावना बढ़ाने वाले कार्यक्रमों को ही शामिल किया जाए, ताकि इसकी गरिमा बरकरार रह सके।

# 8 रब्बीउल अव्वल को हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए करबला की शहादत के गम का अलविदाई चुप ताजिया का मातमी जुलूस निकला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** 8 रब्बीउल अव्वल को नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला की शहादत के गम का अलविदाई चुप ताजिया का मातमी जुलूस निकला। आजादारों ने नम आँखो से कहा अजा ए हुसैन अलविदा अलविदा। उल्लेखनीय यह है कि मोहर्रम का चांद दिखाई देने के बाद नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला का गम में मजलिसों मातम व मातमी जुलूस शुरु हो गए जो यह सिलसिला सवा दो महीने चला / सोमवार को हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला की शहादत के गम का आखरी जुलूस की मजलिस ईमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में हुई जिसमे कमर अब्बास काजमी ने मरासिया पढ़ा और कम्बर रजा रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला को यजीदी फौज ने कत्ल करके उनके परिवार के लोगो को केदी बना लिया और उन पर जुल्म करता रहा एक साल बाद जब यजीद ने हजरत इमाम हुसैन को रिहा किया तो हजरत इमाम हुसैन की बहन जनाबे जैनब ने यजीद के घर में ही हजरत इमाम हुसैन के शहादत के गम में मजलिस की बुन्याद रखी / हजरत इमाम हुसैन के बेटे जनाबे इमाम सय्यद ए सज्जाद और उनके परिवार 8 रब्बी उल अव्वल को कर्बला से मदीने पहुंचे।

नम आँखो के बीच चुप ताजिए का जुलूस बरामद हुआ जुलूस में शबिहे ताबूत काले अलम मुबारक ऊटो पर सजी काली अमारियां , शबीहे जुल्जिन्हा (घोड़ा) शामिल रहे / जुलूस के दौरान शिया समुदाए गम युवाओं ने मरसिये पढ़े तथा काशिफ अब्बास काजमी , मौलाना अफाक आलम जेदी , एजाज हाशिम नकवी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर रौशनी डाली तथा अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अलमूर्तजा, अंजुमन हैदरी नौगांवा सादात, अर्श नकवी मेरठ, अंजुमन अश्के अजा भीकनपुर ने नौहा ख्वानी की तथा रफीक हुसैन के आजाखाने में पहुंच कर समाप्त हुआ देर शाम अंजुमन अकबरी की जानिब से अलविदाई मजलिस हुई तथा महिलाओं के आजाखाने में मजलिसे हुई तथा इसी के साथ आजादारों ने नम आँखो से अलविदा इस वायदे अहद के साथ अलविदा कहा कि मौला अगले बरस जिंदा रहे तो फिर हम गमें हुसैन मनाएगे। सवा दो महीने बाद शिया समुदाए में खुशियों घर कार्यकर्मो का आयोजन शुरु होगे।

# ड्यूटी पर जाते समय दर्दनाक हादसा, नाले में गिरकर सिपाही की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ में ड्यूटी पर जा रहे सिपाही की बारिश के दौरान बाइक नाले में जा गिर जहां डूबने के कारण उसकी मौत हो गयी। यहां बताते चलें कि चन्दौसी में उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन 25 अगस्त को किया गया था, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर रथयात्रा निकाली गई। वहीं मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 619 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई, मेला रोजाना व्यवस्थित रुप से चल रहा था। रविवार की रात्रि लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। साथ ही सोमवार को भी पूरे दिन बारिश हुई। लोग जब सोकर उठे तो सड़कों पर पानी ही पानी था। सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे के करीब बिजनौर का सिपाही रजनीश कुमार अपनी बाइक से सीकरी गेट होता हुआ रामकृष्ण धर्मशाला से मेले की ओर जा रहा था, तभी वह बाइक समेत नाले में गिर गया। इधर बारिश अधिक होने के कारण लोग बाहर नहीं थे तो किसी की नजर नहीं पड़ी और नाले की गहराई अधिक होने के कारण सिपाही की डूबने के कारण मौत हो गई। काफी समय बाद किसी राहगीर की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से सिपाही बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल ले जाया गया परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीकरी गेट के इस नाले के किनारे कोई मजबूत बाउंड्रीवाल नहीं है। बारिश के दिनों में नाले का पानी सड़क पर फैल जाता है और आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है। नाले के किनारे तत्काल बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में कोई और हादसा न हो। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों की सुरक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है।

# गणेश महोत्सव के पंचम दिवस पर सुनाई गई श्रीराम जन्मकथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर के मौहल्ला बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर पर स्थापित गणेश पंडाल में सोमवार को गणेश महोत्सव का पंचम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यजमान के रूप में मोहित अग्रवाल एवं राधा अग्रवाल ने विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कराया। कार्यक्रम में कथाव्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने श्रीराम कथा का महत्व विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि चाहे जीवन सुखों से परिपूर्ण क्यों न हो, एक न एक अभाव रह ही जाता है। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि चक्रवर्ती सम्राट दशरथ को पुत्र का अभाव था। गुरु वशिष्ठ ने उन्हें धैर्य बंधाया और कहा कि 'ना राजन, एक नहीं चार पुत्र होंगे।' तत्पश्चात ऋषि श्रृंगी द्वारा संपन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्राप्त प्रसाद के फलस्वरूप महाराज दशरथ की तीनों रानियां गर्भवती हुईं और भगवान विष्णु ने चतुर्भुज रूप में प्रकट होकर माता कौशल्या से कहा कि जब शतरूपा रूप में आपने वर मांगा था, तब मैंने वचन दिया था कि मैं आपका बालक बनकर आऊंगा। कथा के दौरान आचार्य ने भारतीय मातृत्व की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की माताएं इतनी त्यागमयी थीं कि वे ब्रह्म से भी भीख नहीं मांगतीं, बल्कि केवल राम दर्शन के लिए व्याकुल रहतीं। शिवजी स्वयं अयोध्या आए थे ताकि श्रीराम के दर्शन कर सकें, किंतु राजभवन में इतनी भीड़ थी कि उन्हें प्रवेश नहीं मिला। तब उन्होंने ज्योतिषी का वेश बनाकर राम दर्शन किए। कथा के पश्चात भक्ति भाव से आरती संपन्न हुई, जिसमें प्रमोद कुमार एवं देवेंद्र बाबू ने सहभागिता की। इसके बाद विनोद कुमार ने श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण कराया। इस दौरान कृष्णा शर्मा, विनोद रस्तोगी, आशीष गुप्ता, आयुषी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अर्चना शर्मा, देवेंद्र शर्मा, विनोद कुमार बिन्नी, मयंक गुप्ता, दक्ष उत्सव, अमित मोनू, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अशोक आदि मौजूद रहे।



# भारत की कूटनीतिक जीत

ट्रम्प से जारी टैरिफ वॉर के बीच चीन के तीसरे बड़े तियानजिननगर में हुए एससीओ समिट में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भारत की कूटनीतिक जीत है। भारत की इस जीत में रूस की भूमिका भी काफी अहम रही है। एससीओ समिट में मोदी-पुतिन और जिनपिंग की जुगलबंदी भी अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओद्ध के शिखर सम्मेलन में भारत ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। एससीओ के साझा घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा की गई और पहलगाम आतंकी घटना की भर्त्सना हुई। यह पीएम मोदी की कूटनीतिक जीत है। चीन जो अभी तक पहलगाम पर चुप्पी साधे था और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त खुल कर पाकिस्तान के पक्ष में था, वह भी इस घोषणापत्र से सहमत हो गया। दरअसल भारत को यह उपलब्धि हासिल करवाने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूरा सहयोग किया। यह निंदा उस मंच से की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन भी आमंत्रित नेताओं में से थे। इनके अलावा सैन्य परेड में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के राष्ट्रप्रमुख पहुंच रहे हैं। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन गए थे। यह 2001 में बना था, तब चीन और रूस के अलावा कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान इसके सदस्य देश थे। 2017 में भारत भी इस संगठन में आ गया। उसी वर्ष पाकिस्तान भी अस्ताना के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान भी इसका सदस्य देश बना था। आज इसमें बेला रूस को मिला कर 10 देश हैं। इसका पिछला शिखर सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को हुआ था। उसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं शरीक हुए थे। तब विदेश मंत्री एस। जयशंकर गए थे। 2024 के इस शिखर सम्मेलन में रूस और चीन से पुतिन तथा शी की बजाय उनके देशों के प्रधानमंत्री पहुंचे थे। इसके विपरीत 2025 में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के 30 और 31 अगस्त के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री स्वयं गए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने अमेरिका और उसकी लाबी के देशों से कोई दूरी बना ली हो। भारत आज भी क्वाड से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के चीन पहुंचने के पूर्व जापान भी गए थे, जो क्वाड का महत्त्वपूर्ण देश है। इस तरह उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अमेरिका के प्रति वे कोई कटुता नहीं पाले है। तियानजिन चीन का तीसरा बड़ा शहर है। चीन ने टेक्नोलॉजी में जो तरक्क़ी की है, उसका प्रदर्शन भी किया गया। चीन ने अपनी एआई तकनीक की क्षमताओं का प्रदर्शन भी किया। जो भी उसकी इस तरक्की को देखता है उसकी आँखें फटी की फटी रह जाती हैं। चीन टेक्नोलाजी में अमेरिका से जरा भी पीछे नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि चीन भले पड़ोसी हो और आर्थिक रूप से समृद्ध हो किंतु आज भी वह आर्थिकी में अमेरिका के मुकाबले आधा ही है। अमेरिका 30 ट्रिलियन डॉलर पर खड़ा है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था 18 ट्रिलियन डॉलर की है और भारत मात्र 4 ट्रिलियन डॉलर पर टिका है। इसलिए जाहिर है व्यापार के लिए अमेरिका ही अकेला ऐसा देश है, जहां भारत अपना माल बेच सकता है, खपा सकता है, मगर कोई भी देश अपना स्वाभिमान खत्म कर व्यापार नहीं कर सकता।

## सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी



लोगों से अपील है कि वे धर्म काज से मंत्री-नेताओं को दूर रखें, धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है, राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं, आग लगाए बिना नहीं रहते, सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी, धर्म कार्य, समाज कार्य और राजनीति कार्य अलग- अलग हैं। धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है, कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं, इससे विकास और रोजगार का विषय दोयम दर्जे का हो जाता है, बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं, लेकिन मुझे अनुभव है कि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने की मनाही है।

**-नितिन गडकरी**
**केंद्रीय मंत्री**



# जल प्रलय के सन्देश



**तनवीर जाफरी**

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे।

भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिए सबसे जरूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिए सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियां भारत से होते हुए पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहां की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज बारिश यहां तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई जिले तो ऐसे भी थे जहां केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150-200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्रायः फेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व गैर जिम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहां तक कि मरे जानवर से लेकर रजाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फेंक देने जैसी गैर जिम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुंच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर आ गईं थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहां रावी, सतलुज और चेनाब नदियां प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनजर भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियां जारी कर दी थीं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में करीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि-प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गईं। अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गईं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गईं। अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुए भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की खबर है।

अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1।5 लाख एकड़ फसल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गई। इन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को सितंबर-अक्टूबर में होने वाली रबी की फसलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रूपए का यह नुकसान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश-संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हजारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किए गए।

पंजाब और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिए जहां दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हजार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गई थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिए ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किए गए ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुनर्जनन के दौरान अंग की मूल आकृति का निर्माण

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली को. शिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं।

चाहे सुंदर दिखने के लिए या सफाई और सहूलियत के लिए हम कभी-कभी नाखून काटते हैं, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही वे वापस बढ़ जाते हैं। किरेटिन नामक प्रोटीन से बने नाखून हमें क्षति से सुरक्षित रखते हैं। यदि किसी नवजात शिशु की उंगली के ऊपरी पोर वाला हिस्सा (जोड़ के पहले तक की किसी जगह से) कट या टूट जाता है तो उंगली अपनी मूल आकृति में पुनरू बन जाती है।

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली कोशिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं। गौरतलब है कि स्टेम कोशिकाएं कई प्रकार की कोशिकाओं में तब्दील और विकसित हो सकती हैं। ये कोशिकाएं Wnt संकेत मार्ग को सक्रिय करती हैंय यह प्रक्रिया पुनर्जनन के लिए आवश्यक तंत्रिकाओं को आकर्षित करती है। छिपकली हमारे घरों में एक अनचाहा मेहमान है। हम अक्सर इसे मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर हाथ केवल इसकी पूंछ ही आती है। भगोड़ी छिपकली अपनी पूंछ छोड़कर भाग निकलती है और उसे फिर से बना लेती है, ठीक नवजात शिशु की घायल उंगली की तरह। इस प्रक्रिया की आणविक जैविकी का सार एलिजाबेथ हचिन्स और उनके साथियों ने 2014 में प्लॉसवन पत्रिका में प्रस्तुत किया था। इस प्रक्रिया को अंजाम देने में 300 से अधिक जीन शामिल होते हैं और इस दौरान घाव को भरने और पूंछ वापस उगाने के लिए कई विकासात्मक और घाव-प्रतिक्रिया पथ सक्रिय होते हैं। हालांकि जंतुओं और वनस्पतियों दोनों में घाव की मरम्मत सम्बंधी शोध पारंपरिक रूप से जीन-नियंत्रित क्रियापथों पर केंद्रित रहा है। लेकिन हालिया शोध विकासात्मक पादप विज्ञान में भौतिक संकेतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता हैं। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान IISER, पुणे की मेबेल मारिया मैथ्यू और कालिका प्रसाद ने हाल ही में करंट बायोलॉजी में प्रकाशित अपने एक अध्ययन में विकास और पुनर्जनन पर एक कम अध्ययन किए गए लेकिन महत्वपूर्ण कारक पर प्रकाश डाला हैरू कोशिकीय ज्यामिति। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में देखा की कि कैसे शंक्वाकार आकृति का मूलाग्र कट जाने के बाद पुनरू अपने आकार में पनप जाता है। उन्होंने पाया कि मौजूदा कोशिकाओं ने अपनी ज्यामिति को बदलकर नई बनी कोशिकाओं की कतार को एक तिरछे, झुके पथ पर संरेखित किया। अंततः को. शिकाओं की इन तिरछी पंक्तियों ने जड़ की शंक्वाकार आकृति का पुनर्निर्माण किया। तकनीकी शब्दों में, इस प्रक्रिया को आकृति-जनन कहा जाता है। आकृति-जनन वह जैविक प्रक्रिया है जो किसी जीव को उसका आकार और संरचना विकसित करने में मदद करती है। इसमें को. शिकाओं की समन्वित वृद्धि, विभाजन, विभेदन और व्यवस्थापन शामिल होता है जिससे ऊतक, अंग और यहां तक कि एक संपूर्ण जीव का निर्माण होता है। मूलाग्र पुनर्जनन की प्रणाली का अध्ययन सरसों परिवार के एरेबिडोप्सिस थैलिआना Arabidopsis thaliana पौधे पर किया गया था। इसमें यह समझा गया था कि को. शिका ज्यामिति में परिवर्तन आकृति-जनन में कैसे योगदान देते हैं और उसे सुगम बनाते हैं। उन्नत सूक्ष्मदर्शी और उपकरणों की मदद से टीम ने देखा कि जड़ों की सामान्य घनाकार कोशिकाओं की आकृति बदलकर समचतुर्भुज हो गई। फिर यह परिवर्तित कोशिकाएं विकर्ण रेखा पर विभाजित हुईं जिससे त्रिकोणीय प्रिज्म आकृति की कोशिकाएं बनीं। विकर्ण रेखा से विभाजन ने आस-पड़ोस की कोशिकाओं की वृद्धि को एक तिरछे पथ पर मोड़ा, जिन्होंने मिलकर कटा हुआ पतला सिरा फिर से बनाया। गणितीय और भौतिक विश्लेषण करने पर पता चला कि इन बदलावों के पीछे जो वास्तविक बल काम करता है वह है आंतरिक यांत्रिक तनाव। यह एक प्रकार का तनाव है जो कोशिकाओं को आकार बदलने और निर्धारित रूप से विभाजित होने के लिए उकसाता है। आकृति-जनन को समझने में जहां लंबे समय से स्टेम कोशिकाएं और जेनेटिक क्रियापथ अध्ययन का केंद्र रहे हैं, वहां यह अध्ययन एक अनदेखे महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालता हैरू कोशिकाएं तनाव में अपनी आकृति को कैसे ढालती हैं। यह दर्शाता है कि कोशिका की आकृति और ज्यामिति ऊतक पुनर्जनन के दौरान आकृति-जनन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**-डॉ. डी बालसुब्रमण्यन**

# गुमनामी बाबा के कमरे से निकला सामान खास क्यों है



**विनीत नारायण**

उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। आप सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

पिछले हफ्ते नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विषय में इस कॉलम में जो मैंने लिखा था उस पर बहुत प्रतिक्रियाएं आई हैं। पाठकों को और जानने की उत्सुकता है। इस विषय में यूट्यूब पर तमाम इंटरव्यू व रिपोर्ट्स हैं। वहां आप 'गुमनामी बाबा' या सुभाष चंद्र बोस' टाइप करके उन्हें देख सकते हैं। विशेषकर अनुज धर, चंद्रचूड़ घोष, शक्ति सिंह, डॉ दिनेश सिंह तोमर, आदि के इंटरव्यू व जी टीवी पर एक 'गुमनामी बाबा का बॉक्स नंबर 26' जैसी रिपोर्ट्स देख, सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

पिछले लेख में मैंने उनके कमरे से मिली 2760 वस्तुओं में से कुछ का जिक्र किया था। यहां उन सामानों में से कुछ और का विस्तार से वर्णन कर रहा हूं। ए सूची इतनी प्रभावशाली है कि केवल साधना करने वाले संत का सामान नहीं हो सकता। आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि 'गुमनामी बाबा' अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे? ए सूची जब मैंने देश के एक सबसे बड़े पुलिस अधिकारी रहे सज्जन को पढ़वाई तो वे भी दंग रह गए।

'गुमनामी बाबा' के कमरे में अंग्रेजी, बंगला व संस्कृत साहित्य की 304 पुस्तकें मिली हैं। वहीं 260 आध्यात्मिक पुस्तकें भी मिली हैं। मेडिकल साइंस पर 118, राजनीति व इतिहास पर 57, रहस्य और तंत्रशास्त्र पर 46, रामायण व महाभारत पर 36, सुभाष चन्द्र बोस पर 34, यात्रा वृतांत ग्रन्थ 33 व ज्योतिष और हस्तरेखा विज्ञान पर 12 पुस्तकें मिली हैं। अब जरा अंग्रेजी की पुस्तकों के लेखकों नाम और उनके लिखे ग्रंथों की संख्या देखिए, चार्ल्स डिकेंस (51), अलेक्सांद्र सोल्जेनित्सिन (11), विल ड्यूरांट (11), शेक्सपियर का लिखा सम्पूर्ण साहित्य व 9 नाटक, टी. लोबसांग रम्पा (10), वाल्टर स्कॉट (8), अलेक्जेंडर डुमास (8), एरिक वॉन डेनिकेन (4), पीजी वोडहाउस (3), कुलदीप नैयर (3) आदि पुस्तकें उनके बक्सों और अलमारी से निकली हैं। ऐसे उच्च कोटि के विश्व. विख्यात साहित्य को पढ़ने वाला कोई भजनानंदी साधु नहीं हो सकता। सभी जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक संपन्न व कुलीन परिवार से थे। आईसीएस (वर्तमान में आईएएस) की परीक्षा में, 1920 में उनकी चौथी रैंक आई थी। आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए 1921 में उन्होंने इतनी बड़ी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

उपरोक्त साहित्य के अलावा, उनके कमरे से रीडर्स डाइजेस्ट, अमरीकी पत्रिका टाइम, इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया, ब्लिट्ज, ऑर्गेनाइजर, जुगवाणी, द पायनियर, आज, अमृत प्रभात, अमृत बाजार पत्रिका, आनंद बाजार पत्रिका, दैनिक जागरण, द स्टेट्समैन, टेलीग्राफ, टाइम्स ऑफ इंडिया व अमर उजाला जैसी तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाएं और अखबार भी मिले हैं।

उनके बक्से में से उनके परिवार व निकट के लोगों के 110 चित्र मिले हैं। जिनमें नेताजी के माता-पिता का फ्रेम करा हुआ चित्र, मखमली कपड़े में लिपटा हुआ उनके बक्से में रखा था। शक्ति सिंह के अयोध्या स्थित घर, 'राम भवन' के जिस कमरे में गुमनामी बाबा रहते थे, उसमें दीवार पर मां काली का चित्र टंगा था। जिनकी वे रोज धूप-बत्ती जला कर पूजा करते थे। रोचक बात यह है कि 23 जनवरी को देश भर में जहां भी उनका जन्मदिन मनाया जाता था उसकी खबरों में से सुभाष चंद्र बोस की फोटो निकाल कर संग्रह की गई हैं। इसी बक्से से नेताजी की बचपन से मित्र रहीं और क्रांतिकारी संगठन की नेत्री लीला रॉय, पंडित नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद और महात्मा गांधी के चित्र भी मिले हैं।

उनके संगीत संग्रह में महिषासुरमर्दनी स्रोत की रिकॉर्डिंग, रवींद्र संगीत, नजरुल इस्लाम, श्यामा संगीत, केएल सहगल, ज्योतिका रॉय, उस्ताद फैयाज खघन, पं. रवि शंकर का सितार वादन, बिस्मिल्लाह खघं की शहनाई, नेताजी के बचपन से मित्र और मशहूर गायक दिलीप कुमार रॉय के गाए गीत, हेमंत कुमार के गीत, पन्नालाल घोष, लालन फकीर आदि की गायकी के रिकॉर्ड भी मिले हैं। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म 'सुभाष चंद्र बोस' का पूरा साउंडट्रैक भी मिला है। इंग्लैंड के टाइपराइटर और जर्मनी की बनी दूरबीन, जापानी क्रॉकरी, दो महंगी घड़ियां जिनमें से एक सोने की बनी ओमेगा घड़ी बिल्कुल वैसी है जैसी नेताजी की मां ने उन्हें जन्मदिन पर भेंट की थी, जिसे वो अक्सर पहना करते थे। दूसरी महंगी घड़ी रोलेक्स की है। गोल फ्रेम के 8 चश्में जिसमें से एक का फ्रेम शायद सफेद सोने का है। इन सब सामानों में सबसे भावुक वस्तु है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता जानकी नाथ बोस की एक पुरानी छतरी जो, उनकी यादगार के प्रतीक रूप में गुमनामी बाबा ने सहेज कर रख रखी थी। इस छतरी को नेता जी के भतीजी ललिता बोस ने पहचाना।

उनके कागजों में अयोध्या व काशी के विस्तृत नक्शे, भारत के सड़क मार्गों व फौजी ठिकानों के नक्शे, मध्य एशिया, मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के नक्शे, जिन्हें हाथ से बनाया गया था, भी वहां बरामद हुए हैं। उनके सबसे प्रिय साथी पवित्र मोहन रॉय की संपत्तियों के नक्शे व एक अन्य साथी अतुल कृष्ण गुप्तो की ढाका में छूट गई संपत्ति के नक्शे आदि भी मिले हैं। उनके रहन-सहन के स्तर दर्शाते हुए उनके कमरे से नहाने के 75 साबुन मिले हैं, जो महंगे ब्रांड के हैं, जैसे यार्डले, क्यूटीक्यूरा, पियर्स, पोंड्स, लेवेंडर व डडू आदि। सबको मालूम है कि सुभाष चंद्र बोस 'चेन स्मोकर' थे। वे लगातार सिगरेट पीते थे। उनके सामानों में 'गोल्ड फ्लैक' व 'इंडिया किंग्स', सिगरेट के कई पैकेट, रोल बनाकर सिगरेट बनाने वाले कागज के 15 पैकेट व इन कागजों में भरने वाले तंबाकू के पैकेट और इनको लपेट कर सिगरेट बनाने वाली छोटी सी मशीन, जो इंग्लैंड की बनी हुई है। 3 विदेशी पाइप व तम्बाकू के पैकेट, सिगरेट जलाने वाले लाइटर भी मिले हैं। उनके कमरे में अंग्रेजी व बंगला में हस्त लिखित 1683 पत्र भी मिले हैं। दो भारतीय और एक अमरीकी हस्तलेखन विशेषज्ञों ने यह प्रमाणित किया है कि इन पत्रों पर पाई जाने वाली लिखाई 1935-36 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखाई से पूरी तरह मेल खाती है।

पूजा के सामानों में तीन मुखी व छह मुखी रुद्राक्ष की, स्फटिक व तुलसी की 28 मालाएं मिली हैं। गौमुखी कमण्डल, आचमनी, शिवलिंग, शिवजी व मां काली के चित्र, मैहर की देवी का चित्र, चंदन की लकड़ियां, सिंदुर, आलता, शंख जिसे कान के पास लाने पर वह गूंजता है मिला है। गुमनामी बाबा के कमरे से 13 कमीजें, 4 पैंट, 31 बनियान, 31 चड्डी, 58 धो. तियां, 3 वार्मर, 2 दस्ताने, 2 बरसाती कोट, 30 तौलिए, 1 जैकेट, 2 जोड़ी काले जूते, 1 जोड़ी लाल जूते, चेरी ब्लॉसम की पॉलिश के डिब्बे, जूता चमकाने की क्रीम, खड़ाऊं, बंदर टोपी, 7 गद्दे, राजस्थानी रजाई जिस पर रेशम की कढ़ाई है, चादर व तकिए आदि भी मिले हैं। उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। अब आप खुद ही सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इशारा ट्रम्प की ओर, जिनपिंग बोले: दादागिरी की राजनीति बर्दाशत नहीं

## ट्रम्प का नाम लिए बिना चीन के राष्ट्रपति का एससीओ के मंच से बड़ा हमला

**जिनपिंग ने ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय व समानता पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो**

**तियानजिन (चीन)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शुरुआत में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में धमकी वाले व्यवहार की कड़ी आलोचना की और अधिक निष्पक्षता, न्याय और बहुपक्षीयता की मांग की।

जिनपिंग की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी निंदा की है। फिलहाल अमेरिका और चीन ने टैरिफ पर एक अस्थाई समझौता किया है, जिसमें ट्रम्प ने बीजिंग पर भारी टैरिफ को फिर से 90 दिनों के लिए टाला है, ताकि बातचीत जारी रह सके। हालांकि, पिछले हफ्ते ट्रम्प ने फिर धमकी दी थी कि अगर चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेअर-अर्थ मिनरल्स) का निर्यात रोकेगा, तो वह 200 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने यह बात 20 से ज्यादा देशों के नेताओं के सामने कही, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे।

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कुछ शक्तिशाली देशों पर हठधर्मिता और शक्ति की राजनी. ति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय और समानात पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो। जिनपिंग ने कहा, लगभग 24 साल पहले जब इस संगठन की स्थापना हुई थी, तब हमने 'शंघाई भावना' की नींव रखी थी। यह भावना आपसी विश्वास, आपसी लाभ, समानता, सलाह-मशविरा, सभ्यताओं की विविधता का सम्मान और साझा विकास की कोशिशों पर आधारित है। हमने अपनी सीमाओं पर सैन्य विश्वास बढ़ाने की व्यवस्था सबसे पहले की, जिससे हमारी लंबी सीमाएं दोस्ती, विश्वास और सहयोग का सेतु बन गईं।

हमने सबसे पहले आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन ताकतों के खिलाफ मिलकर बहुपक्षीय कार्रवाई शुरू की। हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को लगातार आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाया, मतभेदों को सही तरीके से संभाला और सुलझाया, बाहरी दखल का स्पष्ट रूप से विरोध किया और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखी। हमने सबसे पहले बेल्ट एंड रोड पहल की शुरुआत की हम हमेशा अंतर्राष्ट्रीय न्याय और निष्पक्षता के पक्ष में खड़े रहते हैं, सभ्यताओं के बीच समावेश और आपसी सीख को बढ़ावा देते हैं और प्रभुत्ववादी सोच और शक्ति की राजनीति का विरोध करते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, भविष्य को देखते हुए हमें आज की चुनौतियों और बदलावों से भरी दुनिया में श्शंघाई भावनाश को आगे बढ़ाना चाहिए। हमें मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने संगठन की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करना चाहिए। हमें मतभेदों को किनारे रखकर एकता की राह पकड़नी चाहिए, क्योंकि साझा लक्ष्य ही हमारी ताकत और लाभ का स्रोत हैं। मतभेदों के बीच समानता तलाशने की इच्छा, समझदारी और दूरदर्शिता को दर्शाती है। अपने भाषण में जिनपिंग ने आगे कहा, एससीओ के सभी सदस्य देश एक-दूसरे के दोस्त और साझेदार हैं।




**तियानजिन। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन की वैश्विक सफलता ने सदस्य देशों के नेताओं में जोश भर दिया है, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जब चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को (SCO) की खूबियां गिनाईं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भी खुशी से चकम उठा।**

# जिनपिंग का संयुक्त, डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**जिनपिंग ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया**

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है।

जिनपिंग तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोल रहे थे। जिन. पिंग ने चीन की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में अपने संबोधन मे कहा कि हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष एससीओ सदस्य देशों के लिए दो अरब युआन (लगभग 28.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के अनुदान की घोषणा की, साथ ही एससीओ इंटरबैंक कंसोर्टियम के माध्यम से अगले तीन वर्षों में 10 अरब युआन के अतिरिक्त ऋण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अन्य एससीओ सदस्य देशों में चीन का संचई निवेश पहले ही 84 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। चीनी राष्ट्रपति ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया।

# भूकंप की तीव्रता और उसका असर...

## आंकड़ों के आईने में देश-विदेश में आए कुछ बड़े भूकंप

**नई दिल्ली।** भूकंप अमूमन हर दिन आते हैं। दुनियाभर में एक दिन में औसतन 55 झटके लगते ही रहते हैं। आइए जानते हैं कि रिक्टर स्केल पर किस तीव्रता का भूकंप कितना खतरनाक हो सकता है।

### 0-1.9 तीव्रता:

इसका एहसास सिर्फ सिस्मोग्राफ पर होता है, किसी को पता नहीं चलता।

### 2-2.9 तीव्रता:

हल्का कंपन महसूस होता है इंसान इसे महसूस कर सकता है।

### 3-3.9 तीव्रता:

ऐसा एहसास होता है जैसे करीब से कोई ट्रक गुज़रा हो।

### 4-4.9 तीव्रता:

खिड़कियां टूट सकती हैं दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं।

### 5-5.9 तीव्रता:

फर्नीचर जैसा भारी सामान हिल सकता है और जान-माल के खासे नुकसान की संभावना बन जाती है।

### 6-6.9 तीव्रता:

यह भूकंप विनाशकारी साबित हो सकता है। बड़ी से बड़ी इमारतों की नींव दरक सकती है और ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है।

### 7-7.9 तीव्रता:

इस तीव्रता वाले भूकंप में इमारतें तक ढह जाती हैं जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। यह भी बेहद विनाशकारी हो सकता है। पिछले साल फरवरी में तुर्की और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी जिसमें 50000 से अधिक लोग मारे गए और लाखों ज़ख्मी हुए थे। कई शहर पूरी तरह तबाह हो गए थे।

### 8-8.9 तीव्रता:

इस तीव्रता वाला भूकंप पूरे शहर को नुकसान पहुंचा सकता है। इमारतें और बड़े-बड़े पुल भी नहीं झेल पाते और ध्वस्त होकर गिर जाते हैं। साथ ही समुद्र में सुनामी आने का गंभीर खतरा बना रहता है।


### 9 या उससे अधिक तीव्रता:

यह सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप होता है। मैदान में खड़े शख्स को धरती लहराती हुई दिखाई देगी और बहुत बड़े सुनामी का खतरा रहेगा। इस तरह के भूकंप कभी-कभार ही आते हैं। अब तक दुनिया में सिर्फ 5 बार ही 9 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप आए हैं।

**दुनिया के कुछ सबसे भीषण भूकंप**

**1952 (रूस):** पांचवां सबसे बड़ा भूकंप, तीव्रता 9.0 दुनिया में यह पहली बार 9.0 की तीव्रता वाला भूकंप था। इस दौरान सुनामी आई और करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हो गई।

**1960 (चिली):** दुनिया का सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.5। इसे 'ग्रेट चिली अर्थक्वेक' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें करीब 1655 लोग मारे गए और 20 लाख से अधिक बेघर हुए।




**1964 (अलास्का, अमेरिका):** दूसरा सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.2 इसमें 130 लोग मारे गए और 2.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ।

**2004 (सुमात्रा, इंडोनेशिया):** तीसरा सबसे भीषण भूकंप। इसका असर भारत के अंडमान निकोबार द्वीप तक दिखा। बड़े-बड़े सुनामी लहरें उठीं जिसने कई देशों को अपनी चपेट में लिया। 2.80 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और दक्षिण एशिया व पूर्वी अफीका में 11 लाख लोग बेघर हुए।

**2011 (तोहोकु, जापान):** चौथा सबसे विनाशकारी भूकंप, तीव्रता 9.1। इससे पूरे क्षेत्र में सुनामी आ गई। 15,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.30 लाख से अधिक लोगों को घर छोड़ना पड़ा।

## देश में आए भूकंप...

**1. किन्नौर भूकंप, हिमाचल प्रदेश (19 जनवरी, 1975)**
- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** किन्नौर जिला, हिमाचल प्रदेश
- **प्रभाव:** यह भूकंप ऊपरी सतलुज घाटी में आया था। इसके कारण लगभग 60 लोगों की मौत हुई और कई गांवों में भारी क्षति हुई। भूस्खलन और चटानों के गिरने से भी काफी नुकसान हुआ था।

**2. बिहार-नेपाल भूकंप (21 अगस्त, 1988)**
- **परिमाण:** 6.9
- **स्थान:** भारत-नेपाल सीमा पर (बिहार में दरभंगा, सहरसा, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे जिले प्रभावित हुए)
- **प्रभाव:** इस भूकंप में भारत और नेपाल दोनों में 1000 से अधिक लोगों की जान गई थी, जिनमें से सैकड़ों भारत में थे। हजारों लोग घायल हुए और बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ।

**3. उत्तरकाशी भूकंप, उत्तराखंड (20 अक्टूबर, 1991)**
- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** उत्तरकाशी जिला, उत्तराखंड (तब उत्तर प्रदेश का हिस्सा)
- **प्रभाव:** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आए इस भूकंप में 760 से अधिक लोगों की मौत हुई और लगभग 5,000 लोग घायल हुए। हजारों घर नष्ट हो गए, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।

**4. लातूर भूकंप, महाराष्ट्र (30 सितम्बर, 1993)**
- **परिमाण:** 6.2
- **स्थान:** लातूर और उस्मानाबाद जिले, महाराष्ट्र
- **प्रभाव:** यह भारत के सबसे घातक भूकंपों में से एक था, क्योंकि यह एक स्थिर महाद्वीपीय प्लेट क्षेत्र में आया था, जहाँ भूकंपों की उम्मीद कम होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत



**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और उद्यमी कृति सैनन को लैंगिक समानता के लिए अपना मानद राजदूत नियुक्त किया है। कृति सैनन अपनी नई भूमिका में, महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और कल्याण की वकालत करेंगी और सशक्तिकरण, शिक्षा, लैंगिक हिंसा को समाप्त करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना समर्थन प्रदान करेंगी। कृति सनोन ने अपनी नई भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि लैंगिक समानता के लिए यूएनएफपीए इंडिया की मानद राजदूत के रूप में शामिल होकर मुझे बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है।

### क्रैश हुआ पाक सेना का हेलिकाप्टर, पांच जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित- बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए। मृतकों में दो अधिक. ारी भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिका. रिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

# भारत को कमतर आंकना नासमझी, मोदी और जिनपिंग की मुलाकात अमेरिका को एक बड़ा संदेश

**एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी व शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया**

**अमेरिका दबाव बनाना चाहता है, उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है: टैंगन**

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं।

दरअसल दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हुई, जब अमेरिका की ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीति ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचाई हुई है। एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह अमे. रिका लिए एक कड़ा संदेश है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइहे इंस्टीटयूट के वरिष्ठ फेलो एइनार टैंगन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को मजबूर करना चाहते थे, लेकिन भारत जैसे देश को, जो बाजारों और श्रम के लिए इतना महत्वपूर्ण है, उसे कमतर आंकना, मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई दिल्ली के पास इस धौंस जमाने वाले देश का सामना करने का अवसर है। टैंगन ने एनडीटीवी पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग की यह बैठक केवल भारत और चीन के बारे में नहीं थी, बल्कि कई देशों की चिंताओं के बारे में भी थी, जो अमेरिका के टैरिफ से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह अहम पल है, जो वाशिंगटन को भारत के प्रति उसके मनमाने व्यवहार के लिए एक कड़ा संदेश देता है। टैंगन ने कहा कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाना चाहता है। उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है और अमेरिका को बता सकता है कि आप हमारे साथ औपनिवेशिक खेल नहीं खेल सकते और हमें चीन, रूस और कई अन्य देशों सहित एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खड़ा कर सकते। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरी. दने के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत ने इसे अनुचित बताया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रम्प, भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का श्रेय न देने के लिए भारत से नाराज हैं और टैरिफ नीति के पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।

## अफगान में भीषण भूकंप के बाद हर ओर तबाही का मंजर

# वैश्विक संस्थाओं ने बढ़ाए मदद के हाथ

**भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी गई, कई शहरों में अधिकतर गांव तबाह हो गए**

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कम से कम 800 लोग मारे गए जबकि 2500 से अधिक घायल हुए हैं।

इससें कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सीबीएस न्यूज़ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमे. रिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी है और यह स्थानीय समयानुसार रविवार रात 11:47 बजे आया जिसका केंद्र नांगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से लगभग 27 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आठ किलोमीटर की गहराई में था। इसकी वजह से यह ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है।

भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए जिनमें आज सुबह 5.2 तीव्रता का एक हल्का झटका भी शामिल था जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आ गए। दक्षिण में 350 किलोमीटर से भी जयादा दूर काबुल और इस्लामाबाद तक इसके झटके महसूस किए गए, जहां इमारतें हिल गई थी। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान ने पुष्टि की है कि अधिकांश मौतें कुनार प्रांत में हुई जहां 610 से जयादा लोगों की मौत और 1300 से जयादा लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

नांगरहार में भी कम से कम 12 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है। आपदा क्षेत्र के वीडियो फुटेज में स्थानीय लोगों को अंधेरे में अपने हाथों से ढहे हुए घरों को खोदते हुए, मलबे के नीचे से जीवित बचे लोगों एवं शवों को बाहर निकालते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टरों और एम्बुलेंसों ने घायलों को अस्पतालों तक पहुंचाया जबकि अस्थाई स्ट्रेचरों की मदद से अन्य लोगों को चिकित्सा टीमों तक पहुंचाया जा रहा था।

# पुतिन से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## कहा: संकट में एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

**तियांजिन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा से दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बीच सोमवार को यहां तियांजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत तथा रूस हमेशा कठिन समय में एक दूसरे के साथ खड़े रहे हैं तथा उनकी साझेदारी दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन स्वदेश रवाना होने से पहले मोदी ने तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें सम्मेलन के समापन के बाद पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष के जल्द समाप्त होने की भी उम्मीद जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ संबंधों तथा नियमित संपर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं। इस वर्ष दिसम्बर में हमारे 23 वें शिखर सम्मेलन के लिए 140 करोड़ भारतीय उत्सुकतापूर्वक आपका इंतजार कर रहे हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108